हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 21.03.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 233 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर


### हमले में आईआरजीसी के प्रवक्ता जनरल अली मोहम्मद नैनी की मौत

**तेहरान :** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता जनरल अली मोहम्मद नैनी की शुक्रवार को अमेरिकी-इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। नैनी को हालिया हमले में निशाना बनाया गया था। उन्होंने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। ईरान के सरकारी मीडिया मैहर ने भी उनकी मौत की पुष्टि की है। अल जजीरा और दुनिया के प्रमुख संचार माध्यमों की रिपोर्ट के अनुसार आईआरजीसी के जनसंपर्क विभाग ने कहा कि उसके प्रवक्ता जनरल अली मोहम्मद नैनी एक इजराइली-अमेरिकी मिसाइल हमले में मारे गए हैं। आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि यह युद्ध तब तक जारी रहेगा, जब तक दुश्मन पूरी तरह से थक न जाए। इस बीच और भी खून-खराबा होगा और ईरान-खाड़ी देशों के बीच तनाव बढ़ता जाएगा। ईरानी सरकारी टीवी ने अब से कुछ देर पहले जनरल अली मोहम्मद नैनी की शहादत की घोषणा की है। इसमें इस बात का कोई जिक्र नहीं है कि उनकी मृत्यु किस समय हुई। महत्वपूर्ण यह है कि ताजा हमलों में ईरान पूर्वी तेहरान, करज, केरमान, बंदर लेंगेह बंदरगाह और काशान को निशाना बनाया गया है।

# प्रीमियम पेट्रोल दो और औद्योगिक डीजल 22 रुपये हुआ महंगा, अन्य की दरों में बदलाव नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** तेल विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया है। औद्योगिक उपयोग वाले थोक डीजल की दरें भी करीब 22 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गईं। तेल विपणन कंपनियों ने कीमतों में यह इजाफा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के बाद किया है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में प्रीमियम 95-ऑक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपये से बढ़कर 101.89 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह, दिल्ली में थोक औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपये से बढ़कर 109.59 रुपये प्रति लीटर हो गईं। अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतें गुरुवार, 19 मार्च 2026 को 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, बाद में ये लगभग 108 डॉलर प्रति बैरल पर वापस आ गईं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सामान्य पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि प्रीमियम श्रेणी कुल पेट्रोल बिक्री का केवल दो से चार फीसदी है। सरकार आम आदमी पर कोई मूल्य वृद्धि का बोझ नहीं डालना चाहती है। तेल कंपनियां स्वतंत्र रूप से मूल्य निर्धारण का निर्णय लेती हैं। सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों को विनियमित नहीं करती है।




पेट्रोल और डीजल का मूल्य निर्धारण क्रमशः 2010 और 2014 में विनियमित किया गया था। तब से तेल विपणन कंपनियां कीमतें तय करती हैं। सरकार वैश्विक तेल बाजारों की बारीकी से निगरानी कर रही है। फिलहाल खुदरा ईंधन कीमतें बढ़ाने की कोई तत्काल योजना नहीं है। तेल विपणन कंपनियों से मौजूदा लागत दबाव को अवशोषित करने की उम्मीद है। खुदरा पेट्रोल और डीजल की कीमतें अप्रैल 2022 से स्थिर हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसी कंपनियों ने नुकसान उठाया। जब कच्चे तेल की कीमतें अधिक थीं, तब उन्होंने नुकसान झेला और कम होने पर लाभ कमाया। वित्त वर्ष 2024 में इन कंपनियों ने रिकॉर्ड 81,000 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 88 फीसदी आयात करता है।

डीलरों के माध्यम से प्राप्त जानकारी में कहा गया है, इस ताजा मूल्य वृद्धि का सीधा असर प्रमुख तेल कंपनियों के ब्रांडेड ईंधनों पर देखने को मिला है। इनमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का 'पावर पेट्रोल' और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का 'एक्सपी95' शामिल हैं, जिनकी खुदरा कीमतों में तत्काल प्रभाव से संशोधन किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रीमियम पेट्रोल का उपयोग मुख्य रूप से वाहनों में बेहतर इंजन परफॉरमेंस और अधिक माइलेज प्राप्त करने के उद्देश्य से किया जाता है। भारत में प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में हुई यह बढ़ोतरी वैश्विक स्तर पर बन रहे युद्ध के हालातों का सीधा परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध और तनाव के कारण तेजी से ऊपर जा रही हैं। वैश्विक ईंधन बाजार इस समय भारी अस्थिरता का सामना कर रहा है, जिसका दबाव अब घरेलू बाजार में भी दिखने लगा है।

इसके अतिरिक्त, वैश्विक स्तर पर ईरान संघर्ष को लेकर भी कई घटनाक्रम सामने आ रहे हैं। एक तरफ ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने ईरान के साथ संघर्ष को खारिज करते हुए 53 मिलियन पाउंड की सहायता योजना की घोषणा की है, वहीं दूसरी ओर जर्मनी ने भी ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए डोनाल्ड ट्रंप के दबाव को अस्वीकार कर दिया है। इन सभी अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों ने कच्चे तेल की कीमतों को अस्थिर कर दिया है।

# ईद व सरहुल पर झारखंड पुलिस अलर्ट, 5000 अतिरिक्त बल तैनात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में आज ईद और सरहुल पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह हाई अलर्ट मोड में है। राज्य के सभी 24 जिलों में शांति, सौहार्द और सुरक्षित माहौल बनाए रखने के लिए 5000 से अधिक अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। यह विशेष सुरक्षा व्यवस्था 21 तारीख तक प्रभावी रहेगी। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर संवेदनशील इलाकों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और प्रमुख पूजा स्थलों को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है। जरूरत पड़ने पर संबंधित जिलों के पुलिस लाइन से भी अतिरिक्त जवानों को तुरंत मौके पर भेजने की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी स्थिति से तेजी से निपटा जा सके।

## केंद्रीय सरना समिति ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक पूजा में शामिल होने का निमंत्रण दिया



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को केंद्रीय सरना समिति, रांची के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने आज प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर केंद्रीय सरना स्थल, सिरमटोली, रांची में आयोजित होने वाले पारंपरिक सरहुल पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री को सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, राहुल उरांव, नीमा तिर्की, सुषमा रानी भगत, मुन्ना उरांव, सचिन कच्छप, बबलू उरांव, लक्ष्मी नारायण मुंडा, अमित मुंडा, सुनील टोप्पो, बाबूलाल महली, कमिश्नर मुंडा और विजय कच्छप समेत कई और सदस्य शामिल थे।



## एक नजर

### हजारीबाग में नकली टाटा यूरिया पर बड़ी कार्रवाई

**हजारीबाग** : हजारीबाग में शुक्रवार को पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली ह्यटाटा ऊएऋ(डीजल एग्जॉस्ट फ्लूइड) यूरियाह्ल के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें बताया गया था कि बिना नाम वाले एक प्रतिष्ठान से नकली उत्पादों की सप्लाई की जा रही है। पुलिस टीम ने सुनियोजित तरीके से छापा मारते हुए मौके से भारी मात्रा में संदिग्ध ह्यटाटा ऊएऋ यूरियाह्ल बरामद किया, जिस पर टाटा मोटर्स के ब्रांड लेबल का अवैध उपयोग किया जा रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों द्वारा नकली यूरिया को असली उत्पाद बताकर बाजार में बेचा जा रहा था, जिससे न केवल उपभोक्ताओं को धोखा दिया जा रहा था, बल्कि कंपनी की साख को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा था। जिस स्थान पर छापा मारा गया, वहां किसी प्रकार का आधिकारिक नाम बोर्ड नहीं था, जिससे इस अवैध गतिविधि को छिपाने की कोशिश की जा रही थी। पुलिस ने आम जनता और वाहन चालकों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत डीलरों से ही ऊएऋ(यूरिया) उत्पाद खरीदें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि इस तरह के फजीर्वाड़े पर रोक लगाई जा सके। पुलिस फिलहाल अनुसंधान प्रभावित नहीं हो इसलिए इस गोरखधंधा में संलिप्त में लोगों का नाम और अन्य जानकारी डिस्क्लोज नहीं कर रही है।

### प्रशासन ने महुदी में किया फ्लैग मार्च

**बड़कागांव** : रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से संवेदनशील नजर आ रही है ।शुक्रवार को प्रशासन की टीम एवं भारी संख्या में सशस्त्र पुलिस बल ने महुदी गांव पहुंचकर हालात का जायजा लिया एवं फ्लैग मार्च किया। जिला से आए वरीय पदाधिकारीओं ने स्थानीय प्रशासन से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और सख्ती के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। विवादित महुदी रामनवमी जुलूस मार्ग की भी बारीकी से अवलोकन किया। मौके पर हजारीबाग के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी आनंद शर्मा, प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी शुभम नगर गोजे, बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी पवन कुमार, पुलिस निरीक्षक ललित कुमार, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में अन्य अधिकारी एवं पुलिस के जवान शामिल थें। अधिकारियों ने कहा कि सरकार एवं वरीय पदाधिकारीओं का जो दिशा निर्देश है, उसे पालन करना है। विधि व्यवस्था में किसी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर सख्ती के साथ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आगे कहा कि प्रखंड के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्र में दंडाधिकारी के साथ ,बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान तैनात रहेंगे। क्षेत्र में शांति व्यवस्था 24 घंटा पुलिस की गस्ती होती रहेगी ।

# रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न सामाजिक समरसता के साथ त्योहार मनाने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन में रामनवमी महापर्व को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता संतोष कुमार जबकि संचालन बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने किया। बैठक में ए. एस.पी अमित कुमार, भू - अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती, सी.एस अशोक कुमार सिंह, जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, एसडीओ जोहन टुड्डू, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, एल.आर. डी.सी अजय अजय भगत, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष भगवान केशरी एवं विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में बरही अनुमंडल समेत इचाक प्रखंड से विभिन्न समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस दौरान सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। बैठक में मौजूद लोगों ने बारी - बारी से अपनी समस्याओं से अधिकारियों से अवगत कराया। इस दौरान रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष भगवान केशरी एवं महासचिव रितेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से जिला अपर समाहर्ता पदाधिकारी को 11 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम ने कहा कि बरही में हरेक पर्व अमन व शांति के साथ मनाया जाता है, हमलोग एक दूसरे का पर्व मिलजुलकर मनाते है, साथ ही उन्होंने कहा कि हजारीबाग का रामनवमी विश्व में विख्यात है। इसकी गरिमा बनाया रखना हम सभी का कर्तव्य है। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर रामनवमी मनाया जाता है। हम सब मिलकर इस पर्व को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएंगे। रामनवमी महासमिति अध्यक्ष भगवान केशरी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। ए.एस.पी अमित कुमार ने रामनवमी महापर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की, साथ ही उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी के द्वारा सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाने की कोशिश की तो उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला अपर समाहर्ता पदाधिकारी संतोष कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए मेला के दौरान होने वाली हर मूलभूत सुविधाओं को प्रशासन द्वारा मुहैया कराने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरही में एक नियंत्रण कक्ष बनाया जाएगा, और महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मी की तैनाती की जाएगी। बैठक में पदमा बीडीओ निधि राजवार, बरही प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, बरही अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व जिप सदस्य अर्जुन साहू, आजसू नेता राजसिंह चौहान, सांसद प्रतिनिधि मणिलाल यादव, बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, कांग्रेस नेता मो तौकीर, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सहदेव यादव एवं सुरेंद्र रजक समेत अनुमंडल क्षेत्र के अधिकारी मौजूद थे।

## रामनवमी संरक्षण समिति ने उपायुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन, हजारीबाग पुलिस , श्री श्री चैत्र रामनवमी महासमिति, रामनवमी संरक्षण समिति सद्भावना विकास मंच सहित अन्य सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने अपने स्तर से तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में हजारीबाग की रामनवमी के सफल संचालन में अपनी महत्ती भूमिका निभाने वाले रामनवमी संरक्षण समिति ने भी अपनी ओर से तैयारी शुरू कर दी है जिसको लेकर रामनवमी संरक्षण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान संरक्षक विजयानंद दास , राजेश गोप, राजकुमार गोप , ओमप्रकाश गोप, मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार सिन्हा ने हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किया । इस दौरान सबों ने एक स्वर में उपायुक्त को आश्वस्त कराते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी संरक्षण समिति अपने दायित्वों के प्रति संकल्पित होते हुए रामनवमी जुलूस के सफल संचालन में अपनी महत्ती भूमिका निभाते हुए नशा मुक्त रामनवमी के लिए लोगों को प्रेरित करेगा ।

## हजारीबाग यूथ विंग की पहल : रक्तदान शिविर के लिए प्रशासन को आमंत्रण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : समाज सेवा की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 13 अप्रैल को शहर के लक्ष्मी सिनेमा हॉल सभागार में आयोजित होने वाले भव्य रक्तदान शिविर की तैयारियों को तेज कर दिया गया है। इस महाअभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें औपचारिक आमंत्रण सौंपा। इस क्रम में प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, उप विकास आयुक्त रिया सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडे तथा विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चन्द्र भूषण शर्मा से मुलाकात कर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। अधिकारियों ने इस सामाजिक पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से भी भेंट कर उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। विधायक ने कहा कि रक्तदान महादान है और इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस पुनीत कार्य को सफल बनाने की अपील की। आयोजन में हजारीबाग पुलिस विभाग का विशेष सहयोग मिल रहा है। रक्त संग्रह की प्रक्रिया रेड क्रॉस सोसाइटी एवं सदर अस्पताल, हजारीबाग की संयुक्त टीम द्वारा किया जाएगा। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सभी रक्तदाताओं को हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। संस्था ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस मानवीय कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, क्योंकि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है।

## आयुष विभाग द्वारा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : आयुष विभाग के तत्वावधान में पंचकर्म केंद्र, हजारीबाग में एक भव्य प्रखंड स्तरीय आयुष जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर समाज के कमजोर, दिव्यांग एवं जरूरतमंद वर्गों को स्वास्थ्य सुविधा एवं आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हजारीबाग के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने आयुष विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के दौरान अपंग, असक्त एवं दिव्यांग लोगों के बीच वॉकर, स्टिक, बैसाखी, कमर बेल्ट सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। इसके साथ ही मरीजों को होमियोपैथिक एवं आयुर्वेदिक दवाइयां भी दी गईं। इस पहल से कई जरूरतमंद लोगों को राहत मिली और उनके जीवन को सुगम बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में आयुष विभाग हजारीबाग के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. आनंद शाही ने विधायक प्रदीप प्रसाद का माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया।

## बैकयार्ड कुक्कुट पालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : आई.ए.आर.आई, झारखंड में शुक्रवार को वैज्ञानिक विधि से बैकयार्ड कुक्कुट पालन पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन किया गया।।जिसका उद्देश्य घर के अहाते में कुक्कुट पालन को बढ़वा देना और आजीविका विविधीकरण के माध्यम से अनुसूचित जाति के लोगों को सशक्त बनाना है। अनुसूचित जाति उपयोजना (एस.सी.एस.पी) पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में तातिझारिया, चौपारण और बरही ब्लॉक प्रखंड के अंतर्गत कई गांवों के 30 उत्साही प्रतिभागियों को प्रक्षिक्षण दिया गया।

समापन समारोह अपरहण 4:00 बजे से शुरू हुआ, जिसमें संसथान के परिसर प्रभारी डॉ. महंता ने औपचारिक रूप से प्रशिक्षण का समापन प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित्त कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में, मुर्गी पालको के उत्पादन, उनके रख रखाव तथा उनसे होने वाली आमदनी को कैसे बढ़ाया जा सके, उसके बारे में बताया । उन्होंने ग्रामीण किसानों को कुक्कुट पालन से उत्पादन खाद्य पदार्थ से होने वाली अधिक आमदनी के बारे में बताया तथा बाजार जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधान वैज्ञानिक विशाल नाथ ने भी किसानों को भी बताया कि कैसे मुर्गियों की संख्या में वृद्धि किया जा सकता हैं तथा आय में कैसे वृद्धि कर सकते हैं ।

# राज्यपाल को राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने सभी वाहन सम्बंधित टैक्स के मनमानी को लेकर सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : भारतीय आजाद सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने झारखंड राज्य के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर टैक्स से संबंधित एक ज्ञापन सौंपाकर अवगत करते हुए कहा है किस भी बड़ी छोटी वहां के रोड टैक्स , टोल टैक्स एवं डीजल पेट्रोल टैक्स , ग्रीन टैक्स जीएसटी एवं आरटीओ में मनमानी की जा रही है ।उन्होंने पत्र में लिखा है कि आज के समय में सबसे ज्यादा कर केंद्र और राज्य सरकार को बड़ी छोटी वाहनों के मालिकों को ही चुकानी पड़ रही है ।जैसे टोल टैक्स एक तरह से सड़क प्रयोग करने का शुल्क है ।और हर बार जब आप सड़क का प्रयोग करते हैं तो आपको टोल टैक्स देना पड़ता है। टोल टैक्स प्रति किलोमीटर के हिसाब से लिया जाता है ।टोल टैक्स की दर हर 6 महीने में बढ़ती जाती है। रोड टैक्स जब नया वाहन खरीदने हैं और उसका पंजीकरण करवाते हैं तो वहां की कीमत के प्रतिशत के हिसाब से लिया जाता है ।यानी जितना महंगा वहां उतना अधिक रोड टैक्स या रोड टैक्स छोटी गाड़ियों के लिए 15 साल के लिए लिया जाता है ।और पुणः 15 साल के बाद दोबारा पंजीकरण करवाने के लिए रोड टैक्स और ग्रीन टैक्स भी देना पड़ता है ।और बड़ी गाड़ियों के लिए जैसे बस , ट्रक , ट्रेलर , हाईवे जैसी गाड़ियों के लिए प्रति 3 महीनों में रोक टैक्स लिया जाता है ।रोड टैक्स भी सड़क का प्रयोग करने के लिए होता है ।यह दोबारा क्यों और डीजल पेट्रोल लेने के समय भी वैट और शेष टैक्स के रूप में वाहन मालिकों को देना पड़ता है। डीजल पेट्रोल भी सड़क का प्रयोग करने के लिए ही होता है ।गाड़ी रजिस्ट्रेशन करने में मुख्य रूप से रोड टैक्स सबसे प्रमुख टैक्स है जो राज्य सरकार द्वारा लिया जाता है ।इसके अलावा गाड़ी की कीमत पर जीएसटी आमतौर पर 28 प्रतिशत तक , रजिस्ट्रेशन फीस, हाइपोथैकेशन शुल्क और फास्ट्रेक शुल्क शामिल होते हैं ।उन्होंने अवगत कराया है कि रोड टैक्स वाहन की एक्स शोरूम कीमत पर राज्यवार 3% से 15% तक लगता है ।केंद्र सरकार का टैक्स जो कारों पर 28% और साथ में 1% से 22% तकशेष लग सकता है ।पंजीकरण शुल्क आरटीओ द्वारा आरसी जारी करने की सरकारी फीस है ।ग्रीन टैक्स पुराने वाहनों 15 वर्ष से अधिक के रिन्यूअल के समय लागू हाइपोथैकेशन लोन पर गाड़ी लेने पर बैंक का नाम आरसी में जुड़वाने का शुल्क , वही इलेक्ट्रिक वाहनों पर पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लगती है ।सड़क बनाने समय हमसे जब रोड टैक्स लिया गया हर साधन का हमने रोड टैक्स दिया रोड टैक्स के बाद फिर टोल टैक्स हमसे लिया जाता है ।टोल टैक्सकिस चीज का लिया जाता है केवल और केवल कमर्शियल एक्टिविटी का टोल टैक्सलिया जाता है आरटीओ का जंगल रात चल रहा है कोई भी व्यापारिक ट्रक दिखाई दे कोई भी व्यापारिक टैक्सी दिखाई दे कोई भी पीली प्लेट वाली गाड़ी दिखाई दे या कोई भी विक्कल सड़क के ऊपर दिखाई दे उससे हफ्ता वसूली की जा रही है अवैध वसूली चल रही है. इस कारण आम जनता को महंगाई का दांत झेलना पड़ रहा है उन्होंने अपील किया है की छोटी बड़ी गाड़ियों में रोड टैक्स टोल टैक्स या डीजल पेट्रोल टैक्स किन्हीं एक टेक्स को ही लागू किया जाए अगर डीजल पेट्रोल में टैक्स लिया जाता है तो रोक टैक्स और टोल टैक्स को समाप्त किया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### अब्दुल कलाम पार्क बनेगा इको-फ्रेंडली, विधायक मनोज कुमार ने किया निरीक्षण



**बरही** : बरही प्रखंड मैदान स्थित अब्दुल कलाम पार्क को इको-फ्रेंडली और आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाने की दिशा में कार्य तेजी से चल रहा है। शुक्रवार को बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने पार्क में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने संवेदक को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब्दुल कलाम पार्क को सुसज्जित तरीके से पुनर्निर्मित किया जा रहा है, ताकि बरही क्षेत्र के लोग बेहतर सुविधाओं के साथ पार्क का लाभ उठा सकें। विधायक श्री यादव ने बताया कि पार्क में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए जाएंगे। साथ ही लोगों के लिए रनिंग ट्रैक का भी निर्माण कराया जाएगा। इससे बच्चों के साथ-साथ सुबह टहलने आने वाले लोगों को भी सुविधा मिलेगी ।मौके पर मौजूद लोगों ने भी पार्क के विकास कार्य को लेकर अपनी राय रखी, जिस पर विधायक ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। मौके पर संजय दुबे, अनुज पंडित, टिंकू आलम, विधायक के निजी सचिव भूपेंद्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### श्री श्री 1008 राम चरित्र मानस नवाह पारायण सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली कलशयात्रा



**बरही** : प्रखंड के करियातपुर में शुक्रवार को श्री श्री 1008 राम चरित्र मानस नवाह पारायण सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर सैकड़ों कन्याओं सहित सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे कलश लेकर एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में भव्य कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा गाजे बाजे के साथ जय श्री राम जय बजरंग बली की जयघोष के साथ यज्ञ स्थल से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना के बाद नगर क्षेत्र भ्रमण करते हुए बरसोती नदी तट पर पूरे विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर कलश में जल भर पुनः यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप ज़िप उपाध्यक्ष किसुन यादव, अल्पसंख्यक कल्याण समिति अध्यक्ष मो क्युम, मुखिया मनोज कुमार, मुखिया मोतीलाल चौधरी सहित कई लोग शामिल हुए ।आयोजन समिति एवं ग्रामीणों के अनुसार महायज्ञ 20 मार्च से प्रारंभ हो रहे। इस महायज्ञ में क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है ।ध्वजारोहण के बाद से ही करियातपुर में भक्ति का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और सभी लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के बाखूबी निर्वहन करने में जुटे हुए हैं। कलशयात्रा में आयोजन कमिटी के अध्यक्ष बिरजू ठाकुर,सचिव मुकेश केशरी,कोषाध्यक्ष सुनिल केशरी, संतोष प्रजापति, राहुल प्रजापति, संतोष केशरी, टींकू भगत, रामजी रविदास रामकुमार दास सहित कई लोग शामिल हुए।

### महुदी विवाद मामले को लेकर हिंदू महासंगठन के द्वारा महापंचायत का आयोजन



**बड़कागांव** : प्रखंड के शिवाडीह खेल मैदान में हिंदू महासंगठन कर्णपुरा क्षेत्र के बैनर तले महुदी रामनवमी जुलूस मामले को लेकर महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में अलग-अलग क्षेत्र से सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए। महापंचायत की अध्यक्षता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो व संचालन विकास कुमार कुशवाहा ने किया। मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि देश आजादी के समय भारत में 93 हिंदू थे, लेकिन आज वर्तमान में हम लोग मात्र 63 ही रह गए है, जो हम हिंदुओं के लिए सोचने की विषय है। वर्तमान राज्य सरकार तुष्टिकरण की राजनीति और वोट बनाने की राजनीति में व्यस्त है। यह सरकार अल्पसंख्यकों की वोट पाने की राजनीति करती है। हिंदू महासंगठन को संबोधित करते हुए बड़कागांव विधानसभा विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि रामनवमी का जुलूस महुदी से नहीं निकलना यह दुर्भाग्य की बात है। आगे उन्होंने कहा कि मैं हिंदू महासंगठन के साथ हमेशा खड़ा हूं। सनातनियों को एक होने की जरूरत है। राज्य में वर्तमान हेमंत की सरकार हिंदू विरोधी सरकार है, इस सरकार में हम हिंदू सुरक्षित नहीं हैं।

### हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने 170 अखाड़े के बीच दंड (लाठी) का वितरण किया

**हजारीबाग** : लोकसभा क्षेत्र में रामनवमी की ऐतिहासिक परंपरा को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सांसद दंड (लाठी) वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांसद कार्यालय में बड़कागांव मंडल के 75 अखाड़ों एवं नयाटांड़ में 95 अखाड़े कल 170 अखाड़े के बीच दंड ( लाठी )वितरित किए गए। कार्यक्रम की बड़कागांव में संचालक मंडल अध्यक्ष शिव शंकर मेहता उर्फ शिबू एवं नयाटांड़ में मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने अध्यक्षता की। मौके पर मनीष जायसवाल ने कहा कि हमें सनातन धर्म की परंपरा अपने धरोहर को बचाना है। आजादी के बाद से बहुत परिवर्तन हो गया है हिंदू सिमटते जा रहे हैं, यह बहुत बड़ा गंभीर विषय है इसे हम सभी सनातनियों को गंभीरता से समझने की जरूरत है।

## आंधी-ओलावृष्टि के खतरे के बीच आपदा विभाग हाई अलर्ट पर, मंत्री खुद कर रहे मॉनिटरिंग

# आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह सतर्क, हर स्थिति से निपटने को तैयार : इरफान अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मौसम विभाग द्वारा राज्य के कई जिलों, विशेषकर रांची, गुमला और खूंटी समेत पूरे झारखंड में तेज आंधी, ओलावृष्टि और वज्रपात की आशंका जताए जाने के बाद राज्य में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। संभावित प्राकृतिक आपदा को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है।

राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं राज्य के सभी उपायुक्तों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि सभी अधिकारी पूरी तरह सतर्क रहें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हर समय तैयार रहें। मंत्री ने निर्देश दिया है कि जिलों में त्वरित प्रतिक्रिया दल सक्रिय रहें, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि या नुकसान को रोका जा सके। डॉ. अंसारी स्वयं



इस पूरे मामले की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं और विभागीय स्तर पर हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम जनता की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी परिस्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि मौसम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें तथा सुरक्षित स्थानों पर रहें। आपदा प्रबंधन विभाग ने भरोसा दिलाया है कि हर परिस्थिति से निपटने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है और राज्य में कहीं भी किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जाएगा।

## एक नजर

### रांची यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज में नामांकन पर हाई कोर्ट की रोक

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित लॉ कॉलेज इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में अगले सत्र से नामांकन पर झारखंड उच्च न्यायालय ने अगले आदेश तक रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत ने पारित किया। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष यह तथ्य आया कि संस्थान में बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के नियमों के अनुरूप बुनियादी सुविधाओं की कमी है। इनमें लाइब्रेरी, योग्य प्रिंसिपल और कोर फैकल्टी का अभाव प्रमुख रूप से शामिल है। इस संबंध में अंबेश कुमार चौबे और अन्य की ओर से याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया कि संस्थान की लापरवाही के कारण 418 विद्यार्थियों का भविष्य संकट में पड़ गया है। बीसीआई ने अक्टूबर 2025 में संस्थान को ईमेल के माध्यम से निर्देश दिया था कि छह माह के भीतर सभी कमियों को दूर किया जाए, अन्यथा आगे की संबद्धता नहीं दी जाएगी। बावजूद इसके संस्थान ने आवश्यक सुधार नहीं किए। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अनूप कुमार अग्रवाल ने अदालत में पक्ष रखा। बताया गया कि यह संस्थान सरकार के निर्देश के तहत स्व-वित्त पोषित है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने फिलहाल नए नामांकन पर रोक लगाते हुए संस्थान को कमियों को दूर करने का आदेश दिया है।

### झारखंड कांग्रेस ने योगेन्द्र साव को 3 साल के लिए पार्टी से किया निष्कासित

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी (अनुशासन समिति) द्वारा संगठनात्मक अनुशासन को बनाए रखने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस बात की जानकारी देते हुए मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने बताया कि समिति के संज्ञान में यह बात आई कि योगेन्द्र साव द्वारा लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से वर्तमान गठबंधन सरकार एवं मुख्यमंत्री के विरुद्ध आपत्तिजनक एवं अनुशासनहीन टिप्पणियां की जा रही थीं। हाल ही में फेसबुक लाइव के माध्यम से भी उन्होंने सरकार के खिलाफ अनुचित बयान दिए। अनुशासन समिति ने इस आचरण को पार्टी की छवि के प्रतिकूल एवं संगठनात्मक नियमों का उल्लंघन मानते हुए गंभीरता से लिया। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान गठबंधन सरकार में कांग्रेस पार्टी की भागीदारी है, ऐसे में इस प्रकार के सार्वजनिक वक्तव्य पार्टी की मर्यादा के विरुद्ध हैं। उक्त कृत्य को कांग्रेस पार्टी के अनुशासनात्मक नियमों की धारा-04 (क), (ख) एवं (ड़) का उल्लंघन मानते हुए, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने निर्णय लिया है कि योगेन्द्र साव को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 03 वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है।

### सीआरपीएफ के मिनी ट्रक पर गिरा बिजली का पोल ड्राइवर घायल

**रांची :** राजधानी रांची के एचईसी के सेक्टर 2 में हादसा हुआ है। सड़क किनारे खड़ा सीआरपीएफ के मिनी ट्रक पर बिजली पोल गिर गया। जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया है। घायल व्यक्ति सीआरपीएफ का ड्राइवर है। घायल ड्राइवर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले को लेकर जगन्नाथपुर थाना प्रभारी ने बताया कि अभी मामले की जानकारी मिली है। पुलिस घटनास्थल पर गई है। बताया कि पोल कल आंधी के कारण झुक गया था। इसी कारण बिजली का पोल गिर गया।

## एसबीयू में मना सरहुल पर्व



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लिनिकल टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में प्रकृति पर्व सरहुल हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी, प्राचार्या डॉ. सुबानी बाड़ा एवं उप-प्राचार्या मीनल श्वेता सहित नर्सिंग फैकल्टी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अवसर पर छात्रा प्रिया महतो ने सरहुल पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्या ने अपने संबोधन में सरहुल पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का पर्व बताया। प्रशासक आशुतोष द्विवेदी ने सरहुल को आदिवासी समुदाय का प्रमुख प्रकृति पर्व बताते हुए कहा कि यह तीन दिनों तक मनाया जाने वाला त्योहार है, जो नए वर्ष के आगमन का प्रतीक है। वहीं, डीन (प्लानिंग एंड डेवलपमेंट) डॉ. विजय कुमार सिंह ने भी सरहुल के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सरहुल नृत्य प्रस्तुत किया गया। उप-प्राचार्य मीनल श्वेता ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी के योगदान की सराहना की।

## जलवायु परिवर्तन व जनकल्याण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बगइचा सोशल सेंटर में "जलवायु परिवर्तन, सार्वजनिक संसाधनों के निजीकरण और जन कल्याण" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम खनन नेटवर्क में न्याय, आजादी बचाओ आंदोलन और प्रकृति एवं जन रक्षा अभियान के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न हुआ। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं, विशेषज्ञों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अर्ज फाउंडेशन और उसकी शाखा ACCBA से राज्य प्रमुख रंजीत मिश्रा, जिला समन्वयक आर. डी. पांडेय तथा सामुदायिक समन्वयक सुधीर, आरती, अंजू, कृष्णा सेन गुप्ता, नीलू, किरण, सानिया और मेहनाज उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में रंजीत मिश्रा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह सीधे तौर पर आम जनता के जीवन, आजीविका और भविष्य से जुड़ा हुआ है। सार्वजनिक संसाधनों के बढ़ते निजीकरण से समाज के कमजोर वर्गों पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे समय में हमें मिलकर जनहित में नीतियों की मांग करनी होगी और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए एकजुट होना होगा।

सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में जलवायु संकट, खनन क्षेत्रों की समस्याओं, संसाधनों के निजीकरण और जन अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## 'हैक टू द फ्यूचर': झारखंड के युवाओं ने दिखाई इनोवेशन और स्किल की ताकत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** क्वेस्ट एलायंस ने झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के सहयोग से रांची में राज्य-स्तरीय कार्यक्रम 'हैक टू द फ्यूचर' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छात्र, शिक्षक, सरकारी अधिकारी और आम नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान, शिक्षा के क्षेत्र में इनोवेशन और भविष्य की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 35 विद्यार्थी, 12 शिक्षक, 30 एनजीओ प्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी तथा अन्य हितधारक शामिल थे। प्रतिभागी रामगढ़, दुमका और देवघर जिलों से आए थे, जिन्होंने शिक्षा में नवाचार, भविष्य की तैयारी और प्रणालीगत परिवर्तन पर विचार-विमर्श किया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोटोटाइप की



लाइव प्रदर्शनी थी। इसमें छात्रों ने अपने आइडिया पेश किए और हितधारक समूह से सीधी बातचीत की। इन प्रोटोटाइप में 'स्मार्ट एग्रीकल्चर रिकमेंडेशन सिस्टम' और 'स्मार्ट ड्रिप इरिगेशन सिस्टम' जैसे समाधान भी थे।

इससे किसानों को फसल से जुड़े फैसले लेने और पानी का सही इस्तेमाल करने में मदद मिलती है। ऐसे ही एक समाधान- 'वॉटर बॉडी क्लीनिंग रोबोट' ने स्थानीय प्रदूषण की समस्या से निपटने का काम किया। स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए किशोरियों के लिए एक 'एआई-आधारित हेल्थ मॉनिटरिंग बॉक्स' और जानवरों से फसलों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए एक 'वाइल्ड वाच डिफेंस सिस्टम' भी पेश किया गया। झारखंड के स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अविनव कुमार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, कक्षा 12 में केवल 11.92 प्रतिशत छात्र विज्ञान चुनते हैं, जो एसटीईईएम में छात्रों की भागीदारी को मजबूत करने की जरूरत को रेखांकित करता है। उन्होंने प्रौद्योगिकी एकीकरण के लिए शिक्षकों की तैयारी को मजबूत करने पर जोर दिया और बताया कि तकनीकी कौशल के साथ-साथ सहयोग, संचार और लचीलापन जैसी सामाजिक-भावनात्मक क्षमताएं भविष्य के लिए आवश्यक हैं।

### प्रभात फेरी और नुक्कड़ नाटक कर चलाया जागरूकता अभियान

**रांची :** विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय रांची में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी एनसीडी सीमा गुप्ता के नेतृत्व में चिकित्सकों, गैर संचारी रोग टीम और एएनएमटीसी की छात्राओं ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को दांत और मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। प्रभात फेरी के दौरान स्लोगन और संदेशों के माध्यम से लोगों को नियमित दांतों की सफाई, संतुलित आहार और समय-समय पर दांत जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में वरीय दंत शल्य चिकित्सक उषा सिंह, जिला दंत चिकित्सक रोहित, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह और जिला एनसीडी कोषांग रांची के कर्मियों के साथ एएनएम स्कूल की छात्राएं शामिल हुईं।

## झारखंड स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट एकेडमी का प्रथम वार्षिक कॉन्क्लेव रांची में संपन्न

# राज्य की युवा शक्ति सबसे बड़ी पूंजी : प्रधान सचिव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत स्थापित झारखंड स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट एकेडमी द्वारा अपनी स्थापना की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शुक्रवार को होटल बीएनआर चाणक्य, रांची में प्रथम वार्षिक कॉन्क्लेव का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, उद्योग विशेषज्ञ, राज्य के राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, नीति-निर्माता तथा विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण शामिल हुए। साथ ही JSFDA के ज्ञान साझेदार संस्थानों के प्रतिनिधियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधान सचिव, उच्च एवं




तकनीकी शिक्षा विभाग-सह-अध्यक्ष राहुल कुमार पुरवार ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड की युवा शक्ति राज्य की सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे सही दिशा और कौशल से सशक्त करना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे केवल ज्ञान प्रदाता ही नहीं, बल्कि मार्गदर्शक एवं राष्ट्रनिमार्ता की भूमिका निभाएं।

मुख्य अतिथि एवं प्रख्यात शिक्षाविद् पी. कंडास्वामी ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली एवं तकनीक से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने JSFDA द्वारा अल्प समय में जेंडर सेंसिटाइजेशन, मानसिक शांति, भाषाई विकास एवं लेखन कौशल जैसे विषयों पर आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम्स की सराहना करते हुए इनके विस्तार की आवश्यकता जताई। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के अनुरूप सक्षम बनाने का आह्वान किया।

कॉन्क्लेव के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग तथा शिक्षकों को नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित करने जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। पहले सत्र में NEP 2020 के जमीनी क्रियान्वयन पर चर्चा हुई, जबकि दूसरे सत्र में यह स्पष्ट किया गया कि अक शिक्षकों का विकल्प नहीं, बल्कि सहयोगी उपकरण है। तीसरे सत्र में शिक्षकों के नेतृत्व कौशल के विकास पर जोर दिया गया।

विशेषज्ञों ने झारखंड की जैव विविधता एवं खनिज संपदा को उद्यमिता के अवसरों से जोड़ने की आवश्यकता बताई। साथ ही डिजिटल अवसंरचना को मजबूत करने, शोध एवं प्रकाशन में मार्गदर्शन देने तथा छात्र परामर्श प्रणाली को सुदृढ़ करने के सुझाव भी दिए गए।

समापन सत्र में JSFDA द्वारा आयोजित लोगो डिजाइन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। राजकीय महिला पॉलिटेकनिक, रांची की छात्रा श्रुति सोनी को प्रथम पुरस्कार (₹25,000) तथा मारवाड़ी कॉलेज की छात्रा अंशिका चौधरी को द्वितीय पुरस्कार (₹20,000) प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में माननीय राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव ने शिक्षकों से बदलते समय के अनुरूप स्वयं को निरंतर विकसित करने का आह्वान किया तथा JSFDA को प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण शोध और पाठ्यक्रम अद्यतन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

यह कॉन्क्लेव झारखंड में उच्च शिक्षा को अधिक प्रभावी, समावेशी एवं भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री से सरना पूजा समिति ने की भेंट सरहुल महोत्सव में शामिल होने का दिया आमंत्रण



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सरना पूजा समिति, डहूटोली, हातमा, रांची के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर आज आयोजित होने वाले सरहुल पूजा महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण पत्र दिया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में समिति के अध्यक्ष विश्वास उरांव, कमल मुंडा, रोहन कच्छप, आशुतोष गोस्वामी, सुधीर मिंज और बसंत टोप्पो शामिल थे।

### सीसीएल जन आरोग्य केन्द्र गांधीनगर द्वारा नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**रांची :** सीसीएल जन आरोग्य केन्द्र गांधीनगर द्वारा नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन शुक्रवार को एदलहातु बस्ती, रांची में किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञों डॉक्टरो ने 157 लोगों की नि:शुल्क जांच की और डॉक्टरी सलाह दिया। शिविर में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन एवं सभी बीमारियों का नि:शुल्क जांच किया गया और सभी को नि:शुल्क दवा भी दिया गया। ज्ञात हो कि सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर अपने हितधारकों के विभिन्न बीमारियों के उपचार से सम्बंधित इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता है जिससे हितधारकों को गुणवत्तापूर्वक चिकित्सा मिल सके। शिविर के सफल आयोजन में डॉ भरत सिंह सीएमओ इंचार्ज गांधीनगर, डॉ प्रीति तिग्गा, सी एम ओ, सी एस आर, इंचार्ज, डॉ अनिता होरो, डॉ आशिमा तिग्गा, डॉ स्वाति, डॉ शिखा, डॉ शिल्पी झा, डॉ मेघा, मुन्ना कुमार सिंह, एवम सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### नीरोग रहने के लिए योग जरूरी : रणधीर



**सिल्ली:** सिल्ली बढ़ते रोग और समसामयिक घटना क्रम को देखते हुए आज आधुनिक युग में योग विज्ञान अति आवश्यक हो गया है, जिस प्रकार शरीर को भोजन,पानी व ऑक्सीजन की आवश्यकता है,उसी प्रकार स्वस्थ रहने के लिए योग विज्ञान महत्वपूर्ण है.. उक्त बातें शुक्रवार को बुद्धा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल हेल्थ एनवायरमेंटल एंड वेलफेयर एड्स सोसायटी के सचिव रणधीर कौशिक ने मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आईडीवायी 2026 नेशनल योग दिवस काउंट डाउन कार्यक्रम के आयोजन के दौरान टाटी सिलवे रांची में कही। योग कार्यक्रम के दौरान हजारों छात्र छात्राएं, महिला व पुरुष भाग लिए। मुख्य प्रशिक्षक भवानी कुमार, निधि कुमारी, रोहित यादव और राहुल कुमार ने प्रतिभागियों को योग विज्ञान के बारें में जानकारी दी। प्रशिक्षकों के द्वारा कमर दर्द और मोटापा कम करने के लिए उपयुक्त व्यायाम को दिखाकर छात्रों को सिखाया गया साथ ही जिनको कमर दर्द से परेशानी थी उन्हें लाभ भी मिला एवं तत्काल ठीक किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न रोगों से मुक्ति पाने के लिए विभिन्न प्रकार के योग बताया गया और कहा गया कि योग को अपनाएं और निरोग रहे। कार्यक्रम समापन के बाद सभी प्रतिभागियों को पौष्टिक आहार दिया गया। योग कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्वास संस्था के अध्यक्ष जयंत कुमार,सुधीर राव, समाजसेवी दीपांकर, गोविनदर कुमार सिंह, विपुल राय, राहुल भद्रा, लंकेश्वर लोहार, महादेव मुंडा, नकुल बड़ाईक, प्रतिमा देवी, सुषमा, प्रीति,प्रिया, अंजली, रेखा, उषा समेत विद्यालय परिवार के कई लोग मौजूद थे।

### मुरी कशीडीह महिला समिति के द्वारा तीन दिवसीय श्रीराम चरित मानस पाठ का आयोजन



**सिल्ली :** मुरी कशीडीह महिला समिति के द्वारा तीन दिवसीय श्रीराम चरित मानस पाठ का आयोजन शुक्रवार को कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ। वही सुबह महिलाओं ने मुरी स्वर्ण रेखा नदी में स्नान कर पुरोहित के द्वारा मंत्रो उच्चारण कर कलश लेकर राम मंदिर तुलसी पोखर पहुंची जहां कलश स्थापना किया। दुसरी ओर मंदिर में भगवान राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण का मूर्ति स्थापना किया गया और संध्या में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने भगवान की आरती किया एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना किया। पहला दिन रामचरित मानस पाठ पार्वती देवी के द्वारा कथा वचन सुनाया गया, दूसरा दिन रेखा देवी के द्वारा प्रवचन किया जायेगा। तीसरे अंतिम दिन पश्चिम बंगाल के कोलकाता से कलाकारों के द्वारा जागरण प्रस्तुत किया जाएगा।

### झारखंड स्टेट बार काउंसिल चुनाव : पहले दिन की मतगणना पूरी

**रांची :** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के पंचवर्षीय चुनाव में कुल 23 पदों के लिए मतगणना का पहला दिन पूरा हो गया। मुख्य चुनाव अधिकारी जस्टिस अंबुज नाथ ने बताया कि आज बरही एवं बोकारो की मतगणना हुई। प्रथम वरीयता वोट की आज काउंटिंग हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोकारो में 832 वैध मत पाए गए, वहीं बरही में 38 वोट वैध पाए गए। उन्होंने बताया कि बोकारो में 20 मत अवैध पाए गए। मतगणना नियम के तहत एक वोट की वैल्यू 100 मानी जाती है। 2 दिन की अवकाश के बाद अब 23 मार्च से मतगणना शुरू होगी। उस दिन सबसे पहले मतगणना बुंडू से शुरू होगी। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के डोरंडा कार्यालय में मतगणना हुई। मतगणना का कार्य संपन्न कराने के लिए झारखंड विधानसभा से 13 कर्मियों की टीम मतगणना कार्य में लगाया।

### एक नजर

## खसरा के प्रकोप से ग्रामीणों में दहशत माहौल

**मरकच्चो** : प्रखण्ड के राजाराय डीह गांव में मिजिल्स (खसरा) के प्रकोप से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गांव में 1 आनंद कुमार राणा उम्र 13 साल 2 आनंदी कुमारी उम्र 12 साल दोनों के पिता अमित कुमार राणा। 3 कंचन कुमारी उम्र 25 वर्ष पति आनंद राणा 4 राखी कुमारी 19 वर्ष पिता लक्ष्मण राणा समेत दर्जनों बड़े छोटे लोग प्रभावित हैं। गांव में कई बच्चों और बड़े मैं बुखार शरीर पर लाल चकते खांसी एवं आंख लाल होने के लक्षण पाए गए हैं, जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गई है। जानकारी के अनुसार प्रभावित बच्चों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है और गंभीर मामलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इस संबंध में सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मोनिका मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम राजाराय डीह गांव भेज दी गई है, तथा संदिग्ध मरीजों की पहचान की जा रही है।

## जयनगर थाना हाजत में व्यक्ति ने लगाई फांसी, मौत

**कोडरमा** : जिले के जयनगर थाना में पुलिस हिरासत के दौरान एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान परसाबाद के कटिया गांव निवासी 40 वर्षीय विजय यादव (पिता स्व. बंधन महतो) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, विजय यादव को उसकी पत्नी चमेली देवी की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया था। पत्नी ने आरोप लगाया था कि विजय अक्सर शराब के नशे में उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और दुर्व्यवहार करता था। बीती रात भी इसी तरह के विवाद के बाद वह जान बचाकर परसाबाद पिकेट पहुंची और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। शिकायत के बाद परसाबाद पिकेट प्रभारी प्रमोद सिंह पुलिस बल के साथ कटिया गांव पहुंचे और विजय यादव को हिरासत में लेकर जयनगर थाना ले आए।

### ईद, सरहुल और रामनवमी से पहले पतरातू अनुमंडल में कड़ी सुरक्षा

# पुलिस का फ्लैग मार्च, सीसीटीवी ड्रोन निगरानी व सख्ती के संकेत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरकाकाना (रामगढ़)** : आगामी ईद, सरहुल और रामनवमी को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से पतरातू पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस द्वारा विभिन्न इलाकों में पैदल एवं वाहन से फ्लैग मार्च निकाला गया, जिससे आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ।

फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ सह एएसपी गौरव गोस्वामी ने किया। इस दौरान पुलिस बल ने बरकाकाना, भुरकुंडा, पतरातू, बासल और भदानीनगर सहित प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थलों का भ्रमण किया। पुलिस टीम ने लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील की।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही आयोजन स्थलों पर स्वयंसेवकों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया जा रहा है। ड्रोन के माध्यम से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और जुलूस मार्गों पर नजर रखी जाएगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने, हुड़दंग करने या नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

फ्लैग मार्च में सर्किल इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, उपेंद्र कुमार, अख्तर अली, थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, कैलाश कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा।

पुलिस की इस सक्रिय पहल से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है। स्थानीय लोगों में त्योहारों को लेकर उत्साह के साथ-साथ प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ा है, जिससे उम्मीद जताई जा रही है कि सभी पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होंगे।

## ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर प्रशासन सख्तः जुलूस मार्ग तय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पतरातु (रामगढ़)** : अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में सहायक पुलिस अधीक्षक सह एसडीपीओ गौरव गोस्वामी की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी एवं शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी ईद, सरहुल और रामनवमी जैसे प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना रहा।

बैठक में पतरातु इंस्पेक्टर सतेंद्र सिंह, पतरातु थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश प्रसाद, भुरकुंडा ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, भदानीनगर ओपी प्रभारी अख्तर अली तथा एसआई मनोज मुर्मू सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान एसडीपीओ ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी जुलूस निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएंगे और इसमें किसी भी प्रकार का बदलाव बिना अनुमति के स्वीकार्य नहीं होगा। त्योहारों के दौरान अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए डीजे के उपयोग पर सख्त नियंत्रण रहेगा। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कार्यक्रम स्थलों पर स्वयंसेवकों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि भीड़ प्रबंधन और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके।

सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए अफवाहों से बचने और किसी भी भ्रामक जानकारी को साझा न करने की अपील भी की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी और पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी।

## विधायक ने चेकडैम व पीसीसी पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर** : प्रखंड अंतर्गत विकास कार्यों को गति देते हुए माननीय विधायक अमित कुमार यादव जी ने ग्राम बाघमारा में चेकडैम निर्माण कार्य तथा पंचायत गोहाल में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया।

ग्राम बाघमारा में प्रस्तावित चेकडैम निर्माण परियोजना को क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया। विधायक ने कहा कि यह परियोजना जल संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ सिंचाई सुविधा को सुदृढ़ करेगी, जिससे किसानों की खेती में सुधार होगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।वहीं पंचायत गोहाल में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए उन्होंने बताया कि यह सड़क कोवार पथ, बीरेन्द्र सिंह के नए मकान से प्रारंभ होकर आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य उपकेंद्र होते हुए नया गोहाल भाया फुटला आहर तक निर्मित की जाएगी। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा होगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।विधायक ने दोनों ही योजनाओं के कार्यान्वयन में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया.

## उच्च न्यायालय के निर्देश पर कोडरमा मंडल कारा का किया गया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : झारखंड उच्च न्यायालय रांची द्वारा पारित आदेश में दिए गए निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव गौतम कुमार एवं कोडरमा के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से मंडल कारा कोडरमा का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण मंडल कारा कोडरमा में उपलब्ध मेडिकल से संबंधित संयंत्रों व उपकरणों एवं मंडल कारा में उपलब्ध नियमित डॉक्टर की उपलब्धता एवं चिकित्सा व्यवस्था से संबंधित जायजा लेने के उद्देश्य से किया गया। उल्लेखनीय है कि माननीय झारखंड उच्च न्यायालय रांची द्वारा पारित किए गए एक आदेश में यह निर्देश दिया गया कि प्रत्येक जिले के सिविल सर्जन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव द्वारा जेल में उपलब्ध मेडिकल संयंत्रों चिकित्सा सुविधाओं चिकित्सा व्यवस्था एवं चिकित्सक की नियमित उपलब्धता आदि से संबंधित स्थिति का जायजा लेते हुए माननीय झारखंड उच्च न्यायालय रांची को एक संयुक्त रिपोर्ट प्रेषित किया जाना है। इसी आदेश के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार और सदर अस्पताल कोडरमा के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से मंडल कारा कोडरमा का औचक निरीक्षण करते हुए जेल में उपलब्ध अस्पताल, बंदी मरीजो के लिए बेड की व्यवस्था, मेडिकल संयंत्र की उपलब्धता, दवा की उपलब्धता सहित अन्य चिकित्सकीय सुविधाओं के संबंध में विस्तृत रूप से छानबीन की गई। इस दौरान मंडल कारा कोडरमा में रह रहे बंदियों से भी मेडिकल सुविधाओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी प्राप्त की गई।

## पर्वों के मद्देनजर जिला प्रशासन सतर्क

### अवैध शराब के खिलाफ चला छापेमारी अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : जिले में आगामी ईद-उल-फितर, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं साम्प्रदायिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

इसी क्रम में उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार उत्पाद अधीक्षक कोडरमा द्वारा अवैध रूप से शराब के निर्माण एवं बिक्री में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उत्पाद अधीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा तिलैया थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों तथा सतगांवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठियांर जंगल में कई स्थानों पर छापेमारी की गई।

अभियान के दौरान अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि सभी नागरिक आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध या अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## 24 मार्च की भव्य मंगला शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी तेज

### विष्णु बाल मंडली का पूरा सहयोग, सिद्धू-कानू मैदान से निकलेगी शोभायात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ (झारखंड)** : रामनवमी महापर्व को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ के तत्वावधान में गुरुवार शाम श्री विष्णु बाल मंडली के पदाधिकारियों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 24 मार्च को होने वाली भव्य मंगला शोभायात्रा एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में महासमिति के अध्यक्ष राजेश ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता इंद्रजीत राम ने की। इस दौरान राजेश ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष भी रामनवमी को भव्य और आकर्षक रूप में मनाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि 24 मार्च को आयोजित मंगला शोभायात्रा सिद्धू-कानू मैदान से दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगी और नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए फुटबॉल मैदान में समापन होगा।

उन्होंने इस आयोजन को केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक जागरूकता का प्रतीक बताया। साथ ही सभी रामभक्तों, सामाजिक संगठनों और नगरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस आयोजन को सफल बनाएं।

बैठक के दौरान विष्णु बाल मंडली के पदाधिकारियों ने महासमिति को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और आयोजन को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर इस शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

महासमिति की ओर से शहरवासियों को सादर आमंत्रित करते हुए आग्रह किया गया कि वे इस भव्य आयोजन में शामिल होकर धार्मिक उत्सव को और भी गौरवशाली बनाएं।

बैठक में आखड़ा गुरु अनिल रिक्रिएशन, उदित कुमार, रवि कुमार, भोला राम, बाबू मंडल, मुकेश राम, नीकु सिंह, छोटेलाल राम, आशिक कुमार, पवन कुमार, अतुल कुमार, अरविंद कुमार, सिकंदर नायक, सन्नी नायक, अनिकेत नायक, गगन करमाली, गोपी करमाली सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### संक्षिप्त खबरें

## सावित्री जिंदल के जन्मदिन पर जिंदल स्टील पतरातू में उत्सव का माहौल



**पतरातु (रामगढ़)** : जिंदल स्टील पतरातू परिसर में समूह की प्रेरणास्रोत सावित्री जिंदल का जन्मदिन हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे प्लांट क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर इस दिन को खास बनाया। कार्यक्रम के दौरान प्लांट प्रमुख बी सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ केक काटकर जन्मदिन का जश्न मनाया और सावित्री जिंदल के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए संगठन के प्रति समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दोहराया। समारोह का एक विशेष आकर्षण जिंदल आशा के बच्चों की सहभागिता रही। बच्चों ने उत्साहपूर्वक केक काटकर जन्मदिन मनाया, जिससे पूरे कार्यक्रम में भावनात्मक और पारिवारिक माहौल और भी सजीव हो उठा। बच्चों की मुस्कान और उत्साह ने आयोजन को एक अलग ही ऊंचाई दी।

## शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न



**सतगावां** : थाना परिसर में शुक्रवार को बारिश के बीच देर शाम आगामी आने वाले रामनवमी, ईद उल फितर, सरहुल एवं छठ को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अंचल अधिकारी केशव प्रसाद चौधरी ने किया तथा संचालन महेंद्र यादव ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी ओम प्रकाश बडाईक, थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, 20शुत्री अध्यक्ष विजय सिंह, ए एस आई श्रवण राम मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में शांति सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारगी के साथ त्यौहार मनाने को अपील किया गया। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए लोगों ने बारी बारी से अपने बातों को रखा एवं त्योहार के दौरान आने वाले कठिनाइयों को प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी के समक्ष रखते हुए उसका निदान करने का मांग की गई। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में त्योहार के दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखें अपवाहों के चक्कर में ना पड़े, किसी भी प्रकार के सूचना पर इसकी जानकारी तुरंत संबंधित पदाधिकारी को दें। त्योहार शांति से संपन्न कराने को लेकर कई स्थानों पर पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की जाएगी। बैठक में 20सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि विनोद कुमार, उप प्रमुख मनोज निराला, रामअवतार चौधरी, नईम उद्दीन, रोहित कुमार, तारनी सिंह मुखिया उत्तम सिंह बब्लू सिंह मुखिया वीरेंद्र राय राहुल कुमार एवं कई जनप्रतिनिधि के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दल के लोग एवं समाज सेवी उपस्थित थे।

## कोडरमा जिला अंडर 23 महिला क्रिकेट टीम के बीच ड्रेस वितरण किया गया

**कोडरमा** : इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 23 महिला क्रिकेट टूनार्मेंट में शामिल होने के लिए कोडरमा जिला अंडर 23 महिला क्रिकेट टीम का गठन कर लिया गया है। महिला खिलाड़ियों को ड्रेस वितरण करते हुए कोडरमा विधायक डॉक्टर नीरा यादव ने कहा कि हमारी शुभकामनाएं टीम के साथ है। कोडरमा जैसे जिले में स्थानीय खिलाड़ियों के बल पर महिला क्रिकेट टीम का गठन जिला क्रिकेट एसोसिएशन की उपलब्धि मानी जायेगी। जिला क्रिकेट टीम निरंतर कोडरमा में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए तत्पर रहा है। उन्होंने महिला खिलाड़ियों को कहा की आपके अभिभावक, आपके गुरु, आपके एसोसिएशन के पदाधिकारी और हम सब आपसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद के साथ आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने कहा कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन सकारात्मक सोच के साथ जिला में क्रिकेट की बेहतरी के लिए कार्य करती है। और हर संभव खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयत्नशील है। मौके पर उपाध्यक्ष अनिल सिंह, राकेश पांडेय और संजीव समीर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा की खिलाड़ी ऊंचे मनोबल के साथ हमेशा मैदान में उतरें और अच्छा प्रदर्शन करें, जिससे झारखंड में कोडरमा महिला टीम की एक अलग पहचान बन सके। टीम का मैनेजर ओम प्रकाश और राजू रंजन सिन्हा तथा कप्तान राज्य स्तरीय खिलाड़ी सृष्टि कुमारी को बनाया गया। मौके पर डॉ नीरा यादव,अमरजीत सिंह छाबड़ा, दिनेश सिंह, अनिल सिंह, राकेश पांडेय,सोनू खान, ओम प्रकाश, पंकज सिंह ,मुकेश प्रभाकर, महेश भारती, राजू रंजन सिन्हा, भीम गोस्वामी सहित अडंर 23 टीम के खिलाड़ी और उनके अभिभावक मौजूद थे।

## तीन विद्यार्थियों ने किया नवोदय विद्यालय परीक्षा प्रवेश में सफलता अर्जित

**कोडरमा** : जिला के चंदवारा प्रखंड के रेलवे स्टेशन के समीप संचालित संकल्प दीक्षा स्थल कोचिंग से तीन विद्यार्थी नवोदय विद्यालय परीक्षा प्रवेश में सफलता हासिल किया सफलता हासिल करने में कोचिंग के निदेशक एवं शिक्षक के साथ-साथ माता-पिता का श्रेय रहा सफलता अर्जित करने के बाद कोचिंग के निदेशक एवं शिक्षक ने सफल विद्यार्थी को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिए सफलता अर्जित करने वाले में गुनगुन कुमारी पिता अजय रजक माता चिंता देवी ट्रैफिक पुलिस चतरा,करण कुमार पिता कैलाश रजक माता कविता देवी हजारीबाग,शौर्य राज पिता संजीत सिंह माता खुशबू देवी कोडरमा के नाम शामिल है संकल्प दीक्षा स्थल के डायरेक्टर प्रदीप शर्मा अजय राज अभिषेक कुमार के साथ-साथ शिक्षक गोविंद कुमार पीयूष कुमार रंजन कुमार सानिया मिर्जा ने बच्चों का उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी आवासीय कोचिंग संस्थान में मां जैसी ख्याल रखने वाली भोजनालय कामगार कीना देवी के प्रति आभार प्रकट किया .विद्यालय के निदेशक ने कहा हमारे कोचिंग संस्थान के शिक्षक काफी मेहनती एवं निष्ठावान है जिसका फल आज देखने को मिल रहा है आवासीय कोचिंग में पढ़ने वाले विद्यार्थी के माता-पिता का भी भरपूर सहयोग कोचिंग के प्रति रहता है जिसके कारण अल्प समय में कोचिंग संस्थान सफलता का झंडा गाड़ा है यह मिशन आगे भी जारी रहेगा आवासीय कोचिंग संस्थान का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बेहतर शिक्षा देना तथा विद्यार्थी को लक्ष्य की ओर ले जाना है

# दक्षिण पूर्व रेलवे ने धूमधाम से मनाया सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव, परंपरा, प्रकृति और प्रगति का अद्वितीय संगम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता









**मुरी :** सांस्कृतिक संघ,दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची मंडल के तत्वावधान में दिनांक 18 मार्च 2026 को आयोजित "सरहुल पूजा पूर्व संध्या महोत्सव" केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समर्पण, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक एकता का भव्य उत्सव बनकर उभरा। हटिया रेलवे सामुदायिक भवन में आयोजित इस महाआयोजन ने यह प्रमाणित किया कि जब समाज अपनी जड़ों से जुड़ता है, तो वह केवल परंपराओं का निर्वहन नहीं करता बल्कि एक नया इतिहास रचता है। हजारों लोगों की उत्साहपूर्ण सहभागिता, पारंपरिक वेशभूषा की आकर्षक छटा,मांदर की गूंजती थाप और लोकगीतों की मधुर लय ने पूरे वातावरण को सरहुलमय बना दिया। यह आयोजन आदिवासी अस्मिता, प्रकृति के प्रति अटूट आस्था तथा सामाजिक एकता का सशक्त प्रतीक बनकर सामने आया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक,रांची एन. करुणानिधि सिंह, डी.एस.ओ. पंकज किस्कू एवं अन्य पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष ऊंचाई प्रदान की। डी.आर.एम. महोदय ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा– "सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, संस्कृति के प्रति गर्व और सामाजिक एकता का जीवंत संदेश है।" उनके ये शब्द मंच पर उनके सक्रिय सहभाग से साकार होते दिखाई दिए। जब वे स्वयं कलाकारों के साथ सरहुल गीतों पर झूमे और पारंपरिक झूमर नृत्य में शामिल हुए, तो वह क्षण पूरे आयोजन की आत्मा बन गया जहां पद, प्रतिष्ठा और पहचान सब एक होकर संस्कृति के रंग में रंग गए। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रांची नगर की महापौर (मेयर) श्रीमती रोशनी खलखो ने नागपुरी भाषा में अपने भावपूर्ण संबोधन से जनसमूह को भावविभोर कर दिया। उन्होंने ऐसे आयोजनों को सामाजिक जागरूकता एवं सांस्कृतिक संरक्षण का प्रभावी माध्यम बताया।

**विशिष्ट उपस्थिति और प्रेरणादायी व्यक्तित्व–**

इस भव्य आयोजन में चिकित्सा, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक समृद्ध किया। हटिया सी.एम.एस. डॉ. राजू तिर्की, रांची ए.सी.एम.एस. डॉ. रवि सुधीर लकड़ा, ए.सी.एम.एस. मुरी डॉ. झरिया कच्छप के साथ झारखंड के प्रख्यात मुंडारी लोक कलाकार सुखराम पहन, सामाजिक कार्यकर्ता मंजुल केरकेट्टा तथा विभिन्न सरना प्रार्थना सभाओं एवं समितियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को व्यापक सामाजिक स्वरूप प्रदान किया। विशेष आकर्षण के रूप में *झारखंड ट्राइबल क्वीन 2025 पूजा लकड़ा की उपस्थिति युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी। उन्होंने युवाओं से अपनी सांस्कृतिक पहचान को गर्व के साथ अपनाने और वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराने का आह्वान किया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियां :– परंपरा की जीवंत झलक–**

कार्यक्रम में विभिन्न छात्रावासों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा प्रस्तुत नृत्य एवं लोकगीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भागीरथी बालिका आदिवासी छात्रावास, सरना बालिका छात्रावास,कार्तिक उरांव बालक छात्रावास,सरस्वती बालिका छात्रावास, सरना छात्रावास हरमू एवं सरना समिति ग्रुप खूंटी सहित अनेक दलों ने अपनी प्रस्तुति से यह सिद्ध कर दिया कि संस्कृति केवल विरासत नहीं बल्कि एक जीवंत ऊर्जा है। मांदर की गूंज, पारंपरिक गीतों की लय और रंग-बिरंगी वेशभूषा ने ऐसा वातावरण निर्मित किया मानो प्रकृति स्वयं इस उत्सव में सहभागी हो।

**एकता का महाकुंभ : दूर–दराज से उमड़ा जनसैलाब**

इस सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव में रांची मंडल के विभिन्न सेक्शनों एवं स्टेशनों मुरी, सिल्ली, जॉन्हा, पिस्का, कर्रा, बानो,चांडिल, ओरगा, बंडामुंडा, लोहरदगा, नरकोपी, झालिदा, रामगढ़ कैंट, गोलारोड सहित दक्षिण पूर्व रेलवे के बोकारो, राउरकेला, टाटानगर, बरकाकाना, गोमो, खड़गपुर जैसे अनेक क्षेत्रों से हजारों लोगों की उपस्थिति ने यह स्पष्ट संदेश दिया जब संस्कृति पुकारती है, तो समाज सीमाओं को पार कर एक हो जाता है। विशेष रूप से मुरी से आए ए.सी.एम.एस. मुरी हॉस्पिटल के डॉ. झरिया कच्छप, निरंजन बाघवार, शिबू पहान,राजू कोया, एलिजाबेथ जोसेफ, रंजीत उरांव, एस. के. उरांव, अजीत मिंज,बास्तु उरांव, विपुल उरांव, बिरसा उरांव, सूकरा भगत सहित अनेक साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। एस.सी./एस.टी. एसोसिएशन से सूचित राम,कृष्णा राम,गोपाल राम एवं अन्य गणमान्य सदस्यों की भी सक्रिय भागीदारी रही। धूमकुड़िया' कुड़ुख पत्रिका से जुड़े समाजसेवियों ब्रज किशोर बेदिया एवं अजय करकेटा द्वारा कुड़ुख भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। यह पहल न केवल भाषा को जीवित रखने का प्रयास है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त संकल्प भी है। इस अवसर पर एस.सी./एस.टी. एसोसिएशन के मंडल सचिव श्री विनोद उरांव एवं उनकी टीम को पत्रिका का वितरण किया गया। मंडल सचिव विनोद उरांव ने एस सी/एस टी रेलवे कर्मचारियों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा हेतु कार्यरत सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं।इस आयोजन की सफलता में रेलवे के विभिन्न संगठनों–एस.सी./एस.टी. एसोसिएशन, मेंस कांग्रेस,मेंस यूनियन,ओ.बी.सी. एसोसिएशन एवं डी.पी.आर.एम.एस. जैसे अन्य संगठनों की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही। आयोजक समिति, स्वयंसेवकों एवं सभी सहयोगियों ने जिस समर्पण,अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया,वहीं इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी शक्ति रही। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन रमेश राम महली एवं विनोद उरांव द्वारा किया गया जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित एवं ऊर्जावान बनाए रखा। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, कलाकारों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए यह संदेश दिया–अपनी संस्कृति को संजोए रखें, प्रकृति का सम्मान करें और एकता की भावना को सदैव सशक्त बनाए रखें।यह महोत्सव केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि एक विचार, एक प्रेरणा और एक संकल्प है–अपनी पहचान को जीने का, अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने का और समाज को एक सूत्र में बांधने का।

## रामनवमी के मद्देनजर अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान जारी, थाना क्षेत्र में 03 चुलाई अड्डे ध्वस्त







प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** आगामी रामनवमी 2026 के मद्देनजर उपायुक्त, सरायकेलाझखरसावाँ के निर्देश के आलोक में अधीक्षक उत्पाद, सरायकेलाझखरसावाँ के नेतृत्व में राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हनमत बेड़ा ग्राम के जंगलों में छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान 03 अवैध महुआ चुलाई अड्डों को ध्वस्त किया गया। साथ ही घटनास्थल से लगभग 1400 किलोग्राम जावा महुआ बरामद कर विनष्ट किया गया तथा 110 लीटर महुआ चुलाई शराब जब्त की गई। बरामदगी उपरांत फरार अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

## गृह रक्षक बहाली: कुचाई-गम्हरिया के अभ्यर्थियों के औपबंधिक अंक जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** खरसावां जिला अंतर्गत प्रखंड कुचाई में झारखंड गृह रक्षा वाहिनी में गृह रक्षक नव नामांकन हेतु रिक्त कुल 43 पद के लिए विज्ञापन संख्या 01/2025 के आलोक में दिनांक 18 मार्च 2026 को तथा प्रखंड गम्हरिया में रिक्त कुल 10 पद के लिए दिनांक 19 मार्च 2026 को बिरसा मुंडा स्टेडियम, सरायकेला में आयोजित शारीरिक दक्षता जांच -सह- हिंदी लेखन क्षमता परीक्षा के क्रम में दौड़ में उत्तीर्ण एवं तदोपरांत अगले चरण ऊँची कूद / लंबी कूद / शॉट पुट / हिंदी लेखन परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर उत्तीर्ण / अनुत्तीर्ण अभ्यर्थियों के अर्जित अंकों के आधार पर औपबंधिक अंक पत्र की सूची जिला के वेबसाइट seraikela.nic.in पर अपलोड की जा रही है। औपबंधिक अंक पत्र मात्र अभ्यर्थियों की जानकारी के उद्देश्य से पब्लिक डोमेन में अपलोड किया जा रहा है। इसे किसी भी रूप में अंतिम मेधा सूची नहीं समझा जाए। अंतिम मेधा सूची गृह रक्षक नव नामांकन हेतु आयोजित परीक्षा के समापन के उपरांत सभी प्रखंडों एवं श्रेणियों के लिए एक साथ प्रकाशित की जाएगी।

### सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग का विशेष अभियान, 76,250 रुपये की वसूली



**सरायकेला :** जिला परिवहन पदाधिकारी, सरायकेला–खरसावां गिरिजा शंकर महतो के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा एवं राजस्व संग्रहण में वृद्धि के उद्देश्य से सरायकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत तीतीरबिल्ला पुल के समीप विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 76,250 की वसूली की गई। साथ ही सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से वाहन चालकों को ओवरस्पीडिंग से बचने, अतिरिक्त लाइट्स का उपयोग नहीं करने तथा यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान भारी मालवाहक वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई तथा ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग एवं बिना वैध कागजात के वाहन परिचालन नहीं करने के संबंध में सख्त निर्देश दिए गए। अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो के साथ सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने महागामा में करोड़ों की जल संसाधन योजनाओं का किया शिलान्यास, ग्रामीण विकास को मिली नई गति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री एवं महागामा की माननीय विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने ठाकुरगंगटी प्रखंड में कई महत्वपूर्ण जल संसाधन एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं का शिलान्यास किया, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिली है। फूलवरिया पंचायत के ग्राम रतनपुर में नदी पर चेक डैम निर्माण कार्य, बनियाडीह पंचायत के हसनान घाट के पास कोआ नदी में चेक डैम निर्माण, जोरिया में बीयर निर्माण कार्य, पंजाड़ीह पंचायत के ग्राम मुकेरीचक में कोआ नदी पर चेक डैम निर्माण तथा ग्राम विधानपुर में पोखर जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया गया। दीपिका पांडेय सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ये योजनाएं जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने, सिंचाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने और किसानों की आय में वृद्धि लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इनसे जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र में दीर्घकालिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हर योजना को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है, ताकि आमजन को उसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। स्थानीय लोगों ने इन योजनाओं के लिए मंत्री महोदया के प्रति आभार जताया और कहा कि इससे क्षेत्र में विकास की गति और तेज होगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।**
mail-rdsdgumla123@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/26/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः (**DMFT मद**)

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF 20 BEDDED PRE FEB MATERNITY WARD AT SADAR HOSPITAL **GUMLA** | 73,24,200.00 | 1,46,500.00 | 10000.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 30.03.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 30.03.2026 से दिनांक 08.04.2026. को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 10.04.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 375756 (Rural Development) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन० आर०ई०पी०–1, राँची**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**
**सूचना संख्या – 22/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०–1,राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०–1,राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 01.04.2026 (अपराह्न 2.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 02.04.2026 को 3.00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 04.04.2026 को 11:00 बजे पूर्वाहन।
7. निविदा खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन०आर०ई०पी०–1,राँची
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र0 स0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अविध | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Bathroom cum Toilet Block with Boring in the Campus of KGBV Itki Ranchi | 38.96500 | 0.78 | 5000.00 | 06 माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | Construction of Bathroom cum Toilet Block with Boring at the Campus of KGBV Nagri Ranchi | 35.43400 | 0.71 | 5000.00 | 06 माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | Construction of 2 Classroom for Govt. Primary School Betlangi Under Chanho | 18.67300 | 0.38 | 5000.00 | 06 माह | कार्य के अनुरूप |
| 5 | Construction of 3 ACR at KGBV Lapung | 38.41800 | 0.77 | 5000.00 | 06 माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :– 1. निविदा से सम्बन्धित अन्यशर्ते कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–1, रॉची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में ग्रामीण विकास विभाग, भवन निर्माण विभाग झारखण्ड रॉची के निबंधित एवं समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग ले सकते है।

कार्यपालक अभियंता
एन०आर०ई०पी०–1,
राँची

PR 375776 NREP(25-26)D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**
**Email – dddopalamu@gmail.com**

**–: वितीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत चयनित लाभुकों को खाता खुलवाने के लिये आवश्यक सूचनाः–**

वितीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस, डीप बोरिंग, मिल्किंग मशीन, पनीर खोआ मशीन, काउ मैट एवं हस्त/विद्युत चालित चैफ कटर की योजना अन्तर्गत पलामू जिला के लाभुकों को दिनांक– 31.10.2025 एवं दिनांक – 24.01.2026 को उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के द्वारा अंतिम रूप से चयनित/अनुमोदित किया गया है।

ज्ञात हो कि 03 माह से अधिक हो जाने के बाद भी कुछ लाभुकों द्वारा अपना खाता अभी तक नहीं खुलवाये हैं, चयनित लाभुकों को बार–बार उनके मोबाईल नम्बर पर एवं संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा खाता खुलवाने हेतु समय–समय पर सूचना दी गई है परन्तु कुछ लाभुकों द्वारा खाता नहीं खुलवाने के कारण अनुदान राशि की निकासी नहीं हो रही है।

यदि किसी कारणवश योजना नहीं लेना चाहते हैं तो हस्तलिखित आवेदन पत्र संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय एवं जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज में जमा कर सकते है ताकि प्रतीक्षा सूची के दूसरे लाभुकों को खाता खुलवाकर अनुदान राशि उनके बैंक खाते में DBT कर दी जायेगी।

**वितीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत गव्य विकास विभिन्न योजना में जिला स्तरीय समिति के द्वारा चयनित/अनुमोदित लाभुकों की वैसी सूची जिनके द्वारा अभी तक खाता नहीं खुलवाया गया है।**

| क्र0 सं0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 | योजना का नाम | खाता संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **प्रखण्ड– पांकी** | | | | | | | | | |
| 1 | रामाशीष यादव | मनोज यादव | बनई | होटाई | पांकी | 7856936411 | 847093616843 | विद्युत चालित चैफ कटर 75% | |
| 2 | सविता कुमारी | संदीप कुमार यादव | बनई | होटाई | पांकी | 9801546778 | 786973354474 | हस्त चालित चैफ कटर75% | |
| 3 | सुनीता देवी | सारमा भुईयां | जीरो | रतनपुर | पांकी | 8521379172 | 500456493865 | हस्त चालित चैफ कटर90% | |
| 4 | अमृत मोची | रामदास मोची | सलगस | सुड़ी | पांकी | 8002826844 | 688975839666 | हस्त चालित चैफ कटर90% | |
| 5 | शांति कुँवर | स्व0 उपेन्द्र प्रजापति | बुढ़ाबार | सुड़ी | पांकी | | 212556673675 | वर्मी कम्पोस्ट 75% | |
| 6 | रूणा देवी | पुरण यादव | बनई | होटाई | पांकी | 9229559713 | 947654737599 | वर्मी कम्पोस्ट 75% | |
| 7 | विकास कुमार | पुरण यादव | बनई | होटाई | पांकी | 6205458346 | 946263891760 | वर्मी कम्पोस्ट 75% | |
| **प्रखण्ड– नीलाम्बर पीताम्बरपुर** | | | | | | | | | |
| 1 | अभय कुमार सिंह | धनंजय सिंह | झगरपुर | पूर्णाडीह | नीलाम्बरपुर पीताम्बरपुर | 8789634198 | 513163921095 | विद्युत चालित चैफ कटर 75% | |
| 2 | अभिशेक कुमार सिंह | स्व0 विनय सिंह | पूर्णाडीह | पूर्णाडीह | नीलाम्बरपुर पीताम्बरपुर | 9162053253 | 205962066924 | विद्युत चालित चैफ कटर 75% | |
| 3 | करीमन उरांव | वैधनाथ उरांव | सोंस | कुराईन पतरा | नीलाम्बरपुर पीताम्बरपुर | 9835816422 | 976151033193 | विद्युत चालित चैफ कटर 90% | |
| 4 | रिता देवी | लखराज सिंह | गुरियादामर | पूर्णाडीह | नीलाम्बरपुर पीताम्बरपुर | 9102980226 | 948387963904 | विद्युत चालित चैफ कटर 90% | |
| 5 | पुष्पा देवी | उमेश महतो | पहाड़ी खुर्द | पिपराखुर्द | नीलाम्बरपुर पीताम्बरपुर | | 871650736655 | हस्त चालित चैफ कटर 75% | |
| 6 | बसंती देवी | अनील कुमार वर्मा | बभण्डी | पिपराखुर्द | नीलाम्बरपुर पीताम्बरपुर | 6200433075 | 976633799616 | हस्त चालित चैफ कटर 75% | |
| 7 | तारा देवी | स्व0 रामनाथ राम | चौखड़ा | पिपरा खुर्द | नीलाम्बरपुर पीताम्बरपुर | 7997728961 | 937092757753 | हस्त चालित चैफ कटर 90% | |
| 8 | काशी यादव | नन्देव यादव | मुन्दरिया | पूर्णाडीह | नीलाम्बरपुर पीताम्बरपुर | 7644810692 | 633991593772 | काउ मैट 75% | |
| **प्रखण्ड– तरहसी** | | | | | | | | | |
| 1 | उर्मिला कूंवर | स्व0 राजू राम | सेवती | अरका | तरहसी | 7758860884 | 544670663896 | 02 दुधारू गाय 75% | |
| 2 | चन्द्रशेखर प्रसाद | रामनारायण साव | धुमा | गुरहा | तरहसी | 8521341362 | 725357440678 | विद्युत चालित चैफ कटर 75% | |
| 3 | सोमनाथ राम | रामभरत राम | धुमा | गुरहा | तरहसी | 7366936234 | 752499992359 | वर्मी कम्पोस्ट 90% | |
| **प्रखण्ड– सतबरवा** | | | | | | | | | |
| 1 | चिन्ता देवी | अवधेश सिंह | धावाडीह | बोहिता | सतबरवा | | 950703679286 | 02 दुधारू गाय 75% | |
| **प्रखण्ड– पाटन** | | | | | | | | | |
| 1 | नमिता देवी | संतोष चौधरी | केल्हार | केल्हार | पाटन | 9661228806 | 399035956624 | दो दुधारू गाय 90% | |
| 2 | संजू कुमारी | संदीप कुमार सिंह | नगेशर | दुल्ही | पाटन | 7282807236 | 814841302362 | 02 दुधारू गाय 75% | |
| **प्रखण्ड– पण्डवा** | | | | | | | | | |
| 1 | खतीजा बीबी | सैफुद्दीन अंसारी | पतरा | पतरा | पण्डवा | 9905016118 | 211540843253 | 02 दुधारू गाय 75% | |
| 2 | सुबचन देवी | मनोज महतो | गाड़ीखास | गाड़ीखास | पण्डवा | 8292514013 | 684249974983 | 02 दुधारू गाय 75% | |
| **प्रखण्ड– नावाबाजार** | | | | | | | | | |
| 1 | मदोदरी कुँवर | स्व0 जयराम राम | चेचरिया | बसना | नावाबाजार | | 334207156790 | वर्मी कम्पोस्ट 90% | |
| 2 | नन्देव राम | मुद्रिका राम | चेचरिया | बसना | नावाबाजार | | 808887696609 | वर्मी कम्पोस्ट 90% | |
| **प्रखण्ड– विश्रामपुर** | | | | | | | | | |
| 1 | सुनीता देवी | स्व0 मनोज चौधरी | मुरमा खुर्द | गुरहा कला | विश्रामपुर | 6203034075 | 629945587143 | दो दुधारू गाय 90% | |
| 2 | रामकरेश यादव | विरजू यादव | सुलुमदाग | सिगसीगी | विश्रामपुर | 9155854194 | 591147729324 | विद्युत चालित चैफ कटर 75% | |
| **प्रखण्ड– हैदरनगर** | | | | | | | | | |
| 1 | सुमित्रा कुमारी | अमेन्द्र राम | लपेया | बिलाशपुर | हैदरनगर | 9570062260 | 948130373777 | 02 दुधारू गाय 75% | |
| **प्रखण्ड– उंटारी रोड** | | | | | | | | | |
| 1 | मुनिया देवी | अखिलेश राम | जोगा | जोगा | उँटारी रोड | 9661462631 | 926841750357 | 02 दुधारू गाय 75% | |
| **प्रखण्ड– चैनपुर** | | | | | | | | | |
| 1 | नागेन्द्र प्रसाद | कृष्णा प्रसाद | कोशियारा | कोशियारा | चैनपुर | 6203131620 | 376035476169 | वर्मी कम्पोस्ट 75% | |

उक्त के आलोक में आप सभी चयनित लाभुकों को सूचित किया जाता है 03 दिनों के अंदर खाता खुलवाकर संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय एवं जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू में खाता संख्या जमा करें अन्यथा बाध्य होकर आपको सूची से नाम हटाते हुए प्रतीक्षा सूची के लाभुकों को योजना से लाभान्वित कर दी जायेगी। जिसकी सारी जिम्मेवारी आपकी होगी।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 375761 District(25-26).D

# भविष्य की डिजिटल नींव की सुरक्षा

जैसे-जैसे अमेरिका और भारत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, आपूर्ति श्रृंखलाओं, वित्तीय प्रणालियों और एआई प्लेटफॉर्मों के क्षेत्र में अपने संबंधों को गहरा कर रहे हैं, साइबर सुरक्षा अब राष्ट्रीय सीमाओं पर नहीं रुकती। एक पारिस्थितिकी तंत्र में मौजूद कोई भी कमजोरी दूसरे पर प्रभाव डाल सकती है और इन प्रणालियों की सुरक्षा करना तकनीकी रक्षा के साथ ही आर्थिक मजबूती का भी विषय है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ जेम्स ई. लेरम्स, जिन्होंने अमेरिकी विदेश विभाग के स्पीकर कार्यक्रम के तहत कोलकाता और हैदराबाद का दौरा किया, उनके लिए यह मुद्दा विश्वास से शुरू होता है- हमें यह भरोसा होना चाहिए कि जब हम अपना क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं तो हमारे और विक्रेता या हमारे बैंक के बीच कोई भी हमारे खातों की जानकारी को बीच में रोककर डिजिटल रूप से धन गायब नहीं कर सकता। लेरम्स बताते हैं कि यह विश्वास ऐसे एन्क्रिप्शन पर आधारित है जो आज उपलब्ध सबसे शक्तिशाली कंप्यूटरों का भी सामना कर सके। जैसे-जैसे क्वांटम कंप्यूटिंग आगे बढ़ रही है, शोधकर्ता पहले से ही यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि भविष्य की प्रणालियाँ सुरक्षित बनी रहें। कई लोग अब भी साइबर सुरक्षा को एक तकनीकी विशेषज्ञता मानते हैं, लेकिन लेरम्स इस दृष्टिकोण को चुनौती देते हैं। वह कहते हैं, अगर हमारे पास कंप्यूटर नहीं होते तो हमारे पास साइबर सुरक्षा की समस्याएँ भी नहीं होतीं, है ना? उनका कहना है कि साइबर सुरक्षा इसलिए मौजूद है क्योंकि डिजिटल प्रणालियाँ अब दैनिक जीवन की आधारशिला बन चुकी हैं। पर्ड्यू विश्वविद्यालय में, जहाँ वह ग्रेजुएट शिक्षक सदस्य के रूप में कार्य करते हैं, साइबर सुरक्षा को एक अंतर्विषयी क्षेत्र के रूप में देखा जाता है। इंजीनियर चिप फर्मवेयर डिजाइन करते हैं, नीति विशेषज्ञ गोपनीयता मानकों की जाँच करते हैं और यहाँ तक कि दार्शनिक भी डेटा उपयोग से जुड़े नैतिक प्रश्नों पर विचार करते हैं। लेरम्स कहते हैं साइबर सुरक्षा एक टीम खेल है और यह कई विषयों में फैली हुई है। जोखिम केवल बैंक खातों तक सीमित नहीं हैं। आधुनिक कृषि जीपीएस-निर्देशित ट्रैक्टरों पर निर्भर करती है और जल शोधन संयंत्र इंटरनेट से जुड़े नियंत्रण तंत्रों पर निर्भर करते हैं। यदि इन प्रणालियों से समझौता किया जाता है तो खाद्य आपूर्ति बाधित हो सकती है या जल और स्वच्छता सेवाएँ विफल हो सकती हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि साइबर सुरक्षा रोजमर्रा के जीवन को कैसे प्रभावित करती है। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्थाएँ डिजिटलीकृत होती हैं, इन प्रणालियों की सुरक्षा आर्थिक स्थिरता बनाए रखने का हिस्सा बन जाती है। उभरते खतरों से आगे रहने के लिए, लेरम्स पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी नामक नए मानकों का परीक्षण करते हैं, जिन्हें क्वांटम कंप्यूटिंग के आगे बढ़ने के बावजूद सुरक्षित रहने के लिए डिजाइन किया गया है। लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य की सुरक्षा मजबूत हो, बिना रोजमर्रा के जीवन में बाधा डाले या नवाचार को धीमा किए। लेरम्स आज के एआई परिवेश को कुछ हद तक वाइल्ड वेस्ट जैसा बताते हैं, जहाँ नवाचार शासन से तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह गति अवसर भी पैदा करती है और जोखिम भी। भारत और अमेरिका के लिए, साइबर सुरक्षा सहयोग एक व्यावहारिक आवश्यकता है। दोनों देश महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर का तीव्र डिजिटलीकरण कर रहे हैं और उन्नत प्रौद्योगिकियों में सहयोग का विस्तार कर रहे हैं। मानकों, अनुसंधान और प्रशिक्षण को मजबूत करना जोखिम को कम करने के साथ-साथ दोनों पक्षों में आर्थिक लचीलेपन को भी सुदृढ़ करता है। लेरम्स कहते हैं, यह सहयोग संबंधों और पारस्परिक लाभों पर आधारित है, चाहे वह संस्थानों के बीच हो या व्यक्तियों के बीच। अमेरिकी और भारतीय विश्वविद्यालयों के बीच आदान-प्रदान साझेदारों को छोटे, प्राप्त करने योग्य परियोजनाओं से शुरूआत करने की अनुमति देता है। वह जोड़ते हैं, इनमें से कुछ क्षेत्रों में हमें छोटे स्तर से शुरूआत करनी होगी और उन्हें सफल बनाना होगा क्योंकि सफलता से बढ़कर कुछ भी प्रभावी नहीं होता। ये प्रारंभिक सहयोग पूरक क्षमताओं को उजागर करते हैं। अमेरिकी संस्थान विशेष विशेषज्ञता या अनुसंधान क्षमता प्रदान कर सकते हैं, जबकि भारतीय साझेदार व्यापक पैमाने और त्वरित क्रियान्वयन की क्षमता प्रदान करते हैं।

# भारत में बाल मृत्यु दर में गिरावट यानी बालकों के हित सही दिशा में जा रहा देश

डॉ. निवेदिता शर्मा

संयुक्त राष्ट्र ने बाल मृत्यु दर में गिरावट को लेकर भारत की जमकर सराहना की है। दरअसल, हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट ने भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर उजागर किया है। यूएनआईजीएमई की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने बाल मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाकर दुनिया को एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए नरेंद्र मोदी ने भी इसे देश की सामूहिक सफलता बताया और स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए सतत प्रयासों की सराहना की है।

## आंकड़ों में झलकती ऐतिहासिक सफलता

रिपोर्ट के अनुसार, 1990 में जहां नवजात शिशु मृत्यु दर 57 प्रति हजार जीवित जन्म थी, वह 2024 में घटकर 17 रह गई है, जो लगभग 70 प्रतिशत की कमी को दशार्ती है। इसी प्रकार पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 127 से घटकर 27 प्रति हजार हो गई है, जोकि लगभग 79 प्रतिशत की गिरावट है। ये आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि भारत ने स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक बनाते हुए उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया है।

## नीतिगत हस्तक्षेप और केंद्र सरकार की भूमिका

भारत सरकार ने बाल और मातृ स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू कीं, जिनका सीधा प्रभाव मृत्यु दर में कमी के रूप में सामने आया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने देश के दूर-दराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की, वहीं जननी सुरक्षा योजना ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को कम किया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराया। इन योजनाओं ने मिलकर एक ऐसा स्वास्थ्य तंत्र तैयार किया, जिसमें जोखिम की पहचान समय रहते हो सके और उपचार तुरंत उपलब्ध हो।

## टीकाकरण अभियान और जन-जागरूकता का प्रभाव

भारत की सफलता में सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। मिशन इंद्रधनुष जैसे अभियानों ने यह सुनिश्चित किया कि हर बच्चे तक जीवन रक्षक टीके पहुंचें। टीकाकरण के माध्यम से खसरा, डायरिया, निमोनिया जैसी बीमारियों पर नियंत्रण पाया गया, जो पहले बच्चों की मृत्यु के प्रमुख कारण थे। इसके साथ ही आशा कार्यकताओं और आंगनवाड़ी सेवाओं ने गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास बढ़ा और उनका उपयोग भी अधिक हुआ। यह जनभागीदारी





भारत की सफलता का एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरी है।

## संस्थागत प्रसव और नवजात देखभाल में सुधार

भारत में संस्थागत प्रसव की दर में हुई वृद्धि ने नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अस्पतालों में सुरक्षित प्रसव और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता ने प्रसव से जुड़े जोखिमों को काफी हद तक कम किया है। इसके साथ ही नवजात गहन चिकित्सा इकाइयों (ठक्ठव) का विस्तार भी एक बड़ा कदम साबित हुआ है। इन इकाइयों में समय से पहले जन्मे या बीमार शिशुओं को विशेष देखभाल मिलती है, जिससे उनकी जीवित रहने की संभावना बढ़ जाती है। दक्षिण एशिया में नवजात मृत्यु दर में आई कमी में भारत की इन पहलों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## बीमारियों से मुकाबला और लक्षित रणनीति

भारत ने उन बीमारियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया, जो बच्चों की मृत्यु के प्रमुख कारण थीं। डायरिया के इलाज के लिए डफ्र और जिंक के उपयोग को बढ़ावा दिया गया, वहीं निमोनिया के उपचार और रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाए गए। मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रमों ने प्रभावित क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इन लक्षित प्रयासों ने यह सिद्ध किया कि यदि सही दिशा में योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाए, तो रोकी जा सकने वाली बीमारियों से होने वाली मौतों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## केंद्र-राज्य समन्वय और प्रभावी क्रियान्वयन

भारत की इस सफलता के पीछे केंद्र और राज्य सरकारों के बीच मजबूत समन्वय भी एक महत्वपूर्ण कारण रहा है। केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों को राज्यों ने स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार लागू किया, जिससे योजनाओं का प्रभाव अधिक व्यापक और प्रभावी हुआ। यह सहकारी संघवाद का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें नीति निर्माण और क्रियान्वयन के बीच संतुलन बना रहा। इस समन्वय ने स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## तकनीक और डेटा आधारित स्वास्थ्य प्रबंधन

डिजिटल तकनीक के उपयोग ने भी भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को नई दिशा दी है। मातृ और शिशु स्वास्थ्य की निगरानी के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और डेटा आधारित प्रणालियों का उपयोग किया गया, जिससे योजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन संभव हुआ। इससे सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होने के साथ ही संसाधनों का बेहतर उपयोग भी सुनिश्चित हुआ। डेटा आधारित निर्णय लेने की यह प्रक्रिया भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाती है।

## दक्षिण एशिया और वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत की भूमिका

रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण एशिया में बाल मृत्यु दर में आई गिरावट में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। 2000 में जहां इस क्षेत्र में प्रति हजार जन्मों पर 92 बच्चों की मृत्यु होती थी, वहीं 2024 में यह घटकर लगभग 32 रह गई है। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि भारत के प्रयासों का प्रभाव राष्ट्रीय स्तर आगे वैश्विक प्रभाव के रूप में दिख रहा है। हालांकि भारत ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, लेकिन अभी भी कई चुनौतियां सामने हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की असमानता, कुपोषण की समस्या और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की सार्वभौमिक उपलब्धता जैसे मुद्दे अभी भी समाधान की मांग करते हैं। दक्षिण एशिया में अभी भी दुनिया के लगभग 25 प्रतिशत बाल मृत्यु के मामले सामने आते हैं, जो इस दिशा में निरंतर प्रयासों की आवश्यकता को दशार्ता है। भारत को अब अपनी उपलब्धियों को बनाए रखते हुए नई चुनौतियों का समाधान करना होगा।

## एक प्रेरक मॉडल के रूप में भारत

आज भारत में बाल मृत्यु दर में आई गिरावट एक ऐसी उपलब्धि है, जोकि निश्तिच ही देश के लिए गर्व का विषय है। यह दुनिया के अन्य विकासशील देशों के लिए भी एक प्रेरणा है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि ठोस नीतियां, मजबूत इच्छाशक्ति और प्रभावी क्रियान्वयन होने लगे तब उस स्थिति में कोई समस्या लम्बे समय तक नहीं ठहर सकती है। ऐस में बड़े से बड़े लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा व्यक्त किया गया विश्वास इस दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आने वाले समय में भारत यदि इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहा, तब इतना सुनिश्चित है कि वह वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका भी निभाता हुआ दिखाई देगा।

**(लेखिका मध्य प्रदेश बाल संरक्षण आयोग की पूर्व सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता है)**

## सूडोकु नवताल- 7740

✷ ✩ ✩ ✩ ✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7739 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक शैली है



विजय शंकर नायक

झारखंड की धरती पर जब साल वृक्षों की डालियों पर नई कोपलें फूटती हैं, जब जंगलों में हरियाली का नवजीवन उमड़ता है, तब आदिवासी समाज पूरे उल्लास के साथ सरहुल पर्व का स्वागत करता है। सरहुल केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह प्रकृति और मानव के बीच गहरे रिश्ते का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन का वास्तविक आधार प्रकृति है और उसकी रक्षा करना ही हमारे अस्तित्व की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

## सरहुल का अर्थ और महत्व

'सरहुल' शब्द दो भागों से मिलकर बना है–'सर' अर्थात साल वृक्ष और 'हुल' अर्थात पूजा या उत्सव। यानी यह साल वृक्ष की पूजा का पर्व है। झारखंड के आदिवासी समुदाय, विशेषकर उरांव, मुंडा और हो जनजाति, इस पर्व को अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाते हैं। सरहुल प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर है, जिसमें धरती माता, जंगल, जल, हवा और जीव-जंतुओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया जाता है।

यह पर्व इस बात का भी प्रतीक है कि मानव और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहना चाहिए। जब हम प्रकृति के साथ तालमेल बिठाते हैं, तभी जीवन सुखमय और समृद्ध बनता है।

सरहुल का धार्मिक और सांस्कृतिक पक्ष

सरहुल का पर्व आदिवासी समाज के धार्मिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दिन ह्यपाहनह्ण (गांव का पुजारी) गांव के सरना स्थल पर जाकर पूजा करता है। सरना स्थल वह पवित्र स्थान होता है, जहां साल वृक्षों के बीच देवताओं का वास माना जाता है।

पाहन भगवान से अच्छी फसल, वर्षा, स्वास्थ्य और समृद्धि की प्रार्थना करता है। पूजा के दौरान मुर्गा, हंडिया (चावल से बनी पारंपरिक शराब) और अन्य पारंपरिक वस्तुएं चढ़ाई जाती हैं। इसके बाद पूरे गांव में प्रसाद वितरित किया जाता है।

यह पूजा केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं है, बल्कि यह समाज की एकता और सामूहिकता का प्रतीक भी है। सभी लोग एक साथ मिलकर पूजा करते हैं, जिससे सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं।

## प्रकृति के साथ गहरा संबंध

सरहुल हमें यह सिखाता है कि प्रकृति केवल संसाधन नहीं, बल्कि हमारी जीवनदायिनी शक्ति है। आज के आधुनिक युग में जहां लोग प्रकृति का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं, वहीं सरहुल जैसे पर्व हमें चेतावनी देते हैं कि यदि हमने प्रकृति का सम्मान नहीं किया, तो इसका परिणाम विनाशकारी होगा।

साल वृक्ष को विशेष महत्व दिया जाता है क्योंकि यह झारखंड के जंगलों का प्रमुख वृक्ष है। इसके फूलों को पवित्र माना जाता है और इन्हें घरों में सजाया जाता है। यह प्रकृति के नवजीवन और पुनर्जन्म का प्रतीक है।

## सामाजिक एकता और भाईचारे का पर्व

सरहुल केवल पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक मेल-जोल का भी पर्व है। इस दिन लोग नए कपड़े पहनते हैं, नाच-गान करते हैं और एक-दूसरे के घर जाकर बधाई देते हैं।

गांवों में अखाड़ा सजाया जाता है, जहां पारंपरिक नृत्य और गीत प्रस्तुत किए जाते हैं। महिलाएं और पुरुष मिलकर 'झूमर' और 'डोमकच' जैसे लोकनृत्य करते हैं। मांदर और नगाड़े की धुन पर पूरा वातावरण उत्सवमय हो जाता है।

यह पर्व जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव को समाप्त कर सभी को एक मंच पर लाता है। यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश

आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संकट से जूझ रही है, तब सरहुल का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि यदि हम प्रकृति को बचाएंगे, तभी हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा।

आदिवासी समाज सदियों से प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीता आया है। उन्होंने कभी भी प्रकृति का शोषण नहीं किया, बल्कि उसे पूजनीय माना। यही कारण है कि उनके जीवन में पर्यावरणीय संतुलन बना रहा।

सरहुल के माध्यम से हमें यह सीखने की जरूरत है कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए।

आधुनिक समय में सरहुल की प्रासंगिकता आज के दौर में, जब लोग अपनी जड़ों से कटते जा रहे हैं, सरहुल जैसे पर्व हमें हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं। यह हमें हमारी पहचान का अहसास कराते हैं।

शहरीकरण और आधुनिक जीवनशैली के कारण कई परंपराएं धीरे-धीरे समाप्त हो रही हैं, लेकिन सरहुल आज भी पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह इस बात का प्रमाण है कि आदिवासी समाज अपनी संस्कृति को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

हमें भी इस परंपरा को समझने और सम्मान देने की आवश्यकता है। यह केवल एक समुदाय का त्योहार नहीं, बल्कि यह पूरे मानव समाज के लिए एक प्रेरणा है।

## महिलाओं की भूमिका

सरहुल पर्व में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वे इस पर्व की तैयारियों में सक्रिय रूप से भाग लेती हैं। घर की साफ-सफाई, भोजन की व्यवस्था और पारंपरिक परिधानों की तैयारी में उनका योगदान अहम होता है।

नृत्य और गीतों में भी महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। उनके बिना यह उत्सव अधूरा लगता है। यह पर्व महिलाओं के सम्मान और उनकी भागीदारी का भी प्रतीक है।

## आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव

सरहुल का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस दौरान बाजारों में रौनक बढ़ जाती है। पारंपरिक वस्त्र, आभूषण और खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है।

इसके साथ ही यह पर्व पर्यटन को भी बढ़ावा देता है। बाहर से आने वाले लोग इस उत्सव को देखने के लिए झारखंड आते हैं, जिससे राज्य की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलती है।

सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक शैली है। यह हमें सिखाता है कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर ही हम सच्चे अर्थों में खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

आज जब दुनिया विकास की अंधी दौड़ में लगी हुई है, तब सरहुल हमें रुककर सोचने का मौका देता है कि क्या हम सही दिशा में जा रहे हैं? क्या हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ पर्यावरण छोड़ पाएंगे?

सरहुल का संदेश स्पष्ट है–प्रकृति का सम्मान करो, उसे बचाओ और उसके साथ मिलकर जीवन जीओ। यही हमारे अस्तित्व की कुंजी है।

अंततः, सरहुल हमें यह सिखाता है कि सच्ची समृद्धि केवल भौतिक साधनों में नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलित और सामंजस्यपूर्ण जीवन में है। यह पर्व हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और हमें एक बेहतर भविष्य की ओर प्रेरित करता है।

# खून, खामोशी और खतरनाक मंसूबों का खेल

प्रणय विक्रम सिंह

यह दौर सिर्फ युद्ध का नहीं बल्कि वैश्विक पाखंड के बेनकाब होने का है। समय दुआओं का है लेकिन दुनिया बारूद और खामोशी के साये में खड़ी है।

रमजान का महीना है। वो महीना, जिसमें रोजे रखे जाते हैं, दुआएं मांगी जाती हैं, इफ़्तार की थालियों में उम्मीद सजती है लेकिन आज उसी वक्त ईरान और उससे जुड़े 22 मुल्कों की फिजा में दुआ नहीं, धुआं उठ रहा है। न कोई रोजा दिख रहा है, न इफ़्तार की रौनक, न सहरी की सादगी बस बारूद की बदबू है। और आसमान पर लाल रंग के सिवा कोई रंग नहीं।

हजारों घर जमीन में मिल चुके हैं, जिन चौखटों पर कभी दुआएं सजती थीं, वहां अब मातम पसरा है। बड़ी-बड़ी हस्तियां बेमौत मार दी गईं। लारिजानी, सुलेमानी और कहते हैं कि खामनेई सहित 56 शीर्ष नेता और कमांडर भी इस खामोश कत्लेआम की सूची में जोड़ दिए गए। यह दरअसल मौतों का सिलसिला भर नहीं बल्कि एक सभ्यता के आत्मविश्वास पर हुआ गहरा आघात है।

मोसाद की आंखें ईरान की दीवारों के भीतर तक उतर गई हैं। उसकी 'डीप पेनिट्रेशन स्ट्रेटेजी' ने ईरान की दीवारों को ही नहीं, उसकी व्यवस्था की जड़ों को भी हिला दिया। इंटेलिजेंस वॉरफेयर, इनसाइड नेटवर्क और टारगेटेड एलिमिनेशन इन तीनों के त्रिकोण ने मिलकर यह साबित किया कि आधुनिक युद्ध अब केवल सीमाओं पर नहीं, सिस्टम के भीतर लड़े जाते हैं। अपने ही घर के लोग अपने ही आसमान को निशाना बनवाने लगे, यह केवल जासूसी नहीं, बल्कि 'ट्रस्ट का टोटल ब्रेकडाउन' है।

अजीब वक्त है न कोई मजहब बचाने आया और जो 22 इस्लामिक मुल्क हैं वो भी जैसे खामोशी की चादर ओढ़े बैठे हैं। यहां तक कि जो गाजा की सड़कों को जाम कर देते थे, वे आज ईद की खरीदारी में मशगूल हैं, जैसे संवेदना भी अब 'सेलेक्टिव रिस्पॉन्स' बन चुकी हो।

ईरान का आसमान अमेरिका और इजराइल ने मिलकर रक्तरंजित कर दिया है। मोसाद ने चुन-चुन कर इतिहास की इस धरोहर को जख्मों का जखीरा बना दिया। इजराइल से तो दुश्मनी पुरानी है, पर अमेरिका? उसे क्या मिला इस जंग से? शायद इसका उत्तर खुद ट्रंप भी नहीं जानते होंगे।

हां, एक सच है कि इतिहास गवाह हैह्व हर युद्ध अपने साथ विजय से ज्यादा विनाश छोड़ता है। और यह भी तय है कि अमेरिका को इस जंग से यश नहीं, जलालत मिलेगी। अपने ही घर में सवाल उठेंगे, अपने ही लोग जवाब मांगेंगे। और जो 450 किलो यूरेनियम की चाह है वो ख्वाब ही रहेगा क्योंकि अगर ईरान ने बम नहीं बनाया तो उसने उसे कहीं और सुरक्षित कर दिया होगा... शायद रूस- शायद चीन। डर एक था और वह सही भी था कि जिस दिन ईरान के पास परमाणु शक्ति आई, वह सीधे इजराइल की ओर बढ़ेगी। और इजराइल का अस्तित्व मिट सकता है। इस डर ने अमेरिका को युद्ध की ओर धकेला पर सवाल यह भी है कि पाकिस्तान के बमों पर यह खामोशी क्यों है? क्या वे कभी खतरा नहीं बनेंगे? या खतरे भी अब चयनित हो गए हैं?

इसी परिप्रेक्ष्य में एक और घटना दिल दहला देती है। अभी 3 दिन पहले ही पाकिस्तान ने काबुल की राजधानी में एक अस्पताल को एयर स्ट्राइक में निशाना बनाया। जहां जीवन बचाने की कोशिश होती है, वहां मौत उतार दी गई। जहां दवाइयां होनी चाहिए थीं, वहां धुएं और चीखों का अंधकार फैल गया। 400 लोग मारे गए, 250 से अधिक घायल होकर तड़पते रह गए। पर इससे भी अधिक भयावह है उस त्रासदी पर पसरा सन्नाटा।

भारत में ईरान और गाजा के नाम पर सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करने वाले लोग आज इस त्रासदी पर एक सुविधाजनक खामोशी ओढ़े हुए हैं। वैश्विक मंचों पर भी कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं। अमेरिका तो ऐसी चुप्पी साधे बैठा है जैसे इस हमले के बारे में वह जानता ही नहीं। यही वह क्षण है जब यह प्रश्न भीतर तक चीर देता है कि क्या निदोर्षों का रक्त भी अब 'जियोपॉलिटिकल इंटरेस्ट' के तराजू पर तौला जाने लगा है? क्या संवेदनाएं भी अब 'सेलेक्टिव सिम्पैथी' बन चुकी हैं?

दरअसल, युद्ध शुरू करना आसान होता है, पर उसे रोकना इतिहास के सबसे कठिन निर्णयों में से एक है। ऐसे समय में भारत जैसे राष्ट्र की नीति याद आती है जिसने 25 मिनट में दुश्मन के आतंकी ठिकाने ध्वस्त कर दिए, 11 एयरबेस उड़ा दिए और नूर खां के परमाणु भंडार तक ब्रह्मोस की आहट पहुंचा दी, बिना युद्ध को युद्ध बनाए।

दुनिया के बी-1 और बी-2 बॉम्बर जिन अभियानों को 'हाइपोथेटिकल प्लानिंग' में रखते हैं, उसका ट्रेलर भारत की धरती पर बनी एक स्वदेशी मिसाइल ने दिखा दिया। क्योंकि शक्ति का अर्थ केवल प्रहार नहीं प्रमाण भी होता है।

शायद यही फर्क है अहंकार और आचरण में, आक्रमण और आत्मसंयम में और युद्ध और नीति में। दुनिया को अब यह तय करना होगा कि उसे सत्ता, स्वार्थ और संघर्ष की लपटों में जलकर राख होना है या संतुलन, संयम और समझ की रोशनी में चलकर अपनी राह बनानी है। क्योंकि तलवारें जीत तो लेती हैं पर टिकती नहीं। सभ्यताएं वही जीवित रहती हैं, जो शक्ति नहीं, विवेक से दिशा चुनती हैं। जो लहू नहीं, लौ से अपना भविष्य रचती हैं।

## दैनिक पंचांग

21 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | मीन में |
| चंद्र | मेष में |
| मंगल | कुंभ में |
| बुध | कुंभ में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मीन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मीन | 05.45 बजे से |
| मेष | 07.19 बजे से |
| वृष | 08.59 बजे से |
| मिथुन | 10.57 बजे से |
| कर्क | 13.11 बजे से |
| सिंह | 15.27 बजे से |
| कन्या | 17.39 बजे से |
| तुला | 19.50 बजे से |
| वृश्चिक | 22.04 ब.से |
| धनु | 00.20 बजे से |
| मकर | 02.25 बजे से |
| कुंभ | 04.12 बजे से |

**शनिवार** 2026 वर्ष का 80 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** तृतीया 23.57 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 00.38 बजे रात्र को समाप्त। **योग** इन्द्र 19.01 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 13.15 बजे तदनन्तर गर 23.57 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 1.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 00° 09' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872655 **जूलियन दिन** 2461120.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** सव्वाल **तारीख** 01 **विशेष** गौरी पूजा, गणगौर तीज, मत्स्य जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 | बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 | बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 | बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 | बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 | बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 | बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 | बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 | बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशाल 'मानव श्रृंखला' का हुआ आयोजन

**बोकारो :** इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रसारित करने के उद्देश्य से एक विशाल 'मानव श्रृंखला' का आयोजन किया गया। इस व्यापक अभियान का सफल संचालन मुख्य महाप्रबंधक भास्कर प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने और एक सुरक्षित कार्य-संस्कृति विकसित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक धनंजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक बिपिन कृष्ण सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक नागराजन श्रीकांत, महाप्रबंधक विकास गुप्ता तथा महाप्रबंधक बलराम कटारिया विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके साथ ही सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। मानव श्रृंखला के माध्यम से कर्मियों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने और यातायात नियमों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। यह आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा अपने कार्मिकों के जीवन की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रति निरंतर जारी प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस प्रकार के सामूहिक अभियानों से न केवल सुरक्षा के प्रति व्यक्तिगत जागरूकता बढ़ती है।

### बेरमो में शांति समिति की बैठक संपन्न, पर्वों को लेकर प्रशासन अलर्ट



**बेरमो :** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान पर्वों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, जुलूस मार्ग, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बेरमो सीओ संजीत कुमार एवं बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी समुदाय आपसी समन्वय एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाएंगे। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने तथा अफवाहों से बचने पर विशेष जोर दिया गया।

# सरना स्थल में सरहुल मिलन समारोह का भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** पुलिस केन्द्र, सिमडेगा स्थित सरना स्थल में सरहुल मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में पुलिस अधीक्षक महोदय, वरीय पुलिस उपाधीक्षक सिमडेगा एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी का भव्य स्वागत कानों में सखुआ फूल खोंस कर, सरना गमछा ओढ़ाकर एवं सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरहुल पर्व की सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा आपसी भाईचारे, सौहार्द और प्रकृति के प्रति सम्मान के संदेश को साझा किया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ इस पर्व को मनाते हुए सामुदायिक एकता को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। समारोह में पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने पारंपरिक गीत एवं मांदर के थाप पर नृत्य कर वातावरण को उल्लासपूर्ण एवं उत्सवमय बना दिया। सरहुल, जो वसंत ऋतु के आगमन और नए फूलों के खिलने का प्रतीक है, हमारे समाज में एकता, भाईचारा और प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर रहने का संदेश देता है, इस समारोह का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपने संबोधन में सभी को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी और प्रकृति की रक्षा हेतु अपील की और कहा कि, यह महोत्सव न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का जश्न है, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक अनूठा अवसर भी है। कुदरत से मिले इस अनमोल उपहार को बचाए रखना हम सभी की जिम्मेवारी है। पेड़ पौधे, जल, जंगल, नदी, पहाड़ बचे रहेंगे तो हम बचे रहेंगे। अंत में सभी ने मिलकर समाज में शांति, सौहार्द एवं सहयोग की भावना को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय, सिमडेगा, वरीय पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सिमडेगा, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा, अन्य पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा, पुलिस कर्मी एवं अन्य प्रकृति प्रेमी उपस्थित थे।

## जनता दरबार में 45 से अधिक मामलों की सुनवाई, त्वरित निष्पादन के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं जनता दरबार कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने आम जनता की समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 45 से अधिक आवेदकों की समस्याओं/शिकायतों पर गंभीरता से विचार किया गया। डीडीसी ने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए, शीघ्र जांच कर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**स्वास्थ्य समस्या लेकर पहुंचे अंकित को सहयोग का आश्वासन**

जनता दरबार में बाकसपुरा, बहादुरपुर निवासी अंकित अपने पिता के साथ पहुंचे। उन्होंने सांस लेने में हो रही परेशानी से अवगत कराया। डीडीसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों पर हुई सुनवाई**

जनता दरबार में जेएसएलपीएस, चास अंचल, शिक्षा विभाग, राजस्व विवाद, सामाजिक सुरक्षा समेत विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। सभी मामलों पर क्रमवार सुनवाई करते हुए, त्वरित समाधान की दिशा में पहल की गई।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनता दरबार का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** नागरिकों की समस्याओं/शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिमडेगा में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसके माध्यम से लोगों की समस्याओं को सुना जाता है तथा उसके त्वरित निवारण हेतु अग्रतर कार्रवाई की जाती है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक महोदय, सिमडेगा के द्वारा



आज दिनांक- 20.03.26 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन कर आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनता दरबार में आये आम नागरिकों से एक-एक कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा आवश्यक कार्रवाई एवं त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। सुनिता देवी, ग्राम- बेलबादाग, खूंटी, जिला- खूंटी एवं 2. ललिता बाड़ा, ग्राम- बोंगराम, थाना- कोलेबिरा, जिला- सिमडेगा ने अपनी-अपनी निजी समस्याओं को पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष रखा।

### लचरागढ़ देवी गुड़ी मंदिर में अखंड हरि कीर्तन शुरू, नामकरण संस्कार के साथ गूंजा भक्तिमय माहौल

**कोलेबिरा :** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ प्रिंस चौक स्थित देवी गुड़ी मंदिर प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ धार्मिक महोत्सव के दूसरे दिन नामकरण संस्कार के साथ अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। पुरोहित पंडित प्रमोद पंडा, जगरनाथ पंडा, प्रदीप पंडा, पवन शर्मा, व जापक भुनेश्वर पंडा ,अवधेश पाढ़ी, मदन पंडा, रंजित पंडा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराया गया। वहीं यजमान की भूमिका में फिरू महतो सह धर्मपत्नी नलिनी देवी निभा रही। लचरागढ़ कुम्हार टोली, राम जड़ी बस्ती, माता रानी चैती दुर्गा पूजा समिति, लचरागढ़ खास कीर्तन मंडली, राउरकेला, झपला, तुरबुंगा, सहित अन्य कीर्तन मंडलियों के द्वारा कीर्तन किया गया।

## फूलों की बारिश के साथ नगर परिषद् उपाध्यक्ष का युवाओं ने किया स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** नगर परिषद के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल उर्फ रिंकू का अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में जोरदार और भव्य स्वागत किया गया। मुझे कुछ करना है संस्था के संस्थापक रवि साहनी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सेना बहाली की तैयारी कर रहे सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान युवाओं ने दीपक रिंकू पर फूलों की बारिश करते हुए पुष्पगुच्छ और फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। मौके पर युवाओं ने अपनी समस्याओं को भी सामने रखा। उन्होंने बताया कि होमगार्ड बहाली में हो रही लगातार देरी से वे काफी परेशान हैं। साथ ही अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में उड़ती धूल के कारण रोजाना अभ्यास करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। मौके पर उपाध्यक्ष दीपक रिंकू ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हाँ मैं कुछ कर सकता/सकती हूँ की भावना के साथ अगर तैयारी की जाए, तो सफलता निश्चित रूप से कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि जीवन में कितनी भी तरक्की क्यों न हो जाए अपने संस्कारों को कभी नहीं भूलना चाहिए। क्योंकि व्यक्ति की असली पहचान उसके संस्कारों से ही होती है। उन्होंने युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि आज के समय में कुछ लोग नशे को फैशन बना रहे हैं। जो समाज के लिए बेहद घातक है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदार बनें और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाएं। दीपक रिंकू ने देश में बढ़ती सामाजिक विभाजन की प्रवृत्ति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कई बार जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बांटने की कोशिश की जाती है लेकिन युवाओं को जागरूक रहकर हर धर्म और समाज का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने धर्म और संस्कृति पर गर्व करना हर किसी का अधिकार है लेकिन किसी अन्य धर्म या समाज के खिलाफ बोलना गलत है।

## केरसई में 23 से 28 मार्च तक होगा 'अभिभावक शिक्षा बैठक' का आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरसई :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशानुसार, प्रखंड प्रशासन, शिक्षा विभाग और पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 23 मार्च से 28 मार्च 2026 तक केरसई प्रखंड के सभी विद्यालयों में 'अभिभावक शिक्षक बैठक' का विशेष आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, उनकी नियमित उपस्थिति, व्यवहार एवं सर्वांगीण विकास पर अभिभावकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। बैठक के दौरान पीरामल फाउंडेशन की प्रतिनिधि ईशिका गुप्ता एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी अभिभावकों का मार्गदर्शन करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञानमनी एक्का ने प्रखंड के सभी अभिभावकों से विनम्र अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने नजदीकी विद्यालय में अवश्य उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि अभिभावकों के सक्रिय सहयोग से ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जा सकते हैं। इस पहल का लक्ष्य शिक्षा को एक जन-आंदोलन बनाना है, जिससे न केवल बच्चों का भविष्य सशक्त होगा, बल्कि पूरे प्रखंड की शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

## मरांग गोमके के स्वाभिमान, अधिकार और संघर्ष की विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प : अमृत चिराग तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** शुक्रवार को भारत आदिवासी पार्टी, सिमडेगा के जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने महान आदिवासी नेता एवं संविधान सभा के सदस्य जयपाल सिंह मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया है। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा, जिन्हें आदिवासी समाज प्यार से मरांग गोमके के नाम से जाना जाता है, आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान और अधिकारों के सबसे बड़े प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि मरांग गोमके का यह प्रसिद्ध कथन "आप हमें लोकतंत्र सिखा नहीं सकते, हम इस धरती के सबसे पुराने लोकतांत्रिक लोग हैं" आज भी आदिवासी समाज की आत्मा और पहचान को दर्शाता है। अमृत चिराग तिर्की ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने संविधान सभा में आदिवासियों की आवाज को मजबूती से रखते हुए जल, जंगल और जमीन पर समुदाय के अधिकार की बात की। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज आवश्यकता है कि हम मरांग गोमके के विचारों को अपनाते हुए ग्राम सभा को सशक्त बनाएं और अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करें। जिला अध्यक्ष ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने इतिहास और नायकों को पहचानें, उनके विचारों को अपनाएं और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। अंत में उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा का जीवन संघर्ष, नेतृत्व और स्वाभिमान का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

# अवैध कोयला और बालू तस्करी: प्रशासन के सवाल और पत्रकारों पर आरोप

संवाददाता अनिल कुमार



**बोकारो :** जिले में अवैध कोयला और बालू तस्करी का खेल लगातार जारी है। बेरमो के सीसीएल क्षेत्र में लाखों टन कोयला अवैध सुरंगों से निकालकर बिहार और पश्चिम बंगाल में भेजा जा रहा है। वहीं पेटरवार थाना क्षेत्र के खेतको के दामोदर नदी से बालू की तस्करी धड़ल्ले से चल रही है। स्थानीय मीडिया और नागरिकों की शिकायतों के बावजूद जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और संबंधित विभाग मौन साधे हुए हैं। मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद ही कभी-कभार छापेमारी की जाती है, जो तस्करी रोकने में नाकाफी साबित होती है। हरला थाना क्षेत्र में वन विभाग की ओर से काटे गए सैकड़ों पेड़ों के बावजूद बालू तस्करी जारी है। बंद खानों में बनी अवैध सुरंगों और ट्रैक्टर से कोयला ढोने की घटनाओं से स्पष्ट है कि यह धंधा लंबे समय से संगठित तरीके से चल रहा है। हालांकि सबसे हैरान करने वाली बात है कि बोकारो के पुलिस कप्तान एसपी हरविंदर ने पत्रकारों को ही दोषी ठहराया। उनका कहना है कि कुछ लोग अवैध कारोबार में हिस्सा पाने के लिए मीडिया को खबर दिखाने वाले पत्रकारों को निशाना बनाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पत्रकार केवल जानकारी देने का काम कर रहे हैं। यदि प्रशासन समय रहते थानों में सक्रिय होता और तस्करों पर कार्रवाई करता, तो मीडिया की रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं पड़ती। स्थानीय लोगों का कहना है कि छापेमारी सिर्फ खानापूर्ति तक सीमित है। न तो बड़े तस्कर पकड़े जाते हैं और न ही नामजद प्राथमिकी दर्ज होती है। बेरमो, नावाडीह, पेटरवार, महुआटांड़, और हरला थाना क्षेत्र में यह स्थिति आम है। जिला प्रशासन और पुलिस से सवाल है कि सूचना तंत्र कहाँ फेल हो रहा है और आखिरकार अवैध तस्करी पर कार्रवाई कब प्रभावी होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध बालू ट्रैक्टर से दो अलग अलग थाना क्षेत्र में हुई घटना से तीन लोगों की गई जान



**बोकारो :** बोकारो में एक ही ट्रैक्टर से दो अलग अलग थाना क्षेत्र में हुई घटना से तीन लोगों की गई जान। अवैध बालू ट्रैक्टर से तीन की सड़क हादसे में गई जान। लोगो ने शव के साथ किया सड़क जाम। मौके पर पहुंची पुलिस। घटना बोकारो के गोमिया और ललपनिया थाना क्षेत्र की। बताते चले कि बोकारो के गोमिया में बीती रात ट्रैक्टर से टकराने के हुए दो अलग-अलग सड़क हादसा में तीन लोगों की जान चली गई। घटना भले ही दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में घटी है लेकिन ट्रैक्टर एक ही है जिससे टकराकर तीनों की जान गई है। पहली घटना गोमिया थाना क्षेत्र के तुलबुल गांव की है, जिसमें बाइक में सवार एक व्यक्ति चंद्रकिशोर प्रसाद की मौत हुई है,स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध बालू लेकर ट्रैक्टर तेज गति से ललपनिया की ओर जा रही थी इसी दौरान तुलबुल खिजुरिया टांड़ के समीप ट्रैक्टर की लापरवाही से चंद्रकिशोर प्रसाद की बाइक ट्रैक्टर में पीछे से टकरा गई और घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिसके बाद चालक ट्रैक्टर को तेजगति से लेकर फरार हो गया। जिसके बाद दूसरी घटना भी ठीक उसी तरह उसी ट्रैक्टर के साथ ललपनिया में घटी, जब पहली घटना होने के बाद तेज गति से भाग रहा ट्रैक्टर एकाएक सड़क पर ब्रेकडाउन होकर अचानक रुक गया और पीछे से आ रही पल्सर बाइक ट्रॉली से जोरदार तरीके से टकरा गई। पल्सर में तुलबुल गांव के दो युवक कृष्ण मुर्मू और उमेश किस्कू सवार थे, दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जिसके बाद आनन फानन में चालक बालू लदी ट्रॉली को वहीं छोड़ ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। दोनों घटना बीती रात की है, जहां पहली घटना में जान गवाने वाले चंद्रकिशोर प्रसाद का शव गोमिया थाना उठा लिया है वहीं ललपनिया थाना क्षेत्र में घटी दूसरी घटना में जान गवाने वाले दोनों युवकों के परिजन ने शव उठाने से इनकार कर दिया।

### स्वच्छता पखवाड़ा' के अंतर्गत सेक्टर-9 क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन



**बोकारो :** इस्पात संयंत्र के टाउनशिप में जारी 'स्वच्छता पखवाड़ा' अभियान के तहत आज नगर प्रशासन विभाग द्वारा एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक लंबोदर उपाध्याय के कुशल नेतृत्व तथा उप महाप्रबंधक तरुण श्रीवास्तव एवं सहायक प्रबंधक विनोद टिग्गा के सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्रों में स्वच्छता की स्थिति में सुधार करना और निवासियों के बीच नागरिक जिम्मेदारी एवं स्वच्छता का संदेश प्रसारित करना था। स्वच्छता कर्मियों की टीम ने पूरी तैयारी और आवश्यक उपकरणों के साथ सेक्टर-09 बसंती मोड़ से लेकर स्ट्रीट-2 के कोने और वहां से सेक्टर-09ए मस्जिद तक के विस्तृत क्षेत्र में गहन सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़कों के किनारे जमा कचरे, मलबे और गंदगी को व्यवस्थित रूप से हटाया गया। विशेष रूप से सड़कों की सफाई और खुले क्षेत्रों के सुंदरीकरण पर ध्यान दिया गया ताकि परिवेश पूरी तरह से स्वच्छ और स्वास्थ्यप्रद बना रहे। इस दौरान स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों को भी अपने आस-पास सफाई बनाए रखने और कूड़ेदान का नियमित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। वरीय अधिकारियों ने स्वयं उपस्थित रहकर कार्यों की निगरानी की और स्वच्छता कर्मियों का उत्साहवर्धन किया, जिससे यह अभियान योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से पूर्ण हुआ। अभियान के पश्चात लक्षित क्षेत्र की स्वच्छता में उल्लेखनीय सुधार देखा गया, जिसकी स्थानीय निवासियों ने सराहना की और संतोष व्यक्त किया। यह सफल प्रयास स्वच्छता पखवाड़ा के उद्देश्यों के अनुरूप एक स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार परिवेश बनाए रखने के प्रति टाउनशिप प्रशासन और जन स्वास्थ्य विभाग की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### जनरल अस्पताल: मानवता की सेवा में 'बिडू' द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**बोकारो :** इस्पात संयंत्र के बोकारो जनरल अस्पताल स्थित रक्त केंद्र परिसर में शुक्रवार को 'बोकारो इस्पात डिप्लोमाधारी यूनियन' के सौजन्य से एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक डॉ. बी.बी. करुणामय द्वारा फीता काटकर किया गया। रक्तदान शिविर में बिडू के सदस्यों ने अत्यंत उत्साह के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई, जिसके फलस्वरूप कुल 20 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए रक्त की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा समाज में रक्त की कमी के कारण होने वाली जनहानि को रोकने हेतु जागरूकता का प्रसार करना है। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि एक यूनिट रक्त के माध्यम से तीन व्यक्तियों का बहुमूल्य जीवन बचाया जा सकता है। स्वास्थ्य मानकों के अनुसार, 18 से 60 वर्ष की आयु का कोई भी स्वस्थ पुरुष वर्ष में चार बार और एक स्वस्थ महिला वर्ष में तीन बार स्वेच्छा से रक्तदान कर सकती है। विशेषज्ञों ने इस भ्रांति को भी दूर किया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी आती है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

### हरिनाम के समापन में श्रद्धालुओं ने खेली होली



**पटमदा :** पटमदा बाजार स्थित हरिमंदिर में आयोजित हरिनाम संकीर्तन तीन दिनों तक काफी उल्लास और भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। हरिनाम संकीर्तन के अंतिम दिन आयोजित धुलोट कार्यक्रम में आसपास के सभी श्रद्धालुओं ने हरिकीर्तन मंडली के साथ मन्दिर की परिक्रमा करते हुए गुलाल की होली खेली। इस दौरान कमिटी के सभी सदस्यों ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया। श्रद्धालुओं में हरिकीर्तन मंडली के साथ आसपास के सभी ग्रामीण, पुरुष, महिलाएं, युवा शामिल हुए।

## एक नजर

### आयुष जांच शिविर में 76 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**पाकुड़ :** आयुष विभाग, पाकुड़ की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयुष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 76 लाभुकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। यह शिविर लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड के रामपुर, हिरणपुर प्रखंड के करनडंगा, पाकुड़िया प्रखंड के चौकीसाल में आयोजित किए गए। शिविर में उपस्थित चिकित्सक डॉ अशोक मेहता, डॉ लवकुश यादव, डॉ बीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि जांच शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ एवं गठिया रोग, बच्चों से संबंधित रोगों आदि का नि:शुल्क परीक्षण किया गया। साथ ही लाभुकों को मुफ्त दवा भी उपलब्ध कराई गई।
वहीं शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

### पाकुड़ में नहीं दिखा ईद का चांद, आज मनाई जाएगी ईद

**पाकुड़ :** जिले में शुक्रवार की शाम ईद-उल-फितर के चांद का दीदार नहीं हो सका। अमड़ापाड़ा सहित पूरे पाकुड़ जिले में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने चांद देखने की कोशिश की, लेकिन आसमान में चांद नजर नहीं आया। इसके बाद स्थानीय उलेमा और जानकारों ने घोषणा की कि अब ईद शनिवार को मनाई जाएगी। देशभर से भी इसी तरह की खबरें सामने आई थी कि 19 मार्च की शाम भारत में कहीं भी चांद दिखाई नहीं दिया, जिसके कारण रमजान के 30 रोजे पूरे किए जाएंगे और ईद 21 मार्च 2026 को मनाई जाएगी। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि चांद दिखने के बाद ही ह्लचांद रातह्र मनाई जाती है और उसी के अगले दिन ईद-उल-फितर का पर्व मनाया जाता है। चूंकि इस बार चांद नजर नहीं आया, इसलिए एक दिन का इंतजार और करना होगा। जिले की मस्जिदों और घरों में अब ईद की तैयारियां तेज हो गई हैं। बाजारों में भी रौनक बढ़ने लगी है और लोग कपड़े, सेवइयां व अन्य जरूरी सामान की खरीदारी में जुटे हैं। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार को ईद की नमाज अदा की जाएगी और इसके बाद एक-दूसरे को गले मिलकर ह्लईद मुबारकह्न कहा जाएगा। इस तरह पाकुड़ जिले में ईद का त्योहार भाईचारे और खुशियों के साथ मनाने की तैयारी पूरी हो चुकी है।

### नकली कीटनाशक दवा में शामिल एक महिला को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज :** जिले के मिजाचौकी महादेववरण में बुधवार को एसडीओ अमर जान आइंद, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, सदर सीओ बासकीनाथ टुडू, थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने पुतुल देवी स्व शंभूनाथ पंडित के घर पर संयुक्त रूप से छापामारी कर इंडोफिल कंपनी का एलेक्टो नकली कीटनाशक दवा एवं पेकैजिंग करने एवं हजारो फर्जी स्टीकर बरामद की गई थी। इसको लेकर थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने पुतुल देवी से पूछताछ कर कांड संख्या 26/26 दर्ज किया गया जिसमें धारा 336(3)318(4)/278 उपधारा 103/104 ट्रेडमार्क एक्ट उपधारा 63/64/65 कापी राईट एक्ट के संगीन धाराओं पर प्राथमिकी दर्ज कर गुरुवार को पुतुल देवी को न्यायिक हिरासत में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। इधर इस मामले में थाना पुलिस गहन छानबीन में जुटी हुई हैं कि इसकी तार कहां-कहां से जुड़ा हुआ है।

# डीसी की अध्यक्षता में विशेष जनता दरबार का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के सुदूरवर्ती एवं दुर्गम क्षेत्र पोखरिया पहाड़ में डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में विशेष जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक टीम ने सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। जनता दरबार में अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी बोरियो सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक प्रशासन की सीधी पहुँच सुनिश्चित करना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। कार्यक्रम की शुरूआत डीसी द्वारा पोखरिया पहाड़ में निवास कर रहे 36 परिवारों के गांव एवं घरों के भ्रमण से हुई। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक परिवार से मिलकर उनकी दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं, सरकारी योजनाओं के लाभ की स्थिति एवं आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा, जिनमें सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए। अपने संबोधन में डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य केवल योजनाओं का संचालन करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक उसका लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पोखरिया पहाड़ के विकास को प्राथमिकता देते हुए सभी समस्याओं का चरणबद्ध समाधान किया जाएगा। सड़क सुविधा के संबंध में डीसी ने बताया कि गांव तक पहुँचने के लिए लगभग 8 किलोमीटर लंबा एकमात्र रास्ता है, जो वर्तमान में जर्जर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण हेतु शीघ्र ही प्राक्कलन तैयार कर संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस सड़क की स्वीकृति मिलने की पूरी संभावना है, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। पेयजल संकट को गंभीरता से लेते हुए डीसी ने निर्देश दिया कि पोखरिया के निकट स्थित प्राकृतिक झरने से पानी लाकर एक जल टंकी का निर्माण किया जाएगा। इसके माध्यम से हर घर तक नल के जरिए स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अप्रैल माह तक प्रत्येक घर में पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे ग्रामीणों को लंबे समय से चली आ रही जल समस्या से निजात मिलेगी।







- पोखरिया पहाड़ में जनता दरबार: मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रशासन सक्रिय
- सड़क, पानी, बिजली और रोजगार पर फोकस, पोखरिया पहाड़ में प्रशासन की पहल
- दुर्गम क्षेत्र पोखरिया पहाड़ पहुँचा जिला प्रशासन, 36 परिवारों की समस्याएं सुनी गईं

## ईद और रामनवमी को लेकर बरहरवा में प्रशासन का फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** आगामी ईद और रामनवमी के त्योहारों को देखते हुए बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र में शांति, सौहार्द और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया, वहीं असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी भी दी गई। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी फ्लैग मार्च का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास, अंचल अधिकारी अनोज कुमार तथा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। पुलिस टीम ने बरहरवा नगर के मुख्य चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में मार्च करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि प्रशासन त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। अधिकारियों ने आमजनों से अपील की कि वे निर्भय होकर शांतिपूर्ण तरीके से अपने-अपने त्योहार मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया या जमीनी स्तर पर शांति भंग करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

## ईद आज, ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज की तैयार पूरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख त्योहार ईद उल फितर शनिवार को मनाया जाएगा। शुक्रवार की शाम साहिबगंज मुख्यालय में आसमान पर छाए बादल की वजह से चांद का दीदार नहीं हो सका। मगरिब की नमाज के बाद लोगों ने चांद के दीदार की कोशिश की। लेकिन बादलों में छुपा चांद बाहर ही नहीं आया। इसके पूर्व शुक्रवार को माह ए रमजान का अंतिम रोजा रखकर लोगों ने शाम को इफ्तार किया। इधर मोबाइल से लोग अपने संबंधियों को मैसेज भेजकर मुबारकबाद देते नजर आए। चूंकि चांद नहीं दिखने और 30 रोजा पूरा करने की स्थिति में शनिवार को ही ईद मनाई जाएगी। इसके साथ की ईद की खुशी परवान पर है। शहर के एलसी रोड सहित मुस्लिम मोहल्लों के अलावा बाजारों में खास चहल-पहल थी। लोग ईद की अंतिम तैयारी में जुट गए थे। शहर के एलसी रोड स्थित ईद बाजार में अहले सुबह तक काफी भीड़ रही। वहीं एलसी रोड व अन्य इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारी व जवानों की तैनाती की गई थी। ईद की नमाज मस्जिदों व ईदगाह में होगी। साहिबगंज मुख्यालय के ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज होगी। वहीं जिले भर के ईदगाहों व मस्जिदों में भी निर्धारित समय पर नमाज होगी। मुफ़्ती अंजर हुसैन कासमी ने बताया कि ईद की नमाज से पहले जकात व फितरा अदा करना वाजिब है। कब्रिस्तान सह ईदगाह कमेटी के सचिव कज्जाफी बिन मुर्शाद ने बताया कि ईद की नमाज को लेकर आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है।

## पाकुड़ रेलवे स्टेशन को बड़ी सौगात, शताब्दी सहित दो प्रमुख ट्रेनों का ठहराव स्वीकृत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** पाकुड़ रेलवे स्टेशन के यात्रियों के लिए एक बड़ी और बहुप्रतीक्षित खुशखबरी सामने आई है। भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार हावड़ाझन्यू जलपाईगुड़ी शताब्दी एक्सप्रेस एवं एमजीआर सेंट्रल-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस का ठहराव अब पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर दिया जाएगा। यह ठहराव फिलहाल प्रायोगिक आधार पर जल्द प्रभावी किया जाएगा। रेलवे बोर्ड द्वारा 3 मार्च 2026 को जारी पत्र के अनुसार यह निर्णय यात्रियों की बढ़ती मांग और क्षेत्रीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। लंबे समय से पाकुड़ सहित आसपास के इलाकों के लोग प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे थे, ताकि उन्हें लंबी दूरी की यात्रा के लिए अन्य स्टेशनों पर निर्भर न रहना पड़े। ट्रेन संख्या 12041/12042 हावड़ाझन्यू जलपाईगुड़ी शताब्दी एक्सप्रेस, जो अपनी तेज गति और बेहतर सुविधाओं के लिए जानी जाती है, अब पाकुड़ में भी रुकेगी। यह ट्रेन हावड़ा से चलकर बोलपुर, रामपुरहाट, मालदा टाउन और बरहरवा जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों से होकर न्यू जलपाईगुड़ी तक जाती है। इसके ठहराव से पाकुड़ के यात्रियों को कोलकाता और उत्तर बंगाल के प्रमुख शहरों तक त्वरित और आरामदायक यात्रा की सुविधा मिलेगी। वहीं ट्रेन संख्या 22611/22612 एमजीआर सेंट्रल-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, जो देश के दक्षिणी भाग को पूर्वोत्तर भारत से जोड़ती है, अब पाकुड़ में भी रुकेगी। यह ट्रेन चेन्नई से चलकर आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल होते हुए न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचती है। इस ट्रेन के ठहराव से पाकुड़ जिले के लोगों को दक्षिण भारत, विशेषकर चेन्नई और उसके आसपास के क्षेत्रों तक सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी, जो अब तक काफी कठिन और समय लेने वाली थी। इस निर्णय से न केवल आम यात्रियों को सुविधा होगी, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय व्यवसायियों को माल ढुलाई और आवागमन में आसानी होगी, वहीं छात्रों और नौकरीपेशा लोगों को भी आवागमन में सहूलियत मिलेगी। साथ ही, क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के विशेष प्रतिवेदक ने विस्थापित गांवों का किया दौरा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के विशेष प्रतिवेदक सुचित्रा सिन्हा सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विस्थापित गांवों का 5 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पातकुम, ईचागढ़ एवं काली चामदा गांव का भ्रमण कर विस्थापितों का समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने विस्थापितों को मिलने वाले बुनियादी सुविधाओं के संबंध में ग्रामीणों व विस्थापित नेताओं से जानकारी ली। श्रीमती सिन्हा विस्थापितों के झुग्गी झोपड़ियों में भी जाकर विस्थापितों के दर्द को जाने। विस्थापितों ने उन्हें अवगत कराते हुए कहा कि 40 वर्षों से दर दर की ठोकर खाने को मजबुर है, लाल कार्ड,गृह अनुदान, पुनर्वास, नौकरी से संबंधित सुविधाएं नही मिली है। मालूम हो कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के विशेष प्रतिवेदक सुचित्रा सिन्हा का ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विस्थापित गांवों का 20 मार्च से 25 मार्च तक भ्रमण कार्यक्रम है। मौके पर दंडाधिकारी के रूप में बीडीओ एकता वर्मा, थाना प्रभारी बजरंग महतो, पूर्व पंसस गुरू चरण साहू, संबंधित पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव, विस्थापित आदि उपस्थित थे।

# अपर समाहर्ता ने डीएलसीसी एवं डीसीसी की बैठक कर बैंकों को लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय साख समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक ऋण योजना, तृतीय तिमाही की प्रगति, ऋण-जमा अनुपात सहित विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, मत्स्य, डेयरी, स्वयं सहायता समूह वित्तपोषण, पीएम स्वनिधि, आरसेटी, एनपीए खातों की स्थिति तथा सीएफएल/एफएलसी द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविरों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही नीति आयोग के अंतर्गत संचालित पीएमजेडीवाई,पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएमबीवाई एवं एपीवाई योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले को कुल 1596 करोड़ रुपये का ऋण लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध तृतीय तिमाही में 782.90 करोड़ रुपये की उपलब्धि प्राप्त हुई है। वहीं जिले का सीडी रेशियो 62.76 प्रतिशत दर्ज किया गया। जो की राज्य में तीसरे स्थान पर है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया कि प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र लाभुक योजनाओं से वंचित न रह जाए। अपर समाहर्ता ने विशेष रूप से किसान क्रेडिट कार्ड ऋण की समीक्षा करते हुए कहा कि योग्य किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराना बैंकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही पीएमईजीपी एवं अन्य स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया गया। अपर समाहर्ता ने कहा कि सभी बैंक संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ जरूरतमंदों तक समय पर पहुँच सके और जिले का समग्र आर्थिक विकास सुनिश्चित हो। बैठक में विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अमित कुमार सिंह समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु आपूर्ति विभाग की बैठक आयोजित



**पाकुड़ :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवनियुक्त प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं नव प्रतिनियुक्त प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह द्वारा खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए इसे और अधिक पारदर्शी एवं सुचारु बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत लाभुकों को समय पर एवं निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विभागीय लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

### दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्रि की धूम, पहाड़िया समाज की आस्था से गूंज रहा इलाका



**अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत डुमरचिर गांव के पहाड़िया टोला स्थित दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। पहाड़िया समाज के लोगों द्वारा वर्षों से यहां मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की परंपरा निभाई जा रही है, जो आज भी पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी है। नवरात्रि के प्रथम दिन कलश स्थापना के साथ पूजा की शुरूआत की गई। इसके बाद से प्रतिदिन सुबह-शाम मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा, आरती, भजन-कीर्तन और दुर्गा सप्तशती पाठ किया जा रहा है। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है और हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। स्थानीय पुजारी सह जनजमान विजय पहाड़िया ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना उनके पिता स्व. कामेश्वर पहाड़िया की प्रेरणा से हुई। उन्होंने बताया कि उनके पिता को भोपाल में नौकरी के दौरान मां दुर्गा का स्वप्न हुआ, जिसके बाद उन्होंने सेवा निवृत्ति लेकर गांव में ही मां की उपासना शुरू कर दी। वर्ष 2001 से झोपड़ी में प्रतिमा स्थापित कर पूजा प्रारंभ की गई, जिसे बाद में वर्ष 2010 में पक्का मंदिर का रूप दिया गया। पुजारी ने बताया कि वर्ष 2009 से उनकी माता स्व. दुली पहाड़िन ने विधिवत पूजा की शुरूआत की थी। उनके निधन के बाद वर्ष 2012 से स्वयं विजय पहाड़िया द्वारा मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की परंपरा निभाई जा रही है। यहां चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि दोनों ही अवसरों पर विशेष पूजा-अर्चना होती है। मंदिर की एक खास बात यह है कि यहां बलि प्रथा का कोई प्रावधान नहीं है। श्रद्धालु सच्चे मन से पूजा कर मां दुर्गा से मनोकामना मांगते हैं और मान्यता है कि मां सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना और माथा टेकते हैं। प्राकृतिक सुंदरता से घिरे इस मंदिर के पास बहने वाली छोटी नदी और शांत वातावरण श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है। हालांकि, मंदिर तक पहुंचने के लिए रास्ता कठिन है और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी भी महसूस की जा रही है। ग्रामीणों ने मंदिर के विकास और सड़क व सोलर लाइट की व्यवस्था की मांग प्रशासन से की है। इस प्रकार डुमरचिर गांव का यह दुर्गा मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का भी प्रतीक बनकर उभर रहा है।

### राजमहल से जल संरक्षण जागरूकता रथ रवाना, पंचायतों में फैलाएगा संदेश



**साहिबगंज :** जल संरक्षण को लेकर चल रहे जल महोत्सव के तहत शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय राजमहल से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रथ का उद्देश्य क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में जाकर लोगों को स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। जानकारी के अनुसार, यह जागरूकता रथ पंचायतों का भ्रमण कर आमजन को पानी के महत्व, उसके संरक्षण के उपायों तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जल बचाने और इसके सही उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर बीपीओ गगन बापू, प्रधान सहायक हरिनंदन भगत, प्रमोद कुमार, दीपक कुमार, संदीप कुमार, गोपाल कुमार, मीनाक्षी कुमारी, राम कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने में सहयोग करें।

### जल संरक्षण जागरूकता रथ रवाना, पंचायतों में फैलाएगा संदेश

**साहिबगंज :** जल संरक्षण को लेकर चल रहे जल महोत्सव के तहत शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय राजमहल से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रथ का उद्देश्य क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में जाकर लोगों को स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।जानकारी के अनुसार, यह जागरूकता रथ पंचायतों का भ्रमण कर आमजन को पानी के महत्व, उसके संरक्षण के उपायों तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जल बचाने और इसके सही उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर बीपीओ गगन बापू, प्रधान सहायक हरिनंदन भगत, प्रमोद कुमार, दीपक कुमार, संदीप कुमार, गोपाल कुमार, मीनाक्षी कुमारी, राम कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने में सहयोग करें।

## संक्षिप्त डायरी

## बिहार ने वैश्विक निवेशकों को अपना ऊर्जा विजन बताया

**पटना (एजेंसी)** भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में बिहार फोकस स्टेट के रूप में शामिल हुआ है। नई दिल्ली में आयोजित इस वैश्विक कार्यक्रम में बिहार ने अपनी उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया और वैश्विक निवेशकों व उद्योगपतियों के साथ संवाद किया। समिट में बिहार पैवेलियन चर्चा का केंद्र बना रहा, जहां बड़ी संख्या में आगंतुकों और प्रतिनिधियों ने राज्य की ऊर्जा पहलों को करीब से समझा। बीएसपीएचसीएल की टीम ने निवेशकों से बातचीत कर भविष्य की परियोजनाओं पर चर्चा की। समिट के दौरान बिहार ने अपने ऊर्जा क्षेत्र के विजन को भी मजबूती से पेश किया। पीरपैंती की लगभग 30,000 करोड़ रुपए की परियोजना और कजरा की सौर व बैटरी स्टोरेज परियोजना को प्रमुख पहल के रूप में प्रस्तुत किया गया। रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी 2025 के तहत राज्य ने वर्ष 2030 तक 24 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा और 6.1 गीगावाट ऊर्जा भंडारण क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा है। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए ट्रांसमिशन शुल्क में छूट, ऊर्जा बैंकिंग, सिंगल विंडो क्लीयरेंस और कार्बन क्रेडिट जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। 2.2 करोड़ उपभोक्ता, 87 लाख प्रीपेड मीटर ऊर्जा सेवाओं के डिजिटलीकरण में बिहार ने तेजी से काम किया है। अब तक 87 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं, जिससे पारदर्शिता और राजस्व संग्रहण में सुधार हुआ है। राज्य सरकार ने अगले पांच वर्षों में टीबीसीबी मोड में 81,000 करोड़ रुपए के निवेश से ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने की योजना बनाई है। इसमें 38,950 करोड़ रुपए पावर जेनरेशन, 16,194 करोड़ रुपए ट्रांसमिशन और 22,951 करोड़ रुपए वितरण प्रणाली को मजबूत करने में खर्च किए जाएंगे। वहीं, मेंटेनेंस और रख-रखाव पर 3,346 करोड़ रुपए खर्च होंगे। पिछले 20 वर्षों में बिहार के बिजली क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव आया है। वर्ष 2005 में जहां राज्य को 700 मेगावाट से भी कम बिजली मिलती थी, वहीं आज 8,700 मेगावाट से अधिक की मांग पूरी की जा रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 24 घंटे बिजली उपलब्ध है। राज्य में 2.2 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं और बिजली अब हर गांव व घर तक पहुंच चुकी है, जिससे विकास की नई संभावनाएं खुली हैं।

## एजेंसी से सिलेंडर लूट के बाद पुलिस की निगरानी में बंटा सिलेंडर

**पटना (एजेंसी)** पटना सिटी के खाजेकलां थाना क्षेत्र के हजारी मोहल्ला, जल्ला गली स्थित गैस एजेंसी द्वारा मोगलपुरा पुलिस चौकी परिसर में पुलिस की सुरक्षा में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरित किए गए। एजेंसी के निदेशक मनोज सिंह ने बताया कि मोगलपुरा पुलिस चौकी में 450 गैस सिलेंडर वितरित किए गए। दरअसल, घरेलू गैस नहीं मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने बुधवार को पटना सिटी की मां पटन देवी गैस एजेंसी और कंकड़बाग की एक एजेंसी से सिलेंडर लूट लिए थे। इस घटना के बाद गैस एजेंसी ने पुलिस चौकी में सिलेंडर वितरित करने का निर्णय लिया। वहीं, कंकड़बाग, गुलजारबाग, फुलवारीशरीफ, दीघा और दानापुर में भी मजिस्ट्रेट और पुलिस की निगरानी में सिलेंडर का वितरण किया गया। इधर, बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को घरेलू गैस नहीं मिल रही है। घरेलू और कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का संकट बढ़ता जा रहा है। कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की किल्लत से होटल-रेस्टोरेंट कारोबार बुरी तरह प्रभावित है। संचालकों ने मेन्यू में कटौती शुरू कर दी है। छोटे कारोबारी अपना कारोबार समेटने लगे हैं। शहर के कई बड़े होटल और रेस्टोरेंट अब सीमित संसाधनों में काम चला रहे हैं। पहले जहां रोज 3-4 कॉमर्शियल सिलेंडर मिलते थे, अब मुश्किल से 1-2 सिलेंडर ही मिल पा रहे हैं। व्यवसायियों का कहना है कि अगर जल्द गैस संकट नहीं टला, तो मेन्यू में और कटौती होगी और खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ाने पड़ेंगे। कुछ होटल संचालक अब इंडक्शन का उपयोग करने लगे हैं और छोटे काम उसी पर किए जा रहे हैं, जबकि तंदूर पहले की तरह चालू हैं। स्ट्रीट वेंडर घरेलू गैस का उपयोग कर रहे जेपी गंगा पथ स्थित जेपी सेतु के नीचे दुकान लगाने वाले स्ट्रीट वेंडर घरेलू गैस का उपयोग कर रहे हैं। गुरुवार को भास्कर की पड़ताल में फास्ट फूड दुकानदार घरेलू गैस का उपयोग करते पाए गए।

## सैदपुर नाले पर दिसंबर तक सड़क बन जाएगी, 5 लाख लोगों को फायदा

**पटना (एजेंसी)** सैदपुर नाले पर 5.7 किमी लंबी सड़क बन रही है। इनमें से 3.2 किमी, सैदपुर से गाय घाट तक, नाले को ढंककर सड़क बनाई जाएगी। इसका काम तेजी से चल रहा है। इस साल दिसंबर तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस सड़क के बनने से 13 वार्डों की करीब 5 लाख आबादी को अवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही उन्हें नाले की दुर्गंध से मुक्ति भी मिलेगी। बुडको के एमडी अनिमेष कुमार पराशर ने निर्माण एजेंसी और प्रोजेक्ट इंजीनियरों को तय समय-सीमा में निर्माण कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया है। मानसून से पहले काम में तेजी लाने को कहा है, ताकि बारिश के दौरान स्थानीय लोगों को जलजमाव का सामना न करना पड़े। इस नाले के दोनों तरफ घनी बसाहट है। इसको देखते हुए नाले को ढंककर उसपर सड़क बनाने का निर्णय लिया गया है। इस कारण इसकी डिजाइन में बदलाव किया गया है। अब इस पर 331.36 करोड़ खर्च होंगे। पहले इस प्रोजेक्ट की लागत 260 करोड़ थी। इस तरह करीब 70 करोड़ रुपए लागत बढ़ गई है। 11 बड़े इलाकों का ड्रेनेज जुड़ा है : सैदपुर नाले से करीब 11 इलाकों का ड्रेनेज जुड़ा है। ऐसे में बुडको द्वारा 11.5 किमी में कैचमेंट नाले का निर्माण भी किया जा रहा है। सैदपुर नाले में भिखना पहाड़ी, मछुआ टोली, मोइनुल हक स्टेडियम, बहादुरपुर, सुल्तानगंज, मुसल्लहपुर हाट, बकरी बाजार, संदलपुर, छोटी पहाड़ी, बड़ी पहाड़ी और गुलजार बाग के नालों का पानी आता है। अशोक राजपथ से गंगा पथ तक जुड़ेगा : सैदपुर नाले पर सड़क बनने से शहर की कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी। इससे राजेंद्र नगर इलाके के साथ ही साइंस सिटी तक पहुंचने में सहूलियत होगी। इसके अलावा अशोक राजपथ से लेकर गंगा पथ तक आवाजाही आसान होगी। गायघाट तक सैदपुर नाले की सड़क जुड़ जाएगी। इससे अशोक राजपथ पर लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी। सफाई के लिए जगह-जगह बॉक्स बनेंगे : अभी सैदपुर नाले की गहराई 2.4 से 4 मीटर तक है। इसे बढ़ाकर 3.5 से 5 मीटर किया जा रहा है। सड़क बनने के बाद भी नाले की सफाई की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए कुछ जगहों पर नाले को खुला रखा जाएगा। साथ ही जगह-जगह बॉक्स बनाए जाएंगे।

## पटना में पिस्टल के साथ हथियार तस्कर अरेस्ट

पटना (एजेंसी) पटना के चित्रगुप्त नगर इलाके के सवेरा हॉस्पिटल के पास से एक हथियार तस्कर को पकड़ा गया है। इसकी पहचान रोहित कुमार उर्फ बिट्टू के तौर पर हुई है। उसे सवेरा हॉस्पिटल के पास से पकड़ा गया। पुलिस अब तस्कर से पूछताछ कर तक किन-किन लोगों को हथियार सप्लाई किया गया, इसकी भी जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, बिट्टू मनेर से हथियार लाकर राजेंद्र नगर पत्रकार नगर और चित्रगुप्त नगर के इलाके में डिलीवरी करता था। इसकी सूचना बहादुरपुर के थानेदार शुभम झा को लगी। इसके बाद उन्होंने चित्रगुप्त नगर थाना पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई की योजना बनाई। इसके बाद बुधवार को बहादुरपुर और चित्रगुप्त नगर के थानेदार सादे लिबास में सवेरा हॉस्पिटल के पास तस्कर का इंतजार करने लगे। जैसे तस्कर वहां पर पहुंचा, थानेदार ने उसे पकड़ने की कोशिश की। पकड़े जाने के दौरान आरोपी पुलिस को झटका देकर भागने लगा, लेकिन चित्रगुप्त नगर थानेदार ने पीछे से उसे पकड़ लिया। करीब 10 मिनट तक पुलिस और तस्कर के बीच गुत्थम-गुत्थी चलती रही। इस दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गई और कुछ शरारती तत्वों ने आरोपी को छुड़ाने की कोशिश भी की, लेकिन पुलिस ने आखिरकार उसे काबू में कर लिया।

## गयाजी को 744 करोड़ की सौगात, मंच पर फिर दिखा नीतीश-सम्राट का 'खास तालमेल'; क्या बिहार में होने वाला है बड़ा बदलाव

### मुख्यमंत्री नीतीश ने फिर थामा सम्राट चौधरी का कंधा, गया में विकास योजनाओं की बारिश के बीच नई चर्चाएं तेज



**पटना (एजेंसी)** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गयाजी को 744 करोड़ रुपए का गिफ्ट दिया. इस दौरान जनसंवाद कार्यक्रम के बीच सीएम नीतीश ने एक बार फिर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखा, जिसके बाद चर्चा ने फिर जोर पकड़ लिया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज (शुक्रवार) को गयाजी जिले में पहुंचे. यहां उन्होंने 377 करोड़ से 140 योजनाओं का शिलान्यास और 367 करोड़ से 553 योजनाओं का उद्घाटन किया. इसके साथ ही जीविका दीदियों की तरफ से लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण भी किया. इस दौरान वे जनसंवाद कार्यक्रम में भी शामिल हुए. जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास कार्यों को गिनाया. इसके साथ ही लालू-राबड़ी शासनकाल पर जमकर हमला भी बोला. सीएम नीतीश ने कहा, पहले की सरकार ने महिलाओं के लिए कोई काम नहीं किया. इसके अलावा भी उन्होंने कई खामियों को गिनाया. सम्राट चौधरी के कंधे पर फिर रखा हाथ गयाजी में सीएम नीतीश मंच से लोगों को संबोधित करने के दौरान बीच में ही सम्राट चौधरी के पास गए. इस दौरान उन्होंने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखा. साथ ही वहां मौजूद लोगों से हाथ उठाने और समर्थन करने की अपील की. इसके बाद सीएम नीतीश ने कहा, बिहार बहुत आगे बढ़ेगा. जनता से सीएम नीतीश ने कहा, आप हाथ उठाइए, मैं आपको बधाई देता हूं. इससे पहले भी समृद्धि यात्रा के दौरान कई बार डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के कंधे पर सीएम नीतीश ने हाथ रखा. जिसके बाद से यह चर्चा तेज है कि सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री हो सकते हैं. लेकिन जेडीयू, बीजेपी या फिर एनडीए के किसी भी नेता की तरफ से आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है. एनडीए के नेताओं ने क्या कहा? बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री और लोजपा (रामविलास) पार्टी के विधायक संजय सिंह ने बिहार की राजनीति में सम्राट मॉडल चलने की चर्चा पर अपना समर्थन करते हुए कहा, सम्राट मॉडल का नतीजा है बिहार से अपराधी भाग रहे हैं. राज्य में अपराध कम हो चुका है. अपराधियों को सम्राट मॉडल पसंद नहीं आ रहा इसलिए वह बिहार छोड़ रहे हैं. दूसरी तरफ जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कानून के संदर्भ में ही सम्राट मॉडल की चर्चा की. उन्होंने कहा, नीतीश मॉडल के अलावा बिहार में कोई भी एजेंडा नहीं है. उसको कोई और मॉडल से मत जोड़िए. बिहार में सिर्फ एक मॉडल है और वह है

## बिहार की ऊर्जा इन्फ्रास्ट्रक्चर को किया जाएगा अपग्रेड

**पटना (एजेंसी)** बिहार में ऊर्जा इन्फ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने की योजना बनाई गई है. इसके लिए अगले 5 सालों में 81,000 करोड़ रुपए निवेश किए जायेंगे. इस योजना के तहत 38950 करोड़ रुपए पावर जेनरेशन की ओर लगाए जायेंगे. : भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 के मंच पर ह्यफोकस स्टेटह्व के रूप में बिहार ने जिस आत्मविश्वास के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य अब ऊर्जा क्षेत्र में निवेश का एक उभरता हुआ और भरोसेमंद केंद्र बन चुका है. समिट के दौरान बिहार के ऊर्जा क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों में हुए ऐतिहासिक बदलावों को उजागर किया गया. 81,000 करोड़ रुपए किए जायेंगे इंवेस्ट बिहार ने ऊर्जा सेवाओं के विस्तार में काफी प्रगति की है और इस सफलता को वैश्विक मंच पर भी सराहा गया. बिहार सरकार ने अगले पांच सालों में राज्य की ऊर्जा इन्फ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने के लिए 81,000 करोड़ रुपए के निवेश की योजना बनाई है. इस योजना के तहत 38950 करोड़ रुपए पावर जनरेशन की ओर लगाए जायेंगे. 16194 करोड़ ट्रांसमिशन को मजबूत करने के लिए लगाए जायेंगे और 22951 करोड़ डिस्ट्रीब्यूशन सुदृढ़ करने के लिए लगाए जायेंगे. इसके अलावा मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर के मेंटेनेंस और रख-रखाव के लिए 3346 करोड़ रुपए लगाए जायेंगे. रिन्यूएबल एनर्जी को लेकर टारगेट सेट जानकारी के मुताबिक, रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी 2025 के तहत बिहार ने वर्ष 2030 तक 24 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी और 6.1 गीगावाट एनर्जी स्टोरेज कैपेसिटी विकसित करने का लक्ष्य रखा है. निवेशकों के लिए ट्रांसमिशन शुल्क में छूट, ऊर्जा बैंकिंग, सिंगल विंडो क्लीयरेंस और कार्बन क्रेडिट जैसे प्रावधान राज्य को एक आकर्षक निवेश गंतव्य बना रहे हैं. समिट में और क्या-क्या दिखाया गया? समिट के दौरान 20 साल की यात्रा दिखी. बिहार ने पिछले 20 सालों में बिजली क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार का भी प्रदर्शन किया. 2005 में जहां राज्य को 700 मेगावाट बिजली मिलती थी

## गया एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आई फ्लाइट में 8.5 किलो मारिजुआना बरामद

**पटना (एजेंसी)** बिहार का गया एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट का नया ट्रांजिट पॉइंट बन गया है? बैंकॉक की फ्लाइट से उतरे यात्रियों के बैग खुले तो अकस्टम टीम के होश उड़ गए. 8.5 किलो मारिजुआना बरामद हुआ. बिहार के गया एयरपोर्ट पर ड्रग्स तस्करी के बड़े नेटवर्क का एक और खुलासा हुआ है. बैंकॉक से आई फ्लाइट में कस्टम टीम ने 8.5 किलोग्राम हाई क्वालिटी मारिजुआना (हाइड्रोपोनिक वीड) बरामद किया है. इस मामले में एक थाई महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 8.5 करोड़ रुपये आंकी जा रही है, एक किलो की कीमत एक करोड़ तक बताई जा रही है. कस्टम अधिकारियों को चार बैग में छिपाकर लाया गया मारिजुआना मिला. गिरफ्तार आरोपियों में थाई नागरिक वासना बोंगको के अलावा राहुल मिश्रा, मो. सलीम, वसीम तैयब मेमन और तबरेज नफासत शामिल हैं. हाइड्रोपोनिक वीड क्या है, क्यों है इतना महंगा हाइड्रोपोनिक वीड, मारिजुआना की एक हाई-ग्रेड किस्म होती है, जिसे विशेष तकनीक से उगाया जाता है. इसकी गुणवत्ता और प्रभाव अधिक होने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत बेहद ज्यादा होती है, जिससे तस्करों के लिए यह बड़ा मुनाफे का सौदा बन जाता है. लावारिस बैगों का राज डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस और कस्टम विभाग की सक्रियता से इस साल जनवरी से अब तक 60.5 किलोग्राम मारिजुआना जब्त किया जा चुका है. इसकी कुल अंतरराष्ट्रीय कीमत 60 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है, जो इस नेटवर्क की गहराई को दशार्ता है. मंगलवार को एयरपोर्ट पर अनक्लेम्ड (लावारिस) पड़े दो बैगों की जब जांच की गई, तो उनमें से भी 10 किलोग्राम मारिजुआना बरामद हुआ. यह लगेज 14 मार्च को थाई एयरवेज की फ्लाइट से आया था, लेकिन संभवतः पकड़े जाने के डर से किसी यात्री ने इसे क्लेम नहीं किया. इससे पहले 7 जनवरी को भी डीआरआई ने 17 किलोग्राम और 28 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के एक तस्कर को 8.8 किलो मारिजुआना के साथ दबोचा था. सुरक्षा एजेंसियों का चक्रव्यूह लगातार हो रही इन बरामदगी के बाद गया एयरपोर्ट पर सुरक्षा के मानकों को और कड़ा कर दिया गया

## बहन की शादी में दिल्ली से लौटे भाई की पीट-पीटकर हत्या, मां बोली- मेरे बेटे का क्या कसूर था



**पटना (एजेंसी)** पटना में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. मृतक के परिजनों ने बीच रोड पर शव को रखकर जमकर हंगामा किया. जानकारी के मुताबिक, वह अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए 3 दिन पहले ही आया था. फिलहाल, पुलिस हत्यारों की छापेमारी में जुटी है. पटना के दानापुर में तकिया पर पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर बदमाशों ने एक युवक को ईंट पत्थर, लाठी-डंडे और रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी. घटना गुरुवार को हुई थी. ऐसे में मृतक बिट्टू के आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शुक्रवार की सुबह दानापुर-गांधी मैदान मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. लोगों ने रोड पर शव को रखकर प्रदर्शन किया. गुरुवार को क्या हुई थी घटना?

प्रदर्शन की वजह से अवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो गया. घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है. गुरुद्वारा रोड चौधराना रोड निवासी विनय कुमार सिंह के 25 साल के बेटे बिट्टू उर्फ पलकिया गुरुवार की शाम में तकियापार मोड़ के पास चाय दुकान पर चाय पी रहे थे. इसी दौरान 20 से 25 युवकों ने बिट्टू को दुकान से खींच कर ईंट-पत्थर, लाठी-डंडे और रॉड से पीट-पीटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया. आक्रोशितों ने बीच रोड पर किया हंगामा घटना के बाद बिट्टू को पटना के निजी अस्पताल में ले जाने के दौरान ही देर रात मौत हो गई थी, जिसके बाद शुक्रवार को सुबह शव आने के बाद मृतक बिट्टू के परिजनों ने जमकर हंगामा किया. परिजनों ने बीच सड़क पर बिट्टू के शव को रखा और जमकर आगजनी की. परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की. लगभग दो घंटे तक आवागमन पूरी तरह से ठप रहा. मृतक की मां और नानी ने क्या की मांग? घटना से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी पर अड़े रहे. पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया. मृतक की मां का रो-रोकर बुरा हाल है. उन्होंने कहा मेरे बेटे ने क्या कसूर किया था कि उसे इतनी बेरहमी से मार दिया गया. जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक रोड जाम रहेगा. मृतक की नानी ने बताया कि बिट्टू बचपन से ननिहाल में ही रहता था और परिवार का बेहद लाडला था. वह अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए तीन दिन पहले ही दिल्ली से घर आया था. थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि हत्या के विरोध में परिजनों ने सड़क जाम किया था, जिसे समझाकर हटाया गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है.

## पटना हॉस्टल कांड : गांव पहुंची CBI टीम, परिजनों ने नहीं खोला दरवाजा-20 मिनट इंतजार के बाद लौटी टीम




**पटना (एजेंसी)** पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की मौत का रहस्य कभी सुलझ पाएगा? जहानाबाद पहुंची सीबीआई की टीम को परिजनों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा. 'जांच का नतीजा शून्य'-आखिर क्यों न्याय की उम्मीद छोड़ रहे हैं पीड़ित? पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल में रहकर NEET की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) की टीम एक बार फिर जहानाबाद के रतनी स्थित पैतृक गांव पहुंची. लेकिन इस बार भी टीम को निराशा ही हाथ लगी. परिजनों ने बातचीत से साफ इनकार कर दिया और घर में प्रवेश तक नहीं करने दिया, जिसके बाद टीम को बैरंग लौटना पड़ा. परिजनों ने सीबीआई को घर में घुसने से रोका पटना के चर्चित शंभू गर्ल्स हॉस्टल में नीट छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में जांच की आंच एक बार फिर जहानाबाद के पैतृक गांव तक पहुंच गई है. गुरुवार को डीएसपी विभा कुमारी के नेतृत्व में सीबीआई की तीन सदस्यीय टीम छात्रा के गांव पहुंची. सीबीआई की टीम करीब 20 मिनट तक छात्रा के घर के बाहर खड़ी रही, लेकिन परिजनों ने उन्हें घर के अंदर प्रवेश तक नहीं करने दिया. परिजनों का साफ कहना है कि कई बार की पूछताछ के बावजूद अब तक जांच किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है. मां की हालत नाजुक सीबीआई की टीम ने छात्रा की मां से बात करने की कोशिश की, ताकि केस से जुड़े कुछ अनसुलझे पहलुओं को समझा जा सके, लेकिन परिवार के सदस्यों ने इनकार कर दिया. परिजनों ने बताया कि अपनी होनहार बेटी को खोने के गम में मां की मानसिक और शारीरिक स्थिति बेहद खराब है. वह रह-रहकर बेहोश हो जाती हैं और किसी भी तरह के सवाल-जवाब की स्थिति में नहीं हैं. गांव से खाली हाथ लौटने के बाद सीबीआई की टीम शकूराबाद थाना पहुंची. इसके बाद टीम छात्रा के पिता के कार्यस्थल ह्यप्लस टू प्रवेशिका विद्यालय शकूराबादह्व भी पहुंची, लेकिन वहां से भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी क्योंकि पिता चंद मिनट पहले ही वहां से निकल चुके थे. न्याय की डगर अब भी है पथरीली सीबीआई इस मामले की तह तक जाने की कोशिश तो कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर परिजनों का सहयोग न मिलना और अब तक किसी बड़ी गिरफ्तारी या खुलासे का न होना केस को पेचीदा बना रहा है. क्या यह आत्महत्या थी या इसके पीछे कोई गहरी साजिश? इस सवाल का जवाब फिलहाल वक्त की परतों में दफन है.

## बिहार में अगले 48 घंटे में बदलेगा मौसम, तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान की चेतावनी



**पटना (एजेंसी)** बिहार में अगले 48 घंटे में मौसम का मिजाज बदल सकता है. मौसम विभाग की तरफ से 20 से 21 मार्च के बीच राज्य के 8 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जबकि 30 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है. इन जिलों में तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है. बिहार में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतर भागों में मध्यम से तेज गति हवा चलने और हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने का पूवार्नुमान है. साथ ही, अगले 24 घंटों के दौरान राज्य में बदल गरजने और ठनका गिरने की प्रबल संभावना है. मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा. इसके बाद अगले 48 घंटों के दौरान तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी होने की संभावना है. मौसम विभाग की माने तो, 24 घंटों में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस कैमूर में रहा.इन जिलों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी मौसम विभाग की ओर से 20 से 21 मार्च के बीच राज्य के 8 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जबकि 30 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है. जिन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, उनमें मधुबनी, सुपौल, खगड़िया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर और बांका शामिल है. इन जिलों में आंधी, तेज बारिश के साथ ओले गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है. पिछले 24 घंटे में कैसा रहा तापमान? पिछले 24 घंटों के दौरान कई जिले में लोगों को गर्मी से राहत मिली. मौसम विभाग की माने तो, मुजफ्फरपुर, जहानाबाद, नालंदा, अरवल, डेहरी और गयाजी के तापमान में गिरावट दर्ज की गई. सबसे कम न्यूनतम तापमान नालंदा के राजगीर में 18 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया. अगले 48 घंटे में मौसम में बदलाव होने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा सकेगी. पटना में कैसा रहा मौसम? मौसम विभाग की माने तो, पटना का न्यूनतम तापमान 31 डिग्री के आस-पास दर्ज किया गया. दोपहर के वक्त तेज धूप ने लोगों को परेशान किया. लेकिन शाम-शाम तक मौसम में थोड़ा बदलाव हुआ. आज सुबह-सुबह हल्की ठंडी हवा महसूस की गई. विभाग की माने तो, अगले 24 घंटे में पटना के मौसम में भी बदलाव हो सकता है. जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी.

## पटना में सजेगी सुरों की महफिल, शान और सोना मोहापात्रा की धुनों पर झूमेगा गांधी मैदान



**पटना (एजेंसी)** इस बार बिहार दिवस पर पटना का कोना-कोना लोकधुनों और थिरकते कदमों से गुलजार होने वाला है. 69 दिग्गज कलाकार और नामचीन संस्थाएं एक साथ एक मंच पर-जानें कहां और कब होगा असली सांस्कृतिक धमाका. बिहार दिवस 2026 के मौके पर पटना एक बार फिर सांस्कृतिक रंगों में रंगने जा रहा है. 22 से 24 मार्च तक गांधी मैदान, प्रेमचंद रंगशाला और रवीन्द्र भवन में तीन दिवसीय भव्य सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन होगा. इस दौरान 69 कलाकार और संस्थाएं लोकगीत, शास्त्रीय संगीत, नृत्य और नाटक के जरिए बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करेंगी. गांधी मैदान बनेगा सांस्कृतिक केंद्र बिहार दिवस 2026 के शुभ अवसर पर राजधानी पटना कला और संस्कृति के एक अद्भुत महाकुंभ की गवाह बनने जा रही है. आगामी 22, 23 और 24 मार्च को आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय भव्य उत्सव के लिए गांधी मैदान, प्रेमचंद रंगशाला और रवीन्द्र भवन को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है. इस बार जिला प्रशासन और संस्कृति विभाग ने स्थानीय प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय मंच प्रदान करने का संकल्प लिया है, जिसमें लोकगीत, शास्त्रीय संगीत, और रंगमंच का अनोखा संगम देखने को मिलेगा. लोकगायकों का जलवा और शास्त्रीय गायन की गूंज उत्सव के पहले दिन यानी 22 मार्च को सुबह 10:00 बजे से ही गांधी मैदान का माहौल भक्ति और उत्साह से भर जाएगा. कार्यक्रम का आगाज शनिष यादव और नवल किशोर शर्मा के ओजपूर्ण लोकगायन के साथ होगा. दोपहर की कड़कती धूप में सुनिधि सुमन, पूजा उपाध्याय और डॉ. निशा परासर के मधुर लोकगीत दर्शकों को शीतलता का अहसास कराएंगे. शाम ढलते ही डॉ. अमृता का शास्त्रीय गायन फिजाओं में मिश्री घोलेगा, जबकि सबेरा कला केंद्र के कलाकार सामूहिक लोकनृत्य से मंच पर ऊर्जा भर देंगे. इसी दिन विभिन्न सामाजिक संदेशों के साथ नाटकों का मंचन भी किया जाएगा, जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देंगे. शास्त्रीय नृत्य और मैथिली संस्कृति का संगम 23 मार्च को कार्यक्रम का दूसरा पड़ाव रंगनाद समूह के लोकगायन से शुरू होगा, जिसके बाद शास्त्रीय नृत्य की एक शानदार श्रृंखला दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी. वहीं, उत्सव के समापन यानी 24 मार्च को डॉ. पूनम सिन्हा और अवधेश कुमार के स्वरों के साथ सभा का शुभारंभ होगा. इस अंतिम दिन की विशेष आकर्षण मैथिली संस्कृति की वह अनूठी झलक होगी, जो बिहार की भाषाई विविधता और मिठास को प्रदर्शित करती है. तीन दिनों के भीतर कुल 69 स्थानीय कलाकार और संस्थाएं अपनी कला का प्रदर्शन कर यह साबित करेंगे कि बिहार की कला आज भी अपनी जड़ों से मजबूती से जुड़ी हुई है.\



## राजकुमार राव की अगली फिल्म 'रफ्तार' में कीर्ति सुरेश होंगी फीमेल लीड

**राजकुमार राव आखिरी बार फिल्म 'मालिक' में खूंखार लुक में नजर आए थे। अब उनकी आने वाली फिल्म अनाउंसमेंट हो गई है। एक्टर और मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी शेयर की।**

राजकुमार राव अगली फिल्म 'रफ्तार' में नजर आएंगे। उनके साथ साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश लीड रोल में होंगी। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य निंबालकर कर रहे हैं, जबकि इसे राजकुमार राव की पत्नी पत्रलेखा अपने बैनर कम्पा फिल्म के तहत प्रोड्यूस कर रही हैं।
फिल्म की कहानी तेजी से बढ़ती स्टार्टअप की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें एक ऐसे लड़के और लड़की की कहानी दिखाई जाएगी जो सफलता पाने के लिए बहुत महत्वाकांक्षी हैं। जैसे-जैसे पैसा, ताकत और लालच बढ़ता है, वैसे-वैसे उनके रिश्ते की भी परीक्षा होने लगती है। बताया जा रहा है कि फिल्म भारत के कॉमर्शियल एजुकेशन सिस्टम पर एक सटायर भी है, जिसमें दिखाया जाएगा कि कैसे कई बार ज्ञान से ज्यादा मुनाफे को अहमियत दी जाती है। कहानी यह सवाल भी उठाती है कि सफलता पाने की कीमत क्या होती है और क्या वह कीमत सच में सही है। जैसे ही पोस्ट शेयर की गई, उसके बाद से ही फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। फिल्म के नाम को देखकर लोग कयास लगा रहे हैं कि ये रैपर रफ्तार की बायोपिक है, और लोग बड़े उत्साह से कमेंट में रैपर रफ्तार की तारीफें कर रहे हैं। हालांकि अभी ऐसी कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है, जिसमें ऐसा जिक्र किया गया हो कि ये मूवी रैपर रफ्तार की जिंदगी पर आधारित होगी।

### कब रिलीज होगी मूवी?

इस फिल्म में राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश के अलावा तान्या मानिकतला, रजत कपूर, अनुराग ठाकुर और रोहन वर्मा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 24 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'सरके चुनर' विवाद से नोरा ने पल्ला झाड़ा

कन्नड़ फिल्म 'केडी' का गाना 'सरके चुनर' विवादों में है। इस गाने पर नोरा फतेही ने डांस किया है। दो दिन पहले ये गाना यूट्यूब पर रिलीज हुआ। रिलीज होते ही यह विवादों में आ गया। विवाद में आने के बाद गाने को मेकर्स ने सोशल मीडिया से हटा लिया है। नोरा फतेही ने इस विवाद से खुद को अलग कर लिया है।

### नोरा की पोस्ट में क्या है?

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में नोरा फतेही ने अपना एक वीडियो शेयर करते हुए एक पोस्ट लिखी। इसमें उन्होंने लिखा 'मैं बिल्कुल नहीं चाहूंगी कि कोई यह सोचे कि मैं इस गाने का समर्थन करती हूं। आपकी कड़ी प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद, क्योंकि इसी दबाव की वजह से फिल्म बनाने वालों ने इसे हटा लिया है।' उन्होंने आगे कहा 'मैं आप सभी से यह भी गुजारिश करूंगी कि इस गाने को शेयर करना बंद कर दें, क्योंकि आप इसे बेवजह एक प्लेटफॉर्म दे रहे हैं। मैं देख रही हूं कि आप में से कुछ लोग इसे मेरे चरित्र पर हमला करने के एक मौके के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।'

### गाने के बारे में नहीं थी जानकारी

उन्होंने आगे कहा 'मुझे इस हिंदी गाने के बारे में बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी। मैंने इस पर कोई परफॉर्मेंस नहीं दी। मेरी तस्वीर के साथ इसका इस्तेमाल करने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी।' यह गाना 3 साल पहले कन्नड़ भाषा में शूट किया गया था।

### लेखक ने झाड़ा पल्ला

ख्याल रहे कि गाने पर विवाद होने के बाद इसके लेखक रकीब आलम ने भी विवाद से अपना पल्ला झाड़ लिया है। उन्होंने कहा कि वह इस गाने को नहीं लिखना चाहते थे, निर्देशक के कहने पर कन्नड़ में लिखे गाने को वर्ड टू वर्ड ट्रांस्लेट किया है।

### पहला गाना विवादों में

इस गाने को सिंगर मंगली ने गाया है। वह साउथ की सिंगर हैं। उन्होंने इस गाने से हिंदी में डेब्यू किया था, हालांकि उनका पहला ही गाना विवादों में आ गया।




## 80 करोड़ में बिके अक्षय और सैफ की 'हैवान' के राइट्स

अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म 'हैवान' 2026 की चर्चित रिलीज में शामिल है। इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है। हाल ही में खबर आई थी कि सोनी नेटवर्क ने फिल्म के सैटेलाइट, डिजिटल और म्यूजिक राइट्स हासिल कर लिए हैं। नई जानकारी के मुताबिक इस फिल्म के नॉन-थिएट्रिकल राइट्स 80 करोड़ रुपए की बड़ी रकम में बेचे गए हैं। सूत्रों के अनुसार... 'फिल्म को लेकर बाजार में उत्साह था और कई प्लेटफॉर्म्स इसे खरीदने की होड़ में थे। हालांकि सबसे ऊंची बोली सोनी नेटवर्क की रही, जिसने 80 करोड़ रुपए में सैटेलाइट, डिजिटल और म्यूजिक राइट्स अपने नाम किए। इस डील के साथ ही फिल्म की टीम अपनी लागत का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा पहले ही वसूल कर चुकी है। फिल्म की रिलीज अगस्त महीने में हो सकती है। मेकर्स इसे किसी बड़ी टक्कर से बचाते हुए सोलो रिलीज देना चाहते हैं, ताकि फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर साफ रन मिल सके।'




## सलमान की 'बैटल ऑफ गलवां' का बदला नाम

सलमान खान की आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अब फिल्म की रिलीज से पहले मेकर्स ने फिल्म का नाम ही बदल दिया है। अब सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के नाम से रिलीज नहीं होगी। इसकी जानकारी देते हुए मेकर्स ने फिल्म के नए नाम की भी घोषणा कर दी है।

### मेकर्स ने बताया नया नाम

फिल्म के लीड एक्टर और प्रोड्यूसर सलमान खान ने आज फिल्म के नए नाम के साथ एक नया पोस्टर साझा किया है। पोस्टर में सलमान खान सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। इंटेंस लुक में सलमान खान की आंखें दिख रही हैं, जिनमें गुस्सा और जोश नजर आ रहा है। उनके चेहरे पर खून लगा हुआ और वो मोटी जंजीर से बंधी एक लकड़ी को पकड़े दिख रहे हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में युद्ध के दौरान सैनिक नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर को साझा करते ही मेकर्स ने फिल्म का नया नाम भी रिवील कर दिया है। अब यह फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' के नाम से रिलीज होगी।

### क्या आगे बढ़ गई रिलीज डेट?

'बैटल ऑफ गलवां' 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी। लेकिन हैरान करने वाली बात ये है कि सलमान खान ने नाम बदलने वाली जो पोस्ट साझा की है, उसमें कहीं भी फिल्म की रिलीज डेट नजर नहीं आ रही है। न ही फिल्म के पोस्टर पर और न ही कैप्शन में कहीं भी 17 अप्रैल या कोई भी रिलीज डेट नहीं दिख रही है। इसके बाद अब सवाल ये भी उठता है कि क्या फिल्म की रिलीज डेट भी आगे बढ़ गई है?

### अपूर्व लाखिया ने किया निर्देशन

'मातृभूमि' का निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है। जबकि फिल्म को सलमान खान फिल्म्स द्वारा के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा फिल्म में गोविंदा के भी नजर आने की संभावना है। यह फिल्म 2020 के दौरान गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प पर आधारित बताई जा रही है।

## मुश्किल वक्त को खुद पर हावी नहीं होने देता

मुश्किल दौर से हाल ही में निकले कमीडियन व अभिनेता राजपाल यादव ने मुश्किल समय में अपनी भावनात्मक मजबूती और सकारात्मक सोच के बारे में खुलकर बात की। पिछले कुछ महीनों से चल रहे कानूनी मामलों और निजी परेशानियों के बावजूद एक्टर ने हिम्मत नहीं हारी और काम पर पूरा फोकस रखा। आईएएनएस से खास बातचीत के दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर अपनी राय रखी। राजपाल यादव से पूछा गया कि क्या ये चुनौतियां उनके काम और मनोबल पर असर डालती हैं। तो उन्होंने बताया, 'हर दिन एक नई शुरुआत होती है। हर दिन काम का दिन होता है। हर दिन एक नया दिन होता है।'
एक्टर ने कहा कि वह मुश्किलों को खुद पर हावी नहीं होने देते, बल्कि हर सुबह नई उम्मीद के साथ उठते हैं और अपनी कला पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने बातचीत में सकारात्मकता के लिए ईश्वर का आभार भी जताया। राजपाल यादव ने कहा, 'भगवान सबका भला करे। आजादी से सब सांस लें।'
इससे पहले एक्टर ने बताया था कि वह जज के सामने कभी नहीं रोए और न ही कोर्ट को कभी बताया कि उनके पास पैसे नहीं हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रहे दावों को पूरी तरह मनगढ़ंत और गलत बताया। राजपाल ने बताया कि ऐसी खबरें फैलाने वाले ज्यादातर वे लोग हैं जिन्हें मामले की कोई जानकारी नहीं है। वे बस इंटरनेट पर फैक्ट्स को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं और अपनी दुकानें चला रहे हैं।



## निकिता दत्ता ने जुबीन नौटियाल से शादी की खबरों पर की बात



कई सेलेब्रिटीज के बाद अब अभिनेत्री निकिता दत्ता ने भी इंडस्ट्री में होने वाले पीआर गेम पर बात की। साथ ही उन्होंने सुर्खियां बटोरने के लिए फैलाई जाने वाली अफवाहों की खुलकर आलोचना की। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिंगर जुबीन नौटियाल के साथ अपने रिलेशनशिप और शादी की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री का कहना है कि वह अनजाने में भी अफवाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं।
बातचीत के दौरान निकिता ने जुबीन नौटियाल के साथ अपनी शादी की अफवाहों पर कहा कि पीआर के बारे में मेरी समझ की बात करें, तो बेशक यह बहुत देर से आई। यह एक ऐसी बात है, जिसका मुझे अफसोस है और काश कबीर सिंह के रिलीज होने के समय मुझे इस बात की थोड़ी बेहतर जानकारी होती कि चीजें कैसे काम करती हैं। दूसरी बात अगर आप इन सभी वर्षों में मेरे करियर को देखें, तो मैंने व्यक्तिगत और निजी जीवन के बीच एक सीमा बनाए रखी है। इस सीमा को मैंने कभी पार नहीं किया है। आपने मेरे बारे में कभी भी मनगढ़ंत अफवाहें नहीं सुनी होंगी। मैं वैसी इंसान नहीं हूं। मैं न तो ऐसी अफवाहें फैलाना पसंद करती हूं और न ही उनका हिस्सा बनना, चाहे अनजाने में ही क्यों न हो। मैं ऐसी चीजों का समर्थन नहीं करती। मार्केटिंग स्ट्रेटजी के बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्रोडक्शन हाउस का निर्णय होता है।
बीते दिनों निकिता को जुबीन नौटियाल के साथ सिंगर के होम टाउन में देखा गया था। इसके बाद ही दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं सामने आई थीं। हालांकि, अब निकिता ने साफ तौर पर तो शादी के सवाल पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन उन्होंने अफवाहों और पीआर गेम की बात करते हुए इशारों में इसे गप्प बता दिया।





## डकैत के बाद 'जी2' पर जुटेंगे अदिवि शेष स्पाई ड्रामा 'जी3' भी हो सकती है अनाउंस

भारतीय सिनेमा में क्रॉस-इंडस्ट्री कोलैबोरेशन का ट्रेड तेजी से बढ़ रहा है। इस वक्त जिस जोड़ी पर सबसे ज्यादा नजरें टिकी हैं, वह है मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की। दोनों की अपकमिंग फिल्म 'डकैत: ए लव स्टोरी' को लेकर चर्चाएं तेज हैं, लेकिन सूत्र बताते हैं कि यह कोलैबोरेशन केवल एक फिल्म तक सीमित नहीं रहने वाली बल्कि सूत्रों की मानें तो 'डकैत' की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री से प्रभावित एक बड़े प्रोडक्शन हाउस ने मृणाल और अदिवि को 2027 की एक और फिल्म के लिए अप्रोच किया है। अगर सब कुछ तय योजना के मुताबिक चला, तो 'डकैत' से शुरू हुआ यह कोलैबोरेशन आने वाले वर्षों में पैन-इंडिया सिनेमा का बड़ा अध्याय साबित हो सकता है। फिलहाल प्रोजेक्ट का नाम सामने नहीं आया है।

### एनामॉर्फिक लेंस पर गोल्डन पैलेट में शूट हुई है फिल्म

फिल्म 'डकैत' की शूटिंग ग्रामीण लोकेशन्स और विशाल सेट्स पर की गई है, जो 70-80 के दशक के चंबल के बीहड़ों की याद दिलाते हैं। क्लाइमैक्स का एक बड़ा एक्शन सीन, जिसमें अदिवि घायल हुए थे, फिल्म का टर्निंग पॉइंट होगा। यह हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और देसी हथियारों वाला रॉ एक्शन सीन है। सिनेमैटोग्राफी शिनिएल देओ संभाल रहे हैं। वह इसे डस्टी और गोल्डन पैलेट के साथ एनामॉर्फिक लेंस पर शूट कर रहे हैं। 'डकैत' के संगीत के लिए अमित त्रिवेदी या हर्षवर्धन रामेश्वर के नाम पर चर्चा है। इसमें चंबल और बुंदेलखंड के कई स्थानीय थिएटर आर्टिस्ट्स को भी कास्ट किया गया है।

### 'मेजर 2' पर भी शुरू हो सकता है काम

'डकैत' के तुरंत बाद अदिवि शेष अपनी स्पाई फ्रेंचाइज 'जी2' (गुडाचारी 2) पर फोकस करेंगे। यह फिल्म उनकी चर्चित स्पाई फिल्म 'गुडाचारी' की सीक्वल है और 1 मई 2026 को रिलीज के लिए शेड्यूल बताई जा रही है। चर्चा है कि 2027 की शुरुआत में इसके तीसरे पार्ट या बड़े स्पिन-ऑफ की घोषणा भी हो सकती है। 'जी2' में अदिवि के साथ वमिका गब्बी नजर आएंगी। फिल्म इंडस्ट्री के जानकारों का मानना है कि इन दो बड़ी रिलीज के बाद अदिवि 2027 में किसी मेगा बजट प्रोजेक्ट संभवतः 'मेजर 2' पर भी काम शुरू कर सकते हैं।

### बीहड़ों की पृष्ठभूमि पर बुनी गई एक इमोशनल लव स्टोरी है 'डकैत'

'डकैत' को सिर्फ एक एक्शन-रोमांस कहना इसके साथ नाइंसाफी होगी। यह बीहड़ों की पृष्ठभूमि पर बुनी गई एक इमोशनल लव स्टोरी है, जिसकी संभावित टैगलाइन 'प्यार और बारूद के बीच की कहानी' बताई जा रही है। फिल्म में अदिवि एक ऐसे शख्स की भूमिका में हैं जो हालातों के चलते हथियार उठाने पर मजबूर होता है। उनका लुक सूटेड-बूटेड स्पाई इमेज से बिल्कुल अलग बढ़ी दाढ़ी, बिखरे बाल और खादी के कुर्ते वाला रखा गया है। वहीं मृणाल पारंपरिक एथनिक अंदाज में नजर आएंगी, लेकिन उनका किरदार महज प्रेमिका का नहीं, बल्कि कहानी की मजबूत कोर का है।



# युशस्वी सहित इन तीन क्रिकेटरों पर रहेगी रॉयल्स की जिम्मेदारी

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में इस बार नये कप्तान रियान पराग के साथ उतर रही। राजस्थान रॉयल्स का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। रॉयल्स के पास उभरते क्रिकेटर युशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और शिमोन हैटमायर हैं हालांकि उसे इस सत्र में अनुभवी बल्लेबाज संजू सैमसन की कमी खेलेगी। टीम का उम्मीद रहेगी की उसके युवा खिलाड़ जबरदस्मत प्रदर्शन कर उसे जीत दिलायें। पिछले कुछ सत्र में टीम ने युवाओं को अधिक से अधिक अवसर दिये हैं। जिस प्रकार से वैभव, यशस्वी और पराग सहित युवा खेल रहे हैं उससे रॉयल्स का सामना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। ये खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं और टीम की सफलता काफी हद तक इनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। राजस्थान रॉयल्स की सबसे बड़ी ताकत उनकी संतुलित बल्लेबाज़ी है। टीम में शीर्ष क्रम से लेकर मध्य क्रम तक ऐसे खिलाड़ी हैं जो बड़े शॉट्स खेलने के साथ-साथ पारी को संभालने में कुशल हैं। टीम में देशी ओर विदेशी खिलाड़ियों का मिश्रण इसे ओर भी अधिक घातक बनाता है। टीम किसी भी प्रकार के हालातों में निडर होकर खेलने तैयार है। इसके बाद भी इन तीन खिलाड़ियों को निभानी होगी अहम भूमिका।

**यशस्वी जायसवाल :** यशस्वी जायसवाल इस सीज़न में टीक के सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ साबित हो सकते हैं। बाएं हाथ के इस युवा ओपनर ने पिछले सीज़न में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 पारियों में 559 रन बनाए थे। उनका स्ट्राइक रेट 159.71 रहा, जो उनकी आक्रामक बल्लेबाज़ी को दिखाता है। वह बड़ी पारी खेलने में माहिर होने के साथ ही एंकर की भूमिका भी निभाते हैं। सैमसन के टीम से जाने के बाद अब बल्लेबाज़ी की ज़िम्मेदारी काफी हद तक उनके पास रहेगी। ऐसे में टीम को अच्छी शुरुआत देने की जिम्मेदार उनपर रहेगी।

**वैभव सूर्यवंशी:** 14 साल के युवा बल्लेबाज़ वैभव सूर्यवंशी रॉयल्स के लिए सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं। पिछले सत्र में उन्होंने 206.56 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाकर सबको प्रभावित किया था।उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों में शतक लगाकर इतिहास रच दिया था और टीम20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी बने। इस दूसरे सत्र में भी उनका लक्ष्य अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा। वैभव का कहना है कि उनकी नजरें क्रिस गेल के 175 रनों का रिकार्ड तोड़ना है।



**शिमरॉन हेटमायर:** वेस्टइंडीज़ के आक्रामक बल्लेबाज़ शिमरॉन हेटमायर रॉयल्स मध्यक्रम के आधार हैं। वह लंबे समय से टीम का हिस्सा हैं और कई मौकों पर मैच विजेता पारियां खेल चुके हैं।हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा, जहां उन्होंने तेज़ स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उनकी सबसे बड़ी ताकत दबाव में भी बड़े शॉट्स खेलने की क्षमता है। इस सत्र में टीम उनसे फिनिशर की भूमिका निभाने की उम्मीद करेगी।

# थरूर को याद आई गंभीर की बात, सैमसन को अगला धोनी बनने की जरूरत नहीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद से ही बल्लेबाज संजू सैमसन छाये हुए हैं। संजू की प्रशंसा करते हुए केरल से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि एक बार उनसे टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि उसे दूसरा महेंद्र सिंह धोनी बनने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह अपने में ही खास है और उसे संजू सैमसन ही बने रहना चाहिये। थरूर ने कहा कि तब उन्होंने बातचीत के दौरान गंभीर से कहा था कि वह अगला धोनी बनेगा। वहीं अब थरूर ने गंभीर की इस बात को याद करते हुए विश्वकप में संजू की बल्लेबाजी के अंदाज को सराहा है। थरुर का कहना है कि वह क्लब क्रिकेटर के तौर पर करियर की शुरुआत से ही सैमसन को पसंद करते हैं। अब जबकि उसने इतनी उपलब्धियों को हासिल कर लिया है कि उन्हें उसपर गर्व होता है।

उन्होंने कहा, मैं उससे तब मिला था जब वह 14 साल का था, वह एक युवा क्लब क्रिकेटर था। वह देखने में भले ही कमजोर लगता था पर मन से काफी मजबूत था। उसमें जबरदस्त प्रतिभा थी। वह उस समय से ही विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों कर रहा था। थरूर ने कहा, मैंने तब सैमसन से कहा था कि वह अगला धोनी बनेगा। इस बात को जब मैंने गंभीर से कहा, तो उन्होंने कहा कि नहीं, नहीं, उसे अगला धोनी बनने की जरूरत नहीं है, वह अपने में ही विशेष है, उसे सैमसन ही बने रहना होगा। और से बात सही साबित हुई है। थरुर ने कहा, जब मैं उसके साथ दुख-सुख में, कठिन समय में था तो मुझे ऐसा महसूस हुआ कि अगर वह अपने को संभाल ले तो सब कुछ वापस आ जाएगा। उसके अंदर प्रतिभा शुरु से थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में जब उसने खेलना शुरू किया तो मैंने उसकी आंखों में गजब का आत्मविश्वास देखा था। उसी पल मुझ लगा कि वह आज आउट नहीं होने वाला। वह उस मैच में आउट ही नहीं हुआ और लगातार आगे बढ़ते रहा।

# आईपीएल से बाहर हुए सैम करन, राजस्थान रॉयल्स की मुश्किलें बढ़ीं



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स की टीम में शामिल इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन इस माह के अंत में शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से बाहर हो गये हैं। सैम के बाहर होने से रॉयल्स को करारा झटका लगा है। सैम के आने से माना जा रहा था कि रॉयल्स की गेंदबाजी और बल्लेबाजी मजबूत होगी पर ग्रोइन इंजरी के कारण वह भाग नहीं ले पायेंगे। ऐसे में रॉयल्स करन की जगह लेने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर सकती है।

रॉयल्स ने संजू सैमसन के बदले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से हुई ट्रेड डील में रविन्द्र जडेजा के साथ ही सैम को भी लिया था और अब ये फैसला उसके लिए नुकसानदायक साबित हो गया। सैम टी20 विश्व कप में भी इंग्लैंड टीम में शामिल थे।

सैम ने इससे पहले पंजाब किंग्स और सीएसके की ओर से खेला है। वह साल 2023 के इंडियन प्रीमियर लीग सत्र से पहले 18.5 करोड़ रुपए में बिके सबसे महंगे खिलाड़ी थे, उन्होंने साल 2020 और 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से था और गत सत्र से पहले 2.4 करोड़ रुपए में टीम में शामिल थे। उन्होंने 2025 में सीएके की ओर से पांच मैचों में 114 रन बनाने के साथ ही एक विकेट भी लिया था। वहीं भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी ने कहा था कि राजस्थान रॉयल्स को अनुभवी जडेजा या सैम में से किसी एक को कप्तान बनाना चाहिये था पर फ्रैंचाइजी ने युवा रियान पराग को कप्तान बनाया।

# सहवाग की तरह आक्रामकता को संतुलित करें अभिषेक : कुंबले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को सलाह दी है कि उन्हें लंबी पारी खेलने के लिए सही संतुलतन बनाना होगा। कुंबले के अनुसार अभिषेक को बल्लेबाजी के दौरान अपनी आक्रामकता पर नियंत्रण करना होगा ताकि वह जिम्मेदारी से अपनी भूमिक निभा सकें। इसके लिए उन्हें पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग की बल्लेबाजी देखनी चाहिये। जिस प्रकार सहवाग ने अपने करियर के दौरान आक्रामकता को संतुलित कर लंबी पारियां खेली हैं। वैसा ही अभिषेक भी कर सकता हैं। अभी वह अधिकतर अधिक जोखिम उठाकर रन टीम को तेज शानदार शुरुआत दिलाते हैं पर बड़ी पारी नहीं खेल पाते।

कुंबले ने कहा, मैं उनकी तुलना सहवाग जैसे खिलाड़ी से करूंगा क्योंकि वह भी हर गेंद को स्मैश करने की कोशिश करते थे। जब वह टेस्ट क्रिकेट से एकदिवसीय क्रिकेट और फिर टी20



में आए तो उन्हें अहसास हुआ कि उन्हें अपनी पारी की गति थोड़ी अलग तरह से तय करनी होगी। हालांकि सहवाग तब भी 140-150 के स्ट्राइक रेट से खेलते थे। अभिषेक को भी इसी प्रकार की नीति अपनानी होगी। उन्हें अपने से पूछना चाहिए, मैं 200 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहा हूं, मुझसे उम्मीदें लगी हुई हैं, तो क्या अब मुझे 300 के स्ट्राइक रेट से खेलना चाहिए या नहीं? आपको बस सामान्य रहना है। आपको ज्यादा से ज्यादा गेंदें खेलनी हैं। उन्होंने कहा, अगर वह किसी पारी में 20 गेंदें खेलते हैं तो करीब 50 रन तक पहुंच जाएंगे। हमने संजू सैमसन के साथ भी ऐसा ही देखा है, वह 40 या 50 के स्कोर पर आउट नहीं होते बल्कि पारी को और आगे ले जाकर 85-90 के स्कोर तक पहुंचते हैं और अपनी पारी को यादगार बनाते हैं। कुंबले ने कहा, टी20 प्रारूप में आपको इसी तरह की ही बल्लेबाजी की जरूरत होती है। हो सकता है अभिषेक इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए बदलाव लाये।

गौरतलब है कि अभिषेक टी20 विश्व कप में अधिक सफल नहीं रहे और केवल दो बार ही 50 रनों से अधिक बना पाये। अब वह 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलते नजर आएंगे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने भी कहा कि उन्हें अपनी निरंतरता पर काम करने की जरुरत है। इसका कारण है कि उनसे टीम को काफी उम्मीदें रहेंगी। उन्होंने कहा, वह अब 25 साल का है, 20 का नहीं। इसलिए यह निश्चित रूप से वह दौर है जब उसे ज्यादा जिम्मेदारी लेनी शुरू कर देनी चाहिए। मीडिया का दबाव होगा और लोग उससे और अधिक अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे। डिविलियर्स ने कहा, हम जानते हैं कि टी20 विश्व कप के दौरान उसका प्रदर्शन थोड़ा ऊपर-नीचे रहा था, जो निराशाजनक था। फाइनल में उसने अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन इसके अलावा उसके लिए यह टूर्नामेंट इतना अच्छा नहीं रहा।

## सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर एडवर्ड्स चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर हुए

नई दिल्ली । सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में शामिल ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र से बाहर हो गये है । एडवर्ड्स को सनराइजर्स ने नीलामी में 3 करोड़ रुपए में खरीदा था । इस ऑलराउंडर ने अब तक अपने करियर में ऑस्ट्रेलिया की ओर से केवल एक मैच खेला है जिसमें उन्होंने पांच रन बनाए हैं । इस खिलाड़ी ने 77 टी20 मैचों में 57 पारियां खेलते हुए 853 रन बनाने के साथ ही 52 विकेट भी लिए हैं । एडवर्ड्स का प्रदर्शन बिग बैश लीग (बीबीएल) में काफी अच्छा रहा था । उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए 13 मैचों में 19 विकेट लिए और 133 रन बनाए । एडवर्ड्स के बाहर होने के बाद अब उनकी जगह टीम किसे रखती है ये देखना होगा । टीम के नियमित कप्तान ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस भी अब तक फिट नहीं होने के कारण शुरुआती सत्र से बाहर हैं, ऐसे में एडवर्ड्स का बाहर होना उसके लिए दूसरा झटका है । इसी कारण शुरुआती मैचों में ईशान किशन टीम की कप्तानी करेंगे । सनराइजर्स हैदराबाद का पहला मुकाबला 28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा ।

# आयरलैंड के स्टर्लिंग ने टी20 कप्तानी छोड़ी, एकदिवसीय में बने रहेंगे

डबलिन (ईएमएस) । आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने टी20 विश्वकप की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है हालांकि वह एकदिवसीय प्रारुप में कप्तान बने रहेंगे । स्टर्लिंग ने कहा कि उनका लक्ष्य 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में अपनी जगह पक्की रना रहेगा । इसी लिए वह टी20 प्रारुप की कप्तानी छोड़ रहे हैं । स्टर्लिंग ने कहा, इस प्रारुप में आयरलैंड की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है और मुझे ऐसा करने पर बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है । अपने देश की कप्तानी करना सम्मान की बात है जिसके साथ आप पर जिम्मेदारी भी आती है । कप्तानी करते हुए मुझे जो विश्वास और समर्थन मिला, उसके लिए मैं बहुत आभारी हू । उन्होंने कहा, हालांकि मैं टी-20 कप्तानी छोड़ रहा हू, फिर भी मैं आयरलैंड टीम के प्रति पूरी तरह समर्पित हू और एकदिवसीय कप्तान के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभाता रहूंगा । एक खिलाड़ी के तौर पर मुझमें अभी भी बहुत अधिक जुनून है और मुझे लगता है कि टी20 प्रारुप की कप्तानी छोड़ने के बाद मैं और बेहतर तरीके से एकदिवसीय प्रारुप पर ध्यान दे सकूंगा । स्टर्लिंग ने 48 टी-20 मैचों में आयरलैंड की कप्तानी की है जिसमें से 20 मैच वह जीते और 26 हारे हैं । वहीं दो मैचों का कोई परिणाम नहीं आया । उन्हें साल 2023 में एंडी बालबर्नी के कप्तानी छोड़ने के बाद कप्तान बनाया गया था ।

# केकेआर का कोच अभिषेक ने हौंसला बढ़ाया, चौथी बार खिताब जीतने उतरे टीम

कोलकाता । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने यहां अभ्यास सत्र में टीम का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि उसे इस बार खिताब जीतने के इरादे से उतरना चाहिये । नायर ने कहा कि टीम के पास चौथी बार इस खिताब को जीतने के लिए सभी



जरुरी कौशल हैं। टीम के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज है केवल उसे एकजुट होकर खेलना है। तीन बार की आईपीएल विजेता केकेआर अपने अभियान की शुरुआत 29 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से करेगी। केकेआर के एक वीडियो में नायर ने कहा, 'हमने काफी तैयारी की है जिसे अब अमल में लाने का समय आ गया है पिछले कुछ महीनों में हमने अपने कौशल को निखारा है । हमने पर पक्ष को लेकर बात की है । अब हमें केवल इस बात का ध्यान रखना है कि हम किस प्रकार से मानसिक रुप से तैयार होते हैं । हमें मैदान पर बिताया हर पल, का लाभ उठाना होगा ।' उन्होंने कहा, 'हमें बस एक काम करना है कि जीत का लक्ष्य लेकर उतरना है । हमें वह चौथा खिताब हासिल करना है जिसके लिए हमें तैयार रहना होगा । हम हर चीज के लिए तैयार ।' नायर ने इस अवसर पर यहायक कोच शेन वॉटसन और फील्डिंग कोच दिशंत याग्निक का भी टीम में स्वागत किया। ये दोनो ही इस सत्र में सहयोगी स्टाफ का हिस्सा बने हैं । साथ ही कहा कि हर कोई शेन वॉटसन को एक खिलाड़ी के तौर पर जानता है पर मैं उन्हें एक ऐसे इंसान के तौर पर जानता हू, जिसने उनके नेतृत्व में एक खिलाड़ी के तौर पर खेला है । केकेआर ने साल 2024 में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था पर साल 2025 में आजिंक्य रहाणे की कप्तानी में टीम असफल रही थी । इस बार भी हालांकि रहाणे ही कप्तान रहेंगे ।

# भारत की अंडर 20 महिला टीम एशियाई कप खेलने थाईलैंड पहुंची, दो दशक बाद किया क्वालीफाई

**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत की 24 सदस्यीय अंडर 20 महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप से पहले पंद्रह दिन के अनुकूलन शिविर में भाग लेने शुक्रवार को यहां पहुंच गई।

भारतीय टीम ने दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। यह टीम दो अप्रैल को जापान के खिलाफ ग्रुप सी के पहले मुकाबले से पूर्व13 दिन अनुकूलन शिविर में भाग लेगी। भारत को पांच अप्रैल को आस्ट्रेलिया से और आठ अप्रैल को चीनी ताइपै से खेलना है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली टीमें पोलैंड में इस साल होने वाले फीफा अंडर 20 विश्व कप में जगह बनाएंगी।



भारतीय टीम ने इंडियन वुमैंस लीग के पहले चरण के बाद बेंगलुरू में स्वीडिश कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में अभ्यास किया है। इसके अलावा स्वीडन में एक महीने का अभ्यास शिविर भी लगा था। भारत ने स्वीडन की सीनियर टीम के खिलाफ पांच दोस्ताना मैच भी खेले। यूरोप से आने के बाद टीम ने कोलकाता में अभ्यास शिविर में भी भाग लिया।

**भारतीय टीम**

गोलकीपर : मोनालिसा देवी एम, नंदिनी, रिबांसी जामू

डिफेंडर : अलका इंदवार, सिंडी आर कोलनी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रूचि यादव, सहीना टीएच, शुभांगी सिंह, टी चानू तोइज़ाम

मिडफील्डर : अंजू चानू कायेनपेइबाम, अरिना देवी एन, भूमिका देवी, मोनिशा सिंघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी

फॉरवर्ड : बबीता कुमारी, दीपिका पाल, लिंगदेइकिम, शिलजी शाजी, सिबानी देवी एन, सुलांजना राउल

# कजाकिस्तान की मेजबानी कर रहा है हॉकी इंडिया



नई दिल्ली । हॉकी इंडिया ने कजाकिस्तान की सीनियर पुरुष हॉकी टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया । यह टीम अभी भारत में है और 10 से 21 मार्च, 2026 तक हरियाणा के सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण (स्न्न्ब्) के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र में एक हाई-परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा ले रही है। यह कैंप आने वाले एशियन गेम्स क्वालिफायर्स 2026 की तैयारियों का हिस्सा है । भारत के सबसे बेहतरीन हॉकी ट्रेनिंग केंद्रों में से एक में आयोजित यह कैंप, विश्व-स्तरीय सिंथेटिक टर्फ, आधुनिक कंडीशनिंग सुविधाएँ और एक बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल प्रदान करता है। यह कजाकिस्तान को एक अहम कॉन्टिनेंटल मुकाबले से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर बनाने के लिए एक आदर्श मंच देता है । यह पहल भारत सरकार, युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के उस विजन के अनुरूप है, जिसके तहत अंतरराष्ट्रीय टीमों की मेजबानी और उन्हें सहयोग देकर देश को खेल उत्कृष्टता के एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके । यह ओलंपिक आंदोलन के सिद्धांतों को भी दर्शाता है, जो सीमाओं के पार सहयोग और एथलीटों के विकास को बढ़ावा देता है । भारत में अभ्यास करने के बारे में बात करते हुए, कज़ाकिस्तान की कोच ओल्गा उरमानोवा ने कहा, ' 'हमें भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र, सोनीपत में आकर बहुत खुशी हुई है । यहां हमारी टीम का बहुत ही मेहमाननवाज तरीके से स्वागत किया गया है । कुल मिलाकर, भारत में हॉकी का स्तर बहुत ऊँचा है, और यही वजह है कि हमने यहां आने का फैसला किया-ताकि हम सीख सकें, यहाँ के माहौल में ढल सकें और आगे बढ़ सकें । हीरो एशिया कप 2025 के दौरान बिहार के राजगीर में खेलने के बाद, यह हमारी भारत की दूसरी यात्रा है, और एक बार फिर, हमारा अनुभव अमूल्य रहा है ।'

# अभ्यास मैच में शमी, आवेश ने खोले हाथ, ऋषभ का आक्रामक अंदाज

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम ने गुरुवार को यूपी 20 लीग की टीम काशी रुद्रा के साथ अभ्यास मैच में अपने हाथ खोले।स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट अकादमी के मैदान पर एलएसजी बनाम केआर इलेवन अभ्यास मैच खेला गया जिसमें तेज गेंदबाज मो. शमी, मोहसिन खान, आवेश खान और बल्लेबाज मुकुल चौधरी काशी रुद्रा के खिलाड़ियों के साथ खेले। जबकि कप्तान ऋषभ पंत दोनों टीमों से बैटिंग करने उतरे। पहले बल्लेबाजी करने आई एलएसजी की टीम से ऋषभ पंत, अर्शीन कुलकर्णी और शहबाज अहमद ने आक्रामक पारी खेली। केआर इलेवन की ओर से मो. शमी,



आवेश खान और मोहसिन ने अपनी स्विंग और बाउंसर से चकित किया। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत व मुकुल चौधरी और काशी रुद्रा के शुभम व अभिषेक ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और मैदान के चारों ओर शॉट लगाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। एलएसजी की ओर से मयंक यादव, दिग्वेश राठी, शहबाज, अर्जुन ने बेहतरीन गेंदबाजी की। एलएसजी के खिलाड़ियों को खेलते देख अकादमी के नन्हें क्रिकेटर भी चीयर करने पहुंचे। कुछ खिलाड़ियों ने बच्चों को आटोग्राफ भी दिए और फोटोज खिंचवाई। टीम प्रबंधन के मुताबिक लखनऊ सुपर जायंट्स के सभी भारतीय खिलाड़ी पहले ही टीम से जुड़ चुके हैं, शुक्रवार से ओवरसीज खिलाड़ियों का आना भी शुरू हो जाएगा। इसके बाद अभ्यास में और तेजी आएगी।

# रोहित, धोनी सहित ये खिलाड़ी एक बार भी नहीं हासिल कर पाये ऑरेंज कैप

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल का 19 वां सत्र इस माह के अंत में शुरु होने जा रहा है। जिसमें दस टीमो के बीच खिताब मुकाबला होगा। इस दौरान सबसे अधिक रनों के लिए बल्लबाज को ऑरेंज कैप दी जाती है। रोहित शर्मा,महेन्द्र सिंह धोनी सहित कई बल्लेबाज ऐसे भी रहे हैं जो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने के बाद भी कभी ऑरेंज कैप नहीं जीत पाए। इसका कारण ये ही है कि ये बल्लेबाज एक सत्र में रनों के मामले में नंबर एक पर नहीं रहे।

**रोहित शर्मा**

रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने पांच बार खिताब जीता है। वह आईपीएल इतिहास में विराट कोहली 8661 के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं इसके बाद भी उन्हें आज तक ऑरेंज कैप नहीं मिली है। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 272 मैच खेलकर 7046 रन बनाए हैं, मगर फिर भी कभी ऑरेंज कैप नहीं जीती। रोहित का लक्ष्य इस बार अधिक से अधिक रन बनाकर ये खिताब जीतना रहेगा।

**महेन्द्र सिंह धोनी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पांच बार खिताब जिताने वाले पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने भी आईपीएल में 5439 रन बनाये हैं। उन्होंने कई मौकों पर सीएसके को हारी हुई बाजी जिताई है, मगर वह कभी भी ऑरेंज कैप नहीं जीत पाए है।

**सुरेश रैना**

चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज सुरेश रैना ने भी भी अपने आईपीएल करियर में 200 से अधिक मैच खेले, मगर कभी एक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप नहीं जीत पाए। रैना ने 205 आईपीएल मैचों मं 5528 रन बनाए मगर कभी ऑरेंज कैप नहीं जीत पाए।

**शिखर धवन**

शिखर धवन ने भी आईपीएल में काफी रन बनाये है मगर कभी वह ऑरेंज कैप नहीं जीत पाए। शिखर धवन ने अपने आईपीएल करियर में मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और पंजाब जैसी टीमों के लिए खेला। वह 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद में रहते हुए ट्रॉफी उठाने में भी सफल रहे। धवन ने 222 आईपीएल मैच खेलकर 6769 रन बनाए मगर एक सत्र में नंबर एक न होने के काण ऑरेंज कैप नहीं जीत पाए।

**एबी डी विलियर्स**

दिल्ली कैपिटल्स (दिल्ली डेयरडेविल्स पुराना नाम) से आईपीएल में डेब्यू करने वाले एबी डी विलियर्स डी वीलियर्स पहले तीन साल दिल्ली के लिए खेलने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलने लगे। इस लीग में 14 सत्र खेलकर डी विलियर्स ने 5000 से अधिक रन बनाये पर कभी ऑरेंज कैप




नहीं जीत पाए। एबी डी विलियर्स ने अपने आईपीएल करियर में कुल 5162 रन बनाए थे।

# भारत 2028 विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

नयी दिल्ली । भारत 2028 विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा । ये खेल ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित किये जाये । भारत की मेजबानी वाली बोली को विश्व एथलेटिक्स परिषद की गुरुवार को पोलैंड के टोरून में हुई बैठक में मंजूरी दी । इससे पहले जनवरी में वर्ल्ड एथलेटिक्स की टीम ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया था । भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने जनवरी 2026 में इस चैंपियनशिप के लिए अपनी बोली पेश की थी । इसके तुरंत बाद, उसी महीने वैश्विक एथलेटिक्स संस्था की दो-सदस्यीय टीम ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम परिसर में स्थित इंडोर सुविधा का दौरा किया था। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस घटनाक्रम पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'यह जानकर बहुत खुशी हुई कि ओडिशा का भुवनेश्वर 2028 विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप की मेज़बानी करेगा ।' भारत इस चैंपियनशिप की मेज़बानी करने वाला चौथा एशियाई देश बन जाएगा। जापान (1999), कतर (2010) और चीन (2025) अन्य एशियाई देश हैं जिन्होंने इस प्रतियोगिता की मेजबानी की है ।

# नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एआई निगरानी और क्यूआर एंट्री सिस्टम लागू होगा : अश्विनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को रेल भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर यात्रियों की सुविधाओं, सुरक्षा और स्टेशन प्रबंधन से जुड़े उपायों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सुधारों की शुरूआत करते हुए इन्हें समयबद्ध तरीके से लागू करने के निर्देश दिए।




रेल मंत्रालय के अनुसार बैठक में स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन, प्रवेश नियंत्रण, तकनीक आधारित निगरानी और यात्री सुविधा बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। ये सभी सुधार पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लागू किए जाएंगे और बाद में अन्य स्टेशनों पर विस्तार किया जाएगा। स्टेशन परिसर में एआई आधारित कैमरा नेटवर्क स्थापित किया जाएगा, जो प्लेटफॉर्म, प्रवेश-निकास द्वार और संवेदनशील क्षेत्रों की चौबीसों घंटे निगरानी करेगा। एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां एआई के जरिए असामान्य गतिविधियों की तुरंत पहचान कर अलर्ट जारी किया जाएगा। आरपीएफ की तैनाती भी बढ़ाई जाएगी।

स्टेशन पर कार्यरत सभी रेलवे और गैर-रेलवे कर्मचारियों के लिए रंग-कोडेड फ्लोरोसेंट जैकेट और अनिवार्य पहचान पत्र लागू किए जाएंगे, जिससे यात्रियों और सुरक्षा एजेंसियों को कर्मचारियों की पहचान में आसानी होगी। दीपावली और छठ पूजा के दौरान संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर क्यूआर कोड आधारित प्रवेश प्रणाली शुरू की जाएगी। इससे केवल वैध टिकटधारकों को ही स्टेशन में प्रवेश मिलेगा और भीड़ को नियंत्रित किया जा सकेगा।

यात्रियों को बेहतर अंतिम मील कनेक्टिविटी देने के लिए रेलवन ऐप को भारत टैक्सी के साथ जोड़ा जाएगा। यह पहल स्टेशन के बाहर अव्यवस्था कम करने और पारदर्शी परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने में मदद करेगी। देश के 76 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया विकसित किए जा रहे हैं, जहां अनारक्षित यात्री नियंत्रित तरीके से प्लेटफॉर्म पर प्रवेश कर सकेंगे।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने नीम करौरी बाबा आश्रम पहुंचकर माथा टेका

**मथुरा :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को वृंदावन में बाबा नीम करौरी आश्रम पहुंची और बाबा की समाधि पर माथा टेका। राष्ट्रपति ने यहां हनुमानजी की आराधना की। इस दौरान राष्ट्रपति में गंभीर और भक्ति व अध्यात्म के रंग में सराबोर दिखीं। संत प्रेमानंद महाराज से एकांत में वार्ता के बाद राष्ट्रपति का काफिला रेडिशन होटल से आश्रम के देवी मंदिर मार्ग से पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद राधाकृष्ण पाठक, देवेन्द्र कुमार शर्मा और ग्रुप कैप्टन (से.नि.) संदीप भटेले ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल सीधे हनुमान मंदिर पहुंचीं। यहां मुख्य पुजारी रामरूप और टीसी शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। राष्ट्रपति ने न केवल विधि-विधान से आरती की बल्कि मंदिर की परिक्रमा कर देश की सुख-समृद्धि की कामना की। हनुमान मंदिर में दर्शन के पश्चात राष्ट्रपति बाबा नीम करौरी की समाधि स्थल पहुंचीं।

## टाटा स्टील ने भारत में अपने पहले स्क्रैप आधारित इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस का किया उद्घाटन



एजेंसी

**मुंबई :** टाटा स्टील ने सतत इस्पात निर्माण की दिशा में अपनी यात्रा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए लुधियाना के हाई-टेक वैली में अपने स्क्रैप-आधारित इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस प्लांट की शुरूआत की। लगभग ₹3,200 करोड़ के निवेश से निर्मित इस प्लांट की वार्षिक उत्पादन क्षमता 0.75 मिलियन टन है। यह अत्याधुनिक प्लांट प्रति टन स्टील उत्पादन पर $CO_2$ उत्सर्जन को 0.3 टन से कम रखने के लिए डिजाइन किया गया है, जो 2045 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने की टाटा स्टील की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एस. भगवंत सिंह मान, पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री और एन. चंद्रशेखरन, चेयरमैन, टाटा स्टील ने टी. वी. नरेंद्रन, सीईओ एवं प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील तथा अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ इस समारोह की शोभा बढ़ाई। एन. चंद्रशेखरन, चेयरमैन, टाटा स्टील ने कहा, जैसे-जैसे भारत जलवायु-संवेदनशील भविष्य की ओर अपने कदम बढ़ा रहा है, सस्टेनेबिलिटी एक राष्ट्रीय अनिवार्यता बन गई है–जिसके लिए त्वरित और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। टाटा स्टील का लुधियाना इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस, एक हरित और अधिक रेसिलिएंट औद्योगिक भविष्य के निर्माण के प्रति टाटा समूह की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

टी. वी. नरेंद्रन, सीईओ एवं प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील ने कहा, लुधियाना ईएएफ, 2045 तक नेट जीरो हासिल करने की दिशा में टाटा स्टील की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह दशार्ता है कि टाटा स्टील सर्कुलर इकोनॉमी के लिए पूंजी निवेश को किस तरह नए दृष्टिकोण से देख रही है–ऐसी तकनीकों को बढ़ावा देकर जो संसाधनों की खपत को कम करती हैं और साथ ही वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी बनी रहती हैं। हम पंजाब सरकार के निरंतर सहयोग और साझेदारी के लिए आभारी हैं और स्थानीय समुदायों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। लो-कार्बन स्टील मेकिंग को समर्थन देने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया यह प्लांट लगभग 50% नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करेगा।







नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**